# उत्तर प्रदेश पी.सी.एस.
# मुख्य परीक्षा
# सामान्य अध्ययन
# हल प्रश्न-पत्र
## (General Studies Solved Papers)


**प्रधान सम्पादक**
आनन्द कुमार महाजन

**सम्पादन एवं संकलन**
यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**टिप्पणी एवं व्याख्याकार**
चन्द्रकांत पाण्डेय, संदीप मिश्रा

**आंतरिक सज्जा**
बालकृष्ण एवं चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**
यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स
12, चर्च लेन, इलाहाबाद-2
9415650134
**Email : yctap12@gmail.com**
website : **www.yctbooks.com**

**प्रकाशन घोषणा**
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, इलाहाबाद के लिए प्रकाशित किया।



सम्प्रति सामग्री पूर्णतः संशोधित एवं परिमार्जित है फिर भी कतिपय त्रुटि एवं सुझाव हेतु सम्पादकीय कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

# विषय सूची

## सामान्य अध्ययन हल प्रश्न-पत्र I एवं II


■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2002 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........................................... 1-21
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2003 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........................................... 22-39
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2004 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........................................... 40-58
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2004 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........................................ 59-80
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा विशेष, 2004 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.............................. 81-95
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा विशेष, 2004 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल.......................... 96-113
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2005 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 114-134
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2005 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 135-160
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2006 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 161-178
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2006 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 179-200
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2007 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 201-216
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2007 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 217-235
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2008 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 236-255
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2008 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 256-275
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा विशेष, 2008 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल........................... 276-288
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा विशेष, 2008 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल........................ 289-306
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2009 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 307-319
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2009 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 320-336
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2010 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 337-353
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2010 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 354-370
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2011 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 371-386
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2011 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 387-404
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2012 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 405-419
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2012 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 420-438
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2013 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 439-454
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2013 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 455-474
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2014 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 475-490
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2014 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 491-506
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2015 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 507-521
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2015 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 522-540
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2016 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 541-557
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2016 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 558-580
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2017 सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न-पत्र का हल.................................... 581-600
■ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा, 2017 सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्न-पत्र का हल................................. 601-622

# उत्तर प्रदेश पी. सी. एस. (मुख्य) परीक्षा, 2002
# सामान्य अध्ययन
## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल
## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### वैदिक सभ्यता

**1. सर्वाधिक ऋग्वैदिक सूक्त समर्पित है–**
(a) अग्नि को (b) इन्द्र को
(c) रुद्र को (d) विष्णु को
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–ऋग्वेद, चारों वेदों में सबसे प्राचीन माना जाता है। इसमें 1028 सूक्त हैं। इसमें इन्द्र के लिए 250 सूक्त समर्पित किए गये हैं। इन्द्र आकाशीय देवताओं में प्रमुख स्थान रखते हैं, ये तूफान और मेघ के देवता माने जाते हैं पुरों को नष्ट करने के कारण उन्हें पुरन्दर कहा जाता है। इसके बाद वरुण का स्थान आता है। ये या तो इन्द्र के समकक्ष थे या दूसरे स्थान पर आते हैं। अग्नि का भी स्थान ऋग्वैदिक देवताओं में प्रमुख है। इनके लिए 200 सूक्त समर्पित है, व देवताओं और मनुष्यों के बीच मध्यस्थ है। क्योंकि वे यज्ञ में अर्पित सामग्री को स्वीकार करके देवताओं तक पहुँचाते हैं। रुद्र भी एक महत्वपूर्ण देवता हैं, ये झंझा (आंधी) के प्रतीक हैं। विष्णु का भी उल्लेख ऋग्वेद में हुआ है, किन्तु उस समय इनका इतना महत्व नहीं था।
**(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी. श्रीवास्तव)**

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल एवं संगम काल

**2. शिलप्पादिकारम् का लेखक था–**
(a) इलंगो (b) परणर
(c) करिकाल (d) विष्णुस्वामिन
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–शिलप्पादिकारम्, संगम साहित्य का महत्वपूर्ण महाकाव्य है। इसका लेखक महान चोल नरेश करिकाल का पौत्र इलंगोवदिगल था। यह बहुत यथार्थवादी ग्रन्थ है, इसमें पुहार या कावेरी पत्तनम के एक धनाढ्य व्यापारी के पुत्र कोवलन और उसकी सुन्दर, पर अभागी पत्नी कन्नगी से सम्बन्धित बहुत दुखद एवं मार्मिक कथा का वर्णन है। इसी ग्रंथ में उल्लेख मिलता है कि श्रीलंका का राजा गजबाहु I, चेर नरेश शेनगुट्टुवन द्वारा कौमार्य की देवी कन्नगी के एक मंदिर की स्थापना के अवसर पर उपस्थित था। श्रीलंका नरेश गजबाहु I दूसरी शताब्दी ई. के उत्तरार्द्ध में शासन कर रहा था। विष्णु स्वामिन संत थे उन्होंने शुद्धाद्वैतवाद की स्थापना की।
**(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी. श्रीवास्तव)**

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**3. भारतीय कला में बुद्ध के जीवन की किस घटना का चित्रण 'मृग सहित चक्र' द्वारा हुआ है?**
(a) महाभिनिष्क्रमण (b) संबोधि
(c) प्रथम उपदेश (d) निर्वाण
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–महात्मा बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक ग्राम में शाक्य क्षत्रिय कुल में 563 ई. पू. में हुआ। इनके पिता शुद्धोधन शाक्य-गण के मुखिया थे। माता महामाया कोलिय वंश की थी सांसारिक समस्याओं से व्यथित होकर सिद्धार्थ ने 29 वर्ष की अवस्था में गृहत्याग दिया। इस त्याग को बौद्ध धर्म में महाभिनिष्क्रमण कहा जाता है। गृहत्याग के बाद 35 वर्ष की अवस्था में वैशाख पूर्णिमा की रात एक पीपल वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को ज्ञान (संबोधि) की प्राप्ति हुई। उसके बाद सारनाथ के ऋषिपत्तन या मृगदाव में 5 ब्राह्मण सन्यासियों को अपना पहला उपदेश दिया तथा 483 ई. पू. में 80 वर्ष की अवस्था में इनकी मृत्यु हुई जिसे बौद्ध धर्म में महापरिनिर्वाण कहा जाता है। **(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी.श्रीवास्तव)**

**4. कामरूप में वैष्णव धर्म को लोकप्रिय बनाया–**
(a) चैतन्य ने (b) निम्बार्क ने (c) रामानन्द ने (d) शंकरदेव ने
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–कामरूप (असम) में वैष्णव धर्म को लोकप्रिय बनाने वाले शंकरदेव थे। इनका समय 1449-1568 ई. तक था। इनका सन्देश विष्णु या उनके अवतार कृष्ण के प्रति भक्ति पर केन्द्रित था। एकेश्वरवाद इनकी शिक्षाओं का सार था। इनके द्वारा स्थापित सम्प्रदाय एक शरण सम्प्रदाय के रूप में प्रसिद्ध हुआ। शंकरदेव मूर्तिपूजा और कर्मकाण्ड दोनों के विरोधी थे। वे अकेले कृष्णमार्गी वैष्णव संत थे, जो मूर्ति के रूप में कृष्ण की पूजा के विरोधी थे। असम के महानतम वैष्णव संत होने के कारण, ये असम के चैतन्य के रूप में प्रसिद्ध हैं निम्बार्काचार्य ने द्वैतवाद की स्थापना की। रामानन्द उत्तर भारत के प्रथम महान भक्तिकालीन संत थे। चैतन्य कृष्ण भक्ति सम्प्राय के एक महान संत और गौड़ीय धर्म के संस्थापक थे।
**(स्रोत–मध्यकालीन भारत-एल.पी. शर्मा)**

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**5. जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, जिस प्रथम शासक ने गिरनार क्षेत्र में एक झील का निर्माण करवाया, वह था–**
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) अशोक (c) रुद्रदामन (d) स्कन्दगुप्त
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य ने एक झील का निर्माण कराया था। गुजरात में गिरनार के निकट अत्यन्त प्रसिद्ध सुदर्शन झील का निर्माण चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रान्तीय राज्यपाल पुष्यगुप्त द्वारा किया गया था, जबकि अशोक के समय के राज्यपाल तुषास्फ द्वारा इस झील में से सहायक नहरें निकाली गई थी गुप्त शासक स्कन्दगुप्त न केवल एक योग्य सैन्य संचालक था अपितु एक आदर्श प्रशासक भी था। उसके जूनागढ़ अभिलेख से पता चलता है, कि उसने सुराष्ट्र प्रान्त में पर्णदत्त को अपना राज्यपाल नियुक्त किया। इस लेख में प्रशासक चक्रपालित द्वारा सुदर्शन झील के बांध के पुनर्निर्माण का वर्णन है।
**(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी. श्रीवास्तव)**

### गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तरकाल

**6. एक चालुक्य अभिलेख के तिथि अंकन में शक संवत् का वर्ष 556 दिया हुआ है। इसका तुल्य वर्ष है–**
(a) 478 ई. (b) 499 ई. (c) 613 ई. (d) 634 ई.
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–प्रश्न में चालुक्य अभिलेख की तिथि 556 शक संवत् दिया गया है। जैन ग्रंथों के अनुसार विक्रमादित्य (57 ईसा पूर्व) के **उत्तर**ाधिकारी को उसके 135वें वर्ष में शकों ने पराजित कर उसके राज्य पर अधिकार कर लिया। इस विजय के उपलक्ष्य में उन्होंने संवत् चलाया, जिसे शक संवत् कहा जाता है। इस प्रकार शक संवत् की प्रारम्भिक तिथि 135-57=78 ईस्वी निकलती है। कुछ विद्वान इसका प्रवर्तक किसी शक शासक को मानने के पक्ष में है, किन्तु अधिकाशंतः यही स्वीकार करते हैं कि प्रसिद्ध कुषाण शासक कनिष्क ही इसका प्रवर्तक है। इस हिसाब से जब चालुक्य अभिलेख की तिथि की जानकारी ई. में करते हैं (78 + 556 = 634 ई.)। इस प्रकार चालुक्य की उक्त तिथि 634 ई. हुई। **(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी. श्रीवास्तव)**

## 800 ई. से. 1200 ई. तक की राजनैतिक-सामाजिक स्थिति

**7. बौद्ध, हिन्दू एवं जैन शैल कृत्त गुहायें एक साथ विद्यमान हैं–**

(a) अजन्ता में (b) एलीफैंटा में (c) एलोरा में (d) कार्ले में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–एलोरा में बौद्ध, हिन्दू एवं जैन शैल कृत गुहायें एक साथ विद्यमान हैं। इन गुहाओं का निर्माण राष्ट्रकूट शासकों ने 750 ई. से 950 ई. के मध्य करवाया था। यहाँ बौद्ध, चैत्य एवं बिहार, हिन्दू मंदिर और जैन देवालय, कुल मिलाकर 34 की संख्या में पर्वतों को तराश कर बनाये गये हैं।
**(स्रोत–भारतीय कला एवं पुरातत्व-जे.एन. पाण्डे)**

**8. प्राचीन भारत के एक महान शिक्षा केन्द्र, विक्रमशिला महाविहार की स्थापना की थी–**

(a) कुमारगुप्त ने (b) हर्ष ने (c) धर्मपाल ने (d) लक्ष्मणसेन ने

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–बिहार प्रांत के भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला, नालन्दा के ही समान एक ख्याति प्राप्त शिक्षा केन्द्र रहा। इसकी स्थापना पाल नरेश धर्मपाल (775-800ई.) ने करवायी थी। उसने यहाँ मंदिर तथा मठ बनवाये तथा उन्हें उदारतापूर्वक अनुदान दिया। यहाँ 160 विहार तथा व्याख्यान के लिए अनेक कक्ष बने हुए हैं। धर्मपाल के उत्तराधिकारी तेरहवीं सदी तक इसे राजकीय संरक्षण प्रदान करते रहे। परिणामस्वरूप विक्रमशिला लगभग चार शताब्दियों से भी अधिक समय तक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बना रहा। आचार्यों में दीपंकर श्रीज्ञान का नाम सर्वाधिक उल्लेखनीय है जो इस विश्वविद्यालय के कुलपति थे। ये हीनयान, महायान, वैशेषिक तथा तर्कशास्त्र के विद्वान और तिब्बती बौद्ध धर्म के महान लेखक थे। **(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी. श्रीवास्तव)**

# मध्यकालीन इतिहास

## भक्ति आन्दोलन

**9. निम्नलिखित में से कौन वारकरी सम्प्रदाय का संत था?**

(a) निम्बार्क (b) चक्रधर (c) नामदेव (d) रामदास

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–वारकरी संप्रदाय की स्थापना नामदेव ने की थी। वे महाराष्ट्र के संत थे। और उनका समय 1270 ई. से 1350 ई. तक था। वह जाति के दर्जी थे, और सभी प्रकार के जातिगत भेद-भाव का विरोध करते थे। इनके आराध्य देव पंढरपुर के विठोवा या विट्ठल (विष्णु के रूप) थे। विठोवा या विट्ठल के उपासकों को वारकरी सम्प्रदाय के नाम से जाना जाता है। रामदास (1608 ई. से 1681ई. तक) महाराष्ट्र के अंतिम महान संत कवि थे। दासबोध उनकी रचनाओं एवं उपदेशों का संकलन है। ये शिवाजी के गुरु भी थे। अन्य वारकरी संतों में एकनाथ और तुकाराम का नाम आता है। मध्वाचार्य (1199ई. से 1278 ई. तक) 13वीं सदी के महान संत थे जिन्होंने द्वैतवाद की स्थापना की, ये एकेश्वरवाद में विश्वास करते थे।
**(स्रोत–यूनीक-दिल्ली प्रकाशन)**

## मुगल साम्राज्य

**10. निम्नलिखित में से किसने यह आज्ञा दी थी कि आदमी को एक ही स्त्री से विवाह करना चाहिए और वह तभी दूसरा विवाह कर सकता है जब उसकी पत्नी बंध्या हो?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) शेरशाह
(c) अकबर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–अकबर ने कुछ सामाजिक परम्पराओं और व्यक्तिगत मान्यताओं पर अंकुश अवश्य लगाया। परन्तु उसने यह कार्य सुधार की दृष्टि से किया। उदाहरण के तौर पर उसने आज्ञा दी, कि आदमी को एक-ही स्त्री से विवाह करना चाहिए। वह तभी दूसरा विवाह कर सकता है। जब उसकी पहली पत्नी बन्ध्या हो। उसने हिन्दू विधवाओं को पुनर्विवाह करने का अधिकार दे दिया, बलपूर्वक स्त्रियों के सती होने पर रोक लगा दी। निकट के सम्बन्धियों में विवाह करने पर रोक लगायी। 16 वर्ष से कम आयु के लड़के और 14 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह करने और शराब पीने पर रोक लगायी, तथा वेश्याओं को नगर में रहने के लिए अलग स्थान दिया गया।
**(स्रोत–मध्यकालीन भारत-एल.पी. शर्मा)**

**11. इंग्लैण्ड की रानी एलिजाबेथ-प्रथम का समकालीन भारतीय राजा था–**

(a) अकबर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) बहादुरशाह

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–एलिजाबेथ प्रथम का समय 1533 ई. से 1603 ई. तक रहा। यह हेनरी अष्टम तथा एनीवोनीन की पुत्री थी, जो 1558 ई. से 1603 तक इंग्लैण्ड की महारानी रहीं। स्पेनिश आर्मेडा की पराजय (1588) इसी के शासन में हुई। महान साहित्यकार शेक्सपीयर इसके राज्यकाल में ही था। भारत में उस समय अकबर का साम्राज्य था। अकबर 1556 ई. में दिल्ली की गद्दी पर बैठा और 1605 ई. तक भारत का शासक रहा। यही समय एलिजाबेथ का भी है। एलिजाबेथ के ही समय में 1600 ई. में ईस्ट इंडिया की स्थापना हुई थी।
**(स्रोत–मध्यकालीन भारत- एल.पी. शर्मा)**

**12. जैन साधु, जो अकबर के दरबार में कुछ वर्ष रहा और जिसे जगद्गुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया, वह था–**

(a) हेमचन्द्र (b) हीरविजय सूरि
(c) जिनसेन (d) उमास्वाति

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–बादशाह अकबर जैन धर्म के विद्वानों के सम्पर्क में बहुत पहले ही आ गया था। कहा जाता है कि 1568 ई. में उसने जैन धर्म के दोनों पक्षों के मध्य शास्त्रार्थ करवाया था। 1582 ई. में गुजरात के महान जैनाचार्य हीर विजय सूरि को जैन धर्म के सिद्धान्त समझाने के लिए निमन्त्रण देकर बुलवाया था। इनके अगाध ज्ञान, गंभीर चिंतन तथा साधु स्वभाव से प्रभावित होकर अकबर ने कुछ दिनों के लिए स्वयं मांस भक्षण करना बंद कर दिया, पशु-पक्षियों के वध पर रोक लगा दिया। हीर विजय सूरि मुगल दरबार में दो वर्ष तक रहे। इन्हें जगतगुरु की उपाधि दी गयी।
**(स्रोत–मुगलकालीन भारत-आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव)**

**13. निम्नलिखित मुगल शहजादियों में से किसने हुमायूँनामा लिखा था?**

(a) जेबुन्निसां (b) जहाँआरा
(c) गुलबदन बेगम (d) रोशन आरा

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–गुलबदन बेगम बाबर की बेटी और हुमायूँ की बहन थी। उसका जन्म 1523 ई. को हुआ था। उसने हुमायूँनामा नामक ग्रन्थ की रचना फारसी भाषा में की। यह दो भागों में बँटा हुआ है-पहला भाग बाबर के इतिहास से सम्बन्धित है और दूसरा हुमायूँ का हालात बयान करता है। बाबर के बारे में उसने बहुत विस्तार से नहीं लिखा, जबकि हुमायूँनामा का हिस्सा 3 भागों में बंटा हुआ है। पहले भाग में सिंध छोड़ने से काबुल पहुँचने और कामरान को अंधा करने की घटनाएँ है जबकि दूसरे में काबुल विजय का जिक्र है ये हालात हमीदाबानू बेगम ने उसे स्वयं बताए थे। तीसरे में रिश्तेदारों के बयान किए हुए हालात हैं। जहाँआरा और रोशन आरा औरंगजेब की बहनें थीं और जेबुन्निसा उसकी पुत्री थी। **(स्रोत–मध्यकालीन भारत-हरिश्चन्द्र वर्मा)**

# आधुनिक इतिहास

## मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

**14. अधोलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित है?**

(a) 1849 – सतारा का विलयन
(b) 1848 – पंजाब का विलयन
(c) 1856 – अवध का विलयन
(d) 1855 – झाँसी का विलयन

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–डलहौजी के कार्यों में उसका व्यपगत का सिद्धान्त महत्वपूर्ण है। उसका मानना था कि राजाओं की निजी सम्पत्ति के उत्तराधिकार के लिए उसके दत्तक पुत्र को अनुमति है, परन्तु गद्दी पर अधिकार के लिए उसे अनुमति नहीं है। इसी को नियम बनाकर, उसने अपने सिद्धान्त को लागू किया। जो राज्य व्यपगत के सिद्धान्त के अनुसार विलय किए गये, वे थे–सतारा 1848, जैतपुर और संभलपुर (1849), बघाट (1850), उदयपुर (1852), झांसी (1853) और नागपुर (1854)। उसने 1856 में कुशासन का आरोप लगाकर अवध का अधिग्रहण कर लिया।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-बी.एल. ग्रोवर)**

## 1857 का विद्रोह एवं 19वीं शताब्दी के जनान्दोलन

**15. वेलु थम्पी ने अंग्रेजों के विरुद्ध आन्दोलन का नेतृत्व किया था–**

(a) केरल में (b) महाराष्ट्र में (c) मैसूर में (d) तेलंगाना में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–त्रावणकोर के दीवान वेलू थम्पी ने कंपनी की बढ़ती ज्यादतियों के खिलाफ एक सशक्त विद्रोह का नेतृत्व किया, जो तमिलनाडु में है, उस समय मैसूर राज्य में स्थित था। वेलू थम्पी ने 1808 में फ्रांस एवं अमेरिका से भी अंग्रेजों के विरुद्ध सहायता के लिए सम्पर्क स्थापित किया था। वेलू थम्पी ने स्थानीय शासकों से भी सहयोग के लिए सम्पर्क किया पर किसी ने सहयोग नहीं किया। अन्त में 1809 ई. में कम्पनी की सेना के बहुत बढ़ आने पर वेलू थम्पी ने आत्महत्या कर ली, पर आत्मसमर्पण नहीं किया।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-ग्रोवर एवं यशपाल)**

## प्रमुख संस्थाएँ, सन्धियाँ, आयोग, अधिनियम

**16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए–**

| सूची-I (संघ) | सूची-I (संस्थापक) |
|---|---|
| A. रिवोल्ट ग्रुप | 1. राम प्रसाद बिस्मिल |
| B. हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन | 2. चन्द्रशेखर आजाद |
| C. हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन | 3. लाला लाजपत राय |
| D. पंजाब नौजवान भारत सभा | 4. भगत सिंह |
| | 5. सूर्य सेन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 5 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 5 | 2 | 3 |
| (d) | 5 | 1 | 2 | 4 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–राम प्रसाद बिस्मिल उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर के निवासी थे। वह हिन्दुस्तान समाजवादी गणतांत्रिक संस्था के सदस्य थे। काकोरी ट्रेन डकैती में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। हिन्दुस्तान समाजवादी गणतांत्रिक संगठन के सदस्य चन्द्रशेखर आजाद ने हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया। लाला लाजपत राय को शेरे पंजाब या पंजाब केसरी के नाम से जाना जाता है। इन्होंने साइमन कमीशन (1927) का विरोध किया था। भगत सिंह 1925 में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी में शामिल हुए। इनके द्वारा पंजाब नौजवान सभा का गठन किया गया। बंगाल में चटगाँव क्रांतिकारी आन्दोलन को चलाने का श्रेय मास्टर सूर्यसेन को है। उन्होंने रिवोल्ट ग्रुप की स्थापना की।
**(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**17. लंदन में इण्डियन होमरूल सोसायटी को प्रारम्भ किया–**

(a) एनी बेसेंट ने (b) बी.जी. तिलक ने
(c) एम.के. गाँधी ने (d) श्यामजी कृष्ण वर्मा ने

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–लंदन (इंग्लैण्ड) में क्रान्तिकारी आतंकवाद का नेतृत्व, मुख्यतया श्यामजी कृष्ण वर्मा, वी.डी. सावरकर, मदन लाल धींगरा एवं लाला हरदयाल ने किया। श्यामजी कृष्ण वर्मा ने 1905 में यहीं 'भारत स्वशासन समिति' की स्थापना की। जिसे इण्डिया हाउस के नाम से जाना जाता है। इस संस्था का उद्देश्य अंग्रेजी सरकार को आतंकित कर-स्वराज प्राप्त करना था। यहाँ से एक समाचार-पत्र सोशियोलाजिस्ट का प्रकाशन भी प्रारम्भ किया। लंदन में सरकारी दमन के कारण श्यामजी पेरिस तथा अन्ततः जेनेवा चले गये। ऐनी बेसेन्ट और तिलक ने होमरूल आन्दोलन का सफल नेतृत्व किया और भारतीय राजनीति में छाये रहे। महात्मा गाँधी 1915 से अपनी मृत्यु 1948 तक भारतीयता की रीढ़ के रूप में जुड़े रहे।
**(स्रोत–भारत का स्वतन्त्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

**18. लाहौर षड्यंत्र मामले की परिणति किसकी फाँसी से हुई–**

1. रामप्रसाद बिस्मिल 2. रोशन सिंह
3. सुखदेव 4. राजगुरु

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**कूट :**

(a) 1, 2 (b) 1, 2, 4
(c) 2,3, 4 (d) 3, 4

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए, क्रांतिकारियों ने 17 दिसम्बर, 1928 को स्कॉट के धोखे में सांडर्स और उसके रीडर चरण सिंह की लाहौर में हत्या कर दी। इसे लाहौर षड्यंत्र कहा गया। इस काण्ड में भगत सिंह, राजगूरू और सुखदेव को फाँसी दे दी गयी। रामप्रसाद बिस्मिल और रोशन सिंह भी भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन से जुड़े थे। काकोरी ट्रेन डकैती केस में भगत सिंह के साथ बिस्मिल और रोशन सिंह भी शामिल थे इन लोगों ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया।
**(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

**19. मुम्बई में प्रथम महिला विश्वविद्यालय की स्थापना, किसके प्रयत्नों का फल था?**

(a) बी.एम. मालाबारी के (b) डी.के. कर्वे के
(c) एम.जी. रानाडे के (d) रमाबाई के

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत में शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देने के लिए, डी.के. कर्वे ने 1905 ई. में बम्बई में प्रथम महिला विश्वविद्यालय स्थापित किया एम.जी. रानाडे महाराष्ट्र के धर्म सुधारक राजनेता थे। इन्होंने केशव चन्द्र सेन की सहायता से प्रार्थना समाज की स्थापना की। पंडित रमाबाई ने महिला सेवा सदन पूना की स्थापना की। उसमें विधवा व निराश्रित महिलाओं को सहायता व संरक्षण दिया जाता था। इन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए, इसकी स्थापना की थी। वी.एम. मालाबारी के प्रयत्नों से एज ऑफ कंसेट एक्ट 1891 पारित हुआ जिसके अन्तर्गत 12 वर्ष के नीचे की लड़कियों के शादी की मनाही थी। इन्होंने सेवा सदन नामक एक सामाजिक संस्था की स्थापना की। **(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास–बी.एल. ग्रोवर)**

**20. ``कांग्रेस गिरने के लिए लड़खड़ा रही है और भारत में रहते हुए मेरी एक विशेष महत्वाकांक्षा है कि इसके शान्तिपूर्ण अवसान में भी इसकी सहायता करूँ।'' यह घोषणा की थी–**

(a) कर्जन ने (b) डफरिन ने
(c) हैमिल्टन ने (d) इरविन ने

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–कांग्रेस के नरम रुख और राजभक्ति के होते हुए भी, उसे सरकार की ओर से कोई प्रोत्साहन नहीं मिला। प्रारम्भ में यहाँ तटस्थता का रुख था। इसी भावना से प्रेरित होकर, लार्ड डफरिन ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन (1886) के प्रतिनिधियों को उद्यान भोज दिया था। किन्तु बाद में डफरिन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय चरित्र को चुनौती दी, और कहा यह तो केवल एक 'सूक्ष्मदर्शी अल्पसंख्यक' का प्रतिनिधित्व करती है, और कांग्रेस की माँगों को अज्ञात में छलांग की संज्ञा दी। लॉर्ड कर्जन ने तो यहाँ तक कहा कि कांग्रेस अपने पतन की ओर लडखड़ाती हुई जा रही है और उसकी इच्छा है कि वह उसकी शांतिमय मृत्यु में सहायता कर सके। **(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-बी.एल. ग्रोवर)**

**21. दिल्ली में 24 फरवरी, 1922 को आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में असहयोग आन्दोलन वापस लेने के लिए गाँधीजी के विरुद्ध निन्दा प्रस्ताव किसने प्रस्तुत किया था?**

(a) के.टी. शाह (b) विपिन चन्द्र पाल
(c) सुभाषचंद्र बोस (d) डॉ. मुन्जे

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–असहयोग आन्दोलन 1920 में गाँधीजी द्वारा शुरू किया गया जिसकी परिणति चौरीचौरा के बाद गाँधीजी ने बन्द के रूप में किया। इसी परिप्रेक्ष्य में 24 फरवरी, 1922 में बारदोली में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें ऐसी सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी, जिनसे कानून का उल्लंघन होता है। अनेक राष्ट्रीय नेताओं यथा सी.आर. दास, मोतीलाल नेहरू, सुभाष चन्द्र बोस तथा जवाहर लाल नेहरू इत्यादि ने गाँधीजी के आन्दोलन वापस लेने के निर्णय से अपनी असहमति प्रकट की। डॉ. मुंजे ने गाँधीजी के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव लाया था। **(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

**22. किसने कहा था, ''आजादी हमारी पहुँच के अंतर्गत है, हमें इसे कसकर पकड़ना चाहिये''?**

(a) महात्मा गाँधी (b) सुभाषचन्द्र बोस
(c) जवाहर लाल नेहरू (d) शौकत अली

**उत्तर**–(a)

**23. निम्नांकित में से किस आंदोलन के दौरान ''वन्दे मातरम्'' भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का शीर्षक गीत बना?**

(a) स्वदेशी आंदोलन
(b) चम्पारन सत्याग्रह
(c) रौलट कानून विरोधी आंदोलन
(d) असहयोग आन्दोलन

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–बंगाल विभाजन के दौरान 16 अक्टूबर, 1905 जिस दिन बंगाल विभाजन प्रभावी हुआ, पूरे बंगाल में शोक दिवस के रूप में मनाया गया। घरों में चूल्हा नहीं जला, लोगों ने उपवास रखा और कलकत्ता में हड़ताल घोषित की गयी। जनता ने जुलूस निकाला। सबेरे जत्थे-के-जत्थे लोगों ने गंगा स्नान किया और फिर सड़कों पर 'वन्दे मातरम्' गाते हुए प्रदर्शन करने लगे। यह वन्दे मातरम् समूचे आन्दोलन की ओर से युद्ध की दुन्दुभी था। लोगों ने एक दूसरे के कलाई पर राखी बांधी। यह जताने के लिए कि बंगाल को बाँटकर अंग्रेज उनकी एकता में दरार नहीं डाल सकते। **(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

**24. किसने कांग्रेस पर अनुनय, विनय तथा विरोध की राजनीति करने का आरोप लगाया?**

(a) एस.एन. बनर्जी (b) वी.डी. सावरकर
(c) एस.सी. बोस (d) बी.जी. तिलक

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–बाल गंगाधर तिलक कांग्रेस के एक प्रमुख नेता थे। ये गरम दल के नेता थे। उन्होंने ही कांग्रेस पर अनुनय, विनय तथा विरोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। **(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

**25. नीचे पत्रिकाओं की एक सूची दी गयी है। उनमें से किनका सम्बन्ध एनी बेसेंट से था?**

**सूची के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर अपना उत्तर दीजिए।**

1. न्यू इंडिया 2. यंग इंडिया
3. इंडियन पीपुल 4. कामनवील

**कूट :**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा
(c) 1 तथा 4 (d) 3 तथा 4

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–श्रीमती एनी बेसेंट भारत के महान कांग्रेसी नेताओं में से एक थीं। वे 1917 में कांग्रेस की अध्यक्षा बनी थीं। इन्होंने होमरूल आंदोलन को प्रारम्भ किया था। इन्होंने लोकमत को जागृत करने के लिए, न्यू इंडिया तथा कॉमनवील नामक समाचार पत्रों का प्रकाशन किया था। **(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-विपिन चन्द्र)**

**26. नीचे कुछ स्थानों की सूची दी गयी है। उनका नामोल्लेख कीजिए जहाँ 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में समानान्तर सरकारों की स्थापना की गयी थी।**

**सूची के नीचे दिये गये कूट से अपना उत्तर चुनिए :**

1. बलिया 2. सतारा
3. हजारीबाग 4. मेरठ
5. आगरा

**कूट :**

(a) 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3
(c) 2, 3 तथा 5 (d) 1, 3 तथा 4

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारत छोड़ों आन्दोलन की एक महत्वपूर्ण विशेषता थी, देश के कई स्थानों में, समानान्तर सरकारों की स्थापना। यह निम्न स्थानों पर बनी-(1) बलिया (अगस्त 1942) यहाँ चितू पांडे के नेतृत्व में समानान्तर सरकार की स्थापना की स्थापना की गयी। (2) तामलुक (मिदनापुर बंगाल-दिसंबर, 1942 से सितम्बर, 1944 तक) यहाँ की जातीय सरकार ने तूफान पीड़ितों की सहायता के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया, (3) सतारा (महाराष्ट्र 1943 के मध्य से 1945 तक) यह सबसे लम्बे समय तक चलने वाली सरकार थी। यहाँ प्रति सरकार के नाम से समानान्तर सरकार स्थापित की गयी। नाना पाटिल, वाई वी चव्हाण इत्यादि इसके प्रमुख नेता रहे।

**27. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए एवं सूची के नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए :**

| **सूची-I (दल)** | **सूची-II (संस्थापक)** |
|---|---|
| A.आजाद मुस्लिम कॉन्फ्रेंस | 1. अब्दुल गफ्फार खाँ |
| B. खाकसार पार्टी | 2. अल्लाह बक्श |
| C. खुदाई खिदमतगार | 3. अल्लामा मशरिकी |
| D. कृषक प्रजा पार्टी | 4. फजलुल हक |
| | 5. सिकन्दर हयात खाँ |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 5 | (b) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 | (d) | 3 | 2 | 1 | 5 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–अब्दुल गफ्फार खाँ ने असहयोग आन्दोलन के समय खुदाई खिदमतगार नामक संगठन की स्थापना की तथा लाल कुर्ती आन्दोलन चलाया। कृषक प्रजा पार्टी की स्थापना बंगाल में फजलुल हक ने की। अल्लाह बख्श एक राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता थे। इनके नेतृत्व में 1938 में सिंध में कांग्रेस मंत्रिमंडल का गठन हुआ। लीग के पाकिस्तान प्रस्ताव के प्रत्युत्तर में 1940 में अल्लाह बख्श ने आजाद मुस्लिम कांग्रेस की स्थापना की। खाकसार पार्टी की स्थापना 1931 में अल्लामा मशरीकी ने की।

**28. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर अपना उत्तर दीजिए :**

| **सूची-I (आन्दोलन)** | **सूची-II (व्यक्ति)** |
|---|---|
| A. खिलाफत आंदोलन | 1. बाल गंगाधर तिलक |
| B. होमरूल आन्दोलन | 2. अली बन्धु |
| C. सविनय अवज्ञा आंदोलन | 3. नाना पाटिल |
| D. भारत छोड़ो आंदोलन | 4. बी. आर. अम्बेडकर |
| | 5. सीमान्त गाँधी |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 5 | 3 | 4 | (b) | 2 | 1 | 5 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 5 | 4 | (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–खिलाफत आन्दोलन 1919 में अली बन्धुओं-मोहम्मद अली तथा शौकत अली, मौलाना आजाद, अजमल खान तथा हसरत मोहानी के नेतृत्व में चलाया गया जिसका उद्देश्य तुर्की के प्रति ब्रिटेन के रवैया को बदलने के लिए, ब्रिटेन पर दबाब डालना था। 1916 में तिलक और ऐनी बेसेन्ट के प्रयास से भारत में होमरूल लीग की स्थापना की गयी जिसका उद्देश्य था स्वशासन के वास्तविक अर्थ से परिचित कराना। सविनय अवज्ञा आन्दोलन 1930 ई. में गाँधी जी द्वारा चलाया गया, जिसका उद्देश्य था, नमक का कानून तोड़ना। इस आन्दोलन में सरोजनी नायडू, सी. राजगोपालाचारी, के कलप्पण, जवाहर लाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल आदि शामिल थे। भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान सतारा (महाराष्ट्र) में जो जातीय सरकार बनी थी, नाना पाटिल उस आन्दोलन के अगुआ थे।

**29. नीचे उन व्यक्तियों की सूची दी गयी जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष हुये। तिथ्यानुसार उन्हें क्रमबद्ध कीजिए। नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपनी उत्तर दीजिए :**

1. महात्मा गांधी
2. जवाहर लाल नेहरू
3. वल्लभ भाई पटेल
4. श्रीमती सरोजिनी नायडू

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 तथा 4 (b) 1, 3, 4 तथा 2
(c) 1, 4, 2 तथा 3 (d) 4, 3, 1 तथा 2

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–प्रश्नानुसार सर्वप्रथम 1924 में कांग्रेस के उनतालीसवें अधिवेशन में, जो बेलगाँव में हुआ था, उसके अध्यक्ष महात्मा गाँधी जी थे। ये प्रथम और आखिरी बार कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। इस अधिवेशन में स्वराजवादी तथा परिवर्तनवादी के बीच समझौता हुआ। उसके बाद 1925 के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्षता सरोजनी नायडू ने की थी। वे दूसरी महिला थी, जो कांग्रेस की अध्यक्ष बनी। कांग्रेस के चौवालीसवें अधिवेशन (1929) की अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने की थी। यह अधिवेशन लाहौर में रावी नदी के तट पर हुआ था। इसी अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य की माँग की गयी थी। 1931 में कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता वल्लभ भाई पटेल ने की थी। इस अधिवेशन में मौलिक अधिकार पारित किया गया था। **(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास–ग्रोवर एवं यशपाल)**

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**30. कथन (A) :** प्रायद्वीपीय भारत की सभी प्रमुख नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं, परन्तु नर्मदा तथा ताप्ती नदियाँ अरब सागर में गिरती हैं।

**कारण (R)** : नर्मदा और ताप्ती नदियाँ विभ्रंश घाटी से होकर बहती हैं।

**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये :**

**कूट :**

(a) A तथा R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सत्य हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है किन्तु R गलत है
(d) A गलत है किन्तु R सत्य है

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–प्रायद्वीपीय भारत की गोदावरी, कृष्णा, कावेरी आदि प्रमुख नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं जबकि नर्मदा और ताप्ती नदियाँ विभ्रंश घाटी में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में गिरती हैं लेकिन कारण कथन की व्याख्या नहीं करता क्योंकि जहाँ कथन में नदियों के मिलन स्थल का वर्णन है। वहीं कारण में उनके प्रवाह क्षेत्र का वर्णन है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएं एवं कृषि

**31. निम्नांकित में से किसमें कहवा की खेती का क्षेत्र सर्वाधिक पाया जाता है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक (c) केरल (d) तमिलनाडु

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत में कहवा (coffee) की खेती दक्षिण भारत में होती है। इसके मुख्य उत्पादक राज्य कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी कहवा की खेती की जाती है। कहवा की सर्वाधिक खेती कर्नाटक में की जाती है। भारत के कुल उत्पादन का लगभग 68% काफी कर्नाटक अकेले पैदा करता है।
**(स्रोत-भारत-अलका गौतम)**

**32. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके वनाच्छादन (कुल क्षेत्र के संदर्भ में वन क्षेत्र का प्रतिशत) के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये–**

1. हरियाणा 2. महाराष्ट्र
3. मणिपुर 4. उड़ीसा

**कूट :**

(a) 3, 4, 2, 1 (b) 3, 2, 4, 1
(c) 1, 4, 3, 2 (d) 4, 3, 2, 1

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–देश की 752.3 लाख हेक्टेयर भूमि के (19.47%) क्षेत्र पर वन विस्तृत है। भारत में सबसे अधिक वन अंडमान निकोबार द्वीप में (92.4%) पाये जाते हैं राज्यों में सबसे अधिक वन मिजोरम में (89.6%) मिलता है। उसके बाद मणिपुर में (79.2%) वन पाये जाते हैं, जो राज्यों में दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र में यह प्रतिशत 14.3% का है, जो राष्ट्रीय वन क्षेत्र से कम है। उड़ीसा में 30.3% भाग पर वन क्षेत्र पाये जाते हैं, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। राज्यों में सबसे कम वन हरियाणा में 1.2% पाया जाता है।
ISFR-2013 के अनुसार, देश में कुल वनावरण 69.79 मिलियन हेक्टेयर (697898 वर्ग किमी.) है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.23% है। मणिपुर में वन क्षेत्र 76.10%, ओडिशा में 32.33%, महाराष्ट्र में 16.45% तथा हरियाणा में 3.59% वन क्षेत्र है।

**33. 'कौशल' किस फसल की उन्नत प्रजाति है–**

(a) चना (b) कपास
(c) मूँगफली (d) गेहूँ

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–कौशल मूँगफली की प्रजाति है। भारत के तिलहन फसलों में मूँगफली का महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। इसमें 25.30% प्रोटीन, 10% कार्बोहाइट्रेट एवं 40% वसा पायी जाती है। भारत में सबसे ज्यादा मूँगफली क्षेत्रफल के हिसाब से गुजरात में बोई जाती है, जबकि सर्वाधिक पैदावार महाराष्ट्र की है। कौशल के अतिरिक्त इसकी अन्य प्रजातियाँ-टी 28, 29, 100 स्पेनिश, टी.एम.वी.-1 व 3 पंजाब नं 1, कापर गाँव अर्लीनर, ज्योति, जूनागढ़ है। चना की प्रजातियाँ हैं–टा 1, 3, पंतजी 114, RS11, सी- 235, पूसा, गौरव, अजय, अतुल आदि गेहूँ की प्रजातियाँ हैं– सोनालिका, यूपी 2003, मालवीय 12, 37 जनक, शेरा, शैलजा गिरिजा आदि जबकि कपास की प्रजातियाँ हैं--श्यामली, लोहित 216एवं अंजली आदि। **(स्रोत–यूनीक-दिल्ली प्रकाशन)**

**34. भिण्डी में पीत वर्ण शिरा की बीमारी होती है–**

(a) माहू से (b) सफेद मक्खी से
(c) फुदका से (d) कवक से

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भिण्डी के उत्पत्ति स्थल अफ्रीका के गर्म प्रदेश माने जाते हैं। भिण्डी की फसल के लिए गर्म और उपोष्ण जलवायु उपयुक्त होती है इसके लिए जीवांशयुक्त अच्छी तरह तैयार, भुरभुरी दोमट मृदा उचित है। इसकी कई प्रजातियाँ हैं--पूसा मखमली, पूसा सावनी लखनू ड्वार्फ लाल ग्रीन, वेलवेट ग्रीन, स्मूथ ग्रीन, रेडबन्डर आदि। भिन्डी में पित्त वर्ण शिरा रोग का कारण सफेद मक्खी है। यह एक प्रकार का विषाणु रोग है, जिसको सफेद मक्खी फैलाती है। सफेद मक्खी वहित अन्य फसलें हैं-उड़द, सोयाबीन, मूँग, मूँगफली, चावल, मक्का, संतरा, टमाटर, भाँटा, मिर्च, लौकी एवं गिल्की आदि।
**(स्रोत– यूनिक-दिल्ली प्रकाशन)**

**35. सेब के फल में लाली का कारण है–**

(a) एन्थोसायनिन (b) लाइकोपीन
(c) कैरोटीन (d) जैन्थीफिल

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–सेब के फल में लाली एन्थोसायनिन के कारण होता है। इसके अलावा रुइया कीट, गुवटैल, छेदक कीट आदि कीटों द्वारा रोग फैलाया जाता है। सेब का एक अन्य रोग है, सफेद चूर्ण। इन सबके नियंत्रण के लिए मोनोक्रोटो पास पैराथियान डाइजियान एवं वास्टिक का प्रयोग किया जाता है। सेब समशीतोष्ण जलवायु का पौधा है। भारत में यह कश्मीर, उत्तरांचल और हिमाचल प्रदेश में पाया जाता है। इसकी प्रजातियाँ हैं--जेम्स ग्रीव, आर्मी, सनवरी, समर गोल्डेन आदि। **(स्रोत–यूनीक–दिल्ली प्रकाशन)**

**36. 'स्पांजी टिशू' (स्पंजी ऊतक) एक ऐसी गम्भीर समस्या है जिसके कारण आम की जिस प्रजाति का निर्यात कुप्रभावित हो रहा है, वह है–**

(a) अलफांसो (b) दशहरी
(c) नीलम (d) लंगड़ा

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–स्पांजी टिशू (स्पंजी ऊतक) एक ऐसी गंभीर समस्या है, जिसके कारण आम की अलफांसो प्रजाति का निर्यात कुप्रभावित हो रहा है। आम नम व शुष्क दोनों जलवायु में पैदा होने वाला फल है। आम की कुछ किस्में जैसे--नीलम, बैंगलौरा प्रतिवर्ष फल देते हैं दशहरी, लंगड़ा हर दूसरे वर्ष फल देते हैं। मल्लिका व आम्रपाली किस्में नियमित फल देती हैं। कुछ अन्य किस्में हैं जैसे--गोपाल भोग, शाहराबाद, बम्बई हरा, बम्बई पीला, सिंगापुरी, मलीहाबादी, तैमूरीलंग आदि। आम में भुनगा, गाजियाक्रोट, तना, छेदक इन्दरवेला, पीटल आदि कीट लगते हैं, जबकि जड़ एवं तना में एन्थाक नोज नामक रोग होता है।
**(स्रोत–यूनीक-दिल्ली प्रकाशन)**

## खनिज, शक्ति संसाधन, उद्योग एवं व्यापार

**37. सूची-I और सूची-II का सुमेल कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये-**

| सूची-I (राज्य का नाम) | सूची-II (जल शक्ति परियोजना) |
|---|---|
| A. जम्मू व कश्मीर | 1. कोयना |
| B. कर्नाटक | 2. सलाल |
| C. महाराष्ट्र | 3. शारावती |
| D. उत्तरांचल | 4. टेहरी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–जम्मू-कश्मीर राज्य में सलाल जल विद्युत केंद्र का निर्माण हो रहा है। यह विद्युत केंद्र चिनाब नदी पर बन रहा है। इसका सिंचाई में भी प्रयोग होगा। शरावती जल विद्युत परियोजना कर्नाटक राज्य में शरावती नदी पर गरसोप्पा या जोग जलप्रपात से कुछ दूरी पर बना है। कोयना परियोजना-यह महाराष्ट्र की प्रमुख जल विद्युत परियोजना है टिहरी जल विद्युत परियोजना उत्तरांचल राज्य में निर्माणाधीन है यह एशिया की बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं में से एक है। यह भीलंगना तथा भागीरथी नदीं पर स्थित है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**38. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) धल्ली-राजहरा लौह अयस्क
(b) राखा तांबा
(c) नेल्लोर मैंगनीज

(d) अमरकंटक    बाक्साइट

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–धल्ली-राजहरा, छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में है जो लौह-अयस्क उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। राखा उत्पादन क्षेत्र झारखण्ड-उड़ीसा के बीच फैले 140 किमी. लम्बे क्षेत्र में स्थित है। नेल्लोर आंध्र प्रदेश मे है, जो माइका (अभ्रक) उत्पादन के लिए जाना जाता है। आंध्र प्रदेश में मैंगनीज विशाखापट्टनम्, कुडप्पा तथा श्रीकाकुलम जिले में पाया जाता है। अमरकंटक छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर में है। यहाँ बाक्साइट के अयस्क प्राप्त होते हैं।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**39. भारत में सबसे बड़े कोयला भंडार पाये जाते हैं–**

(a) आंध्र प्रदेश में    (b) झारखण्ड में
(c) मध्य प्रदेश में    (d) उड़ीसा में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत में सर्वाधिक कोयला भंडार झारखण्ड राज्य में पाये जाते हैं। यह राज्य पहले बिहार राज्य का हिस्सा था। यहाँ झरिया, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़ आदि क्षेत्र में कोयले के भंडार पाये जाते हैं झरिया कोयला क्षेत्र 450 वर्ग किमी. में फैला हुआ, जहाँ से राज्य के कुल कोयला उत्पादन का 50% कोयला उत्खनन किया जाता है। G.S.I., G.M. P.D.I., MELL आदि द्वारा किए गये अन्वेषणों के अनुसार भारत में कोयला (भण्डारण) के अनुसार भारत के चार अग्रणी राज्य निम्न हैं-

(1) झारखण्ड - 80716 मि.ट. (अनुमानित/प्रमाणित)
(2) ओड़ीसा - 75073 मि.ट. (अनुमानित/प्रमाणित)
(3) छत्तीसगढ़ - 52533 मि.ट. (अनुमानित/प्रमाणित)
(4) मध्य प्रदेश - 25673 मि.ट. (अनुमानित/प्रमाणित)

**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**40. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. ताँबा | 1. कोची |
| B. गैस प्लांट | 2. औरैया |
| C. एल्यूमीनियम | 3. कोरबा |
| D. पेट्रोलियम | 4. खेत्री |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–खेत्री (खेतड़ी) क्षेत्र राजस्थान राज्य में झुंझुनु जिले के सिंघाना से सीकर जिले के रघुनाथगढ़ तक (लगभग 80 किमी.) फैला है। खेत्री भारत की प्राचीनतम खानों में से एक है। यहाँ से ताँबे का उत्खनन हड़प्पा सभ्यता काल से ही हो रहा है। औरैया उत्तर प्रदेश में स्थित है। कोरबा छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है, यहाँ का एल्यूमीनियम कारखाना पहले सार्वजनिक क्षेत्र के अन्तर्गत था, जिसे अब निजी क्षेत्र को सौंप दिया गया है। कोच्ची में रिफाइनरी(शोधन शाला) स्थापित है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**41. भारत में मोनोजाइट पाया जाता है–**

(a) उत्तर प्रदेश में    (b) हिमाचल प्रदेश में
(c) तमिलनाडु में    (d) केरल में

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–मोनोजाइट एक परमाणविक खनिज अयस्क है। यह पैग्मेटाइट शैलों में मिलने वाला थोरियम, यूरेनियम, सीरियम तथा लैन्थेनम का मिश्रण है। मोनोजाइट की प्राप्ति बालुका निक्षेपों से होती है जिसका निर्माण प्री-कैम्ब्रियम काल की चट्टानों के नष्ट होकर चूर्ण बन जाने से हुआ है। इसकी प्राप्ति समुद्रतटीय बालुका निक्षेपों में होती है। यह मुख्यतया केरल में प्राप्त होता है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## परिवहन

**42. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) हल्दिया-इलाहाबाद-राष्ट्रीय जलमार्ग
(b) नासिक-पुणे-राष्ट्रीय राजमार्ग-50
(c) दुर्गापुर-कोलकाता -एक्सप्रेस राजमार्ग
(d) हैदराहाबाद-दक्षिणी मध्य रेलवे का मुख्यालय

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–जल परिवहन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों का निर्माण किया गया, जिसमें राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 हल्दिया (पं. बंगाल) से इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) तक करीब 1629 किमी लम्बा है। यह गंगा नदी पर बना है। इसके अलावा राष्ट्रीय जल मार्ग नं. 2 सादिया से धुवरी तथा ब्रह्मपुत्र नदी पर 19 किमी है जलमार्ग नं.3 कोल्लम से कोट्टापुरम् (केरल) तक, 186 किमी. नहर पर है, जबकि राष्ट्रीय जलमार्ग नं. 4 जो कि प्रस्तावित है। यह काकीनाडा से मरक्कानाम तक 1100 किमी गोदावरी नदी तथा कृष्णा नदी पर बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 50 नासिक से पुणे तक है, जबकि दुर्गापुर से कोलकाता एक्सप्रेस राजमार्ग है। दक्षिणी मध्य रेलवे का मुख्यालय सिकंदराबाद (आंध्र प्रदेश) में हैं। **(स्रोत–भारत–2008)**

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल

**43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. ग्रह | 1. चन्द्रमा |
| B. उपग्रह | 2. यूरेनस |
| C. पुच्छल तारा | 3. मेराइनर |
| D. कृत्रिम उपग्रह | 4. हैली |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा विभिन्न दीर्घ वृत्ताकार कक्षाओं में करते हैं, इनकी संख्या 9 है--बुद्ध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शानि, अरुण, वरुण व यम। उपग्रह वे आकाशीय पिण्ड हैं, जो ग्रहों का चक्कर लगाते हैं विभिन्न ग्रहों के अपने उपग्रह हैं। बुध एवं शुक्र के कोई उपग्रह नहीं है जबकि पृथ्वी का एक, मंगल के दो, बृहस्पति के 16, शनि के 23, अरुण के 15, वरुण के 2 व प्लेटो का 1 उपग्रह है। चन्द्रमा पृथ्वी का उपग्रह है। पुच्छल तारे सूर्य का चक्कर दीर्घ वृत्ताकार कक्षाओं में लगाते हैं। हैली एक प्रमुख पुच्छल तारा है। कृत्रिम उपग्रह ऐसे पिण्ड हैं जो मानव द्वारा वायुमण्डल (अंतरिक्ष) में छोड़े जाते हैं, और पृथ्वी का चक्कर लगाते हैं आर्यभट्ट भारत द्वारा छोड़ा गया पहला कृत्रिम उपग्रह था इसी तरह से मैराइनर भी एक कृत्रिम उपग्रह है। **(स्रोत--यूनिक दिल्ली प्रकाशन)**

## स्थलमण्डल

**44. जब भारतीय मानक समय के याम्योत्तर पर अर्द्धरात्रि है, एक स्थान पर सुबह का छः (6) बजता है उस स्थान की अवस्थिति जिस याम्योत्तर पर है, वह है–**

(a) $7^o31$ पू.    (b) $172^o$ 30 पू.
(c) $7^o$ 30 प.    (d) $127^o$ 30 पू.

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–देशान्तर पर जब हम पूरब या पश्चिम की तरफ बढ़ते हैं, तो देशान्तर पर 4 मिनट का अंतर होता है यह अन्तर $15^o$ देशान्तर पर 1 घण्टा का हो जाता है। भारतीय मानक समय इलाहाबाद से लिया गया है, जो कि $82\frac{1}{2^o}$ पूरब में स्थित है। जब हम देशान्तर रेखाओं पर पूरब दिशा में गमन करते हैं समय आगे बढ़ता है अर्थात् प्रशानुसार भारतीय मानक समय के याम्योत्तर पर अर्द्धरात्रि है अतः वहाँ रात्रि के 12 बजे हैं उसी समय एक स्थान पर सुबह का 6 बजा है। अतः भारतीय याम्योत्तर और उस स्थान के समय से 6 घण्टे का अंतर है और उस स्थान पर सुबह हो रही है। अतः वह स्थान भारतीय याम्योत्तर से पूरब ही होगा, क्योंकि जैसे-जैसे हम पूरब में बढ़ेंगे समय बढ़ता जायेगा। 6 घण्टा का समय अंतर एक ही समय पर $6x15^o$ = $90^o$ देशान्तर के अंतर पर होगा, चूँकि भारतीय याम्योत्तर पर अर्द्धरात्रि के समय ही उस देशान्तर पर सुबह हो रही है, अतः यह $90^o$ पूरब में होगा। अतः ग्रीनविच या $0^o$ देशान्तर से उस स्थान की देशान्तरीय स्थिति भारतीय याम्योत्तर की देशान्तर $+90^o$ देशान्तर होगी अतः $82\frac{1}{2^0}$ (भारतीय याम्योत्तर-मानक समय देशान्तर) + $90^o$ = $172\frac{1}{2^o}$ पूरब में वह स्थान होगा।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**45. विश्व के सर्वाधिक व्यस्त पत्तन की उपाधि मिली है–**

(a) लन्दन को (b) न्यूयॉर्क को
(c) सिंगापुर को (d) टोक्यो को

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–न्यूयॉर्क संयुक्त राज्य अमेरिका का एक महत्वपूर्ण बंदरगाह है। यह इस समय सर्वाधिक व्यस्त पत्तन है जहाँ आवागमन अत्यधिक बढ़ गया है। यूरोप और अमेरिका के बीच व्यापारिक केन्द्र के रूप में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसीलिए इसकी उपाधि इस समय विश्व के सर्वाधिक व्यस्त पत्तन में की जाती है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**46. निम्नांकित में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) डाउन्स — उष्णकटिबंधीय घास का मैदान
(b) स्टेपीज — शीतोष्ण कटिबंधीय घास का मैदान
(c) सेल्वा — उष्ण कटिबंधीय वन
(d) टैगा — शीतोष्ण कटिबंधीय वन

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में विकल्प A में दिये गए घासों के नाम और उनके पाये जाने जाने वाले जलवायु का सही सुमेलन नहीं है। डाउन्स घास का मैदान दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के शीतोष्ण कटिबंध में पाया जाता है, जबकि विकल्प में इसे उष्णकटिबंधीय घास का मैदान बताया गया है, जो कि गलत है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**47. कथन (A) :** उत्तरी पश्चिमी यूरोप के बंदरगाह सालभर खुले रहते हैं।
**कारण (R) :** दक्षिणी पश्चिमी हवायें साल भर उत्तरी पश्चिमी यूरोप के ऊपर बहती है।
**नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
**कूट :**
(a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सत्य हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सत्य है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सत्य है

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–पश्चिम यूरोप के बंदरगाह साल भर खुले रहते हैं इस क्षेत्र में स्पेन पुर्तगाल, इंग्लैण्ड आदि देश आते हैं। इन देशों की प्राकृतिक स्थिति एवं मौसम के प्रभाव से ऐसा होता है। दक्षिणी-पश्चिमी हवायें साल भर उत्तरी-पश्चिमी यूरोप के ऊपर बहती रहती है साथ ही साथ दक्षिणी-पश्चिमी हवायें उत्तरी-पश्चिमी यूरोप के बंदरगाहों को खुले रखने में मदद भी करती है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## वायुमण्डल

**48. निम्नलिखित में से कौन से वायुमण्डल के स्तरों एवं उनके अभिलक्षणों के सुमेलन में सही है?**

1. क्षोभ मंडल — मौसम संबंधी घटनायें
2. समताप मंडल — ओजोन पर्त
3. आयन मण्डल — पृथ्वी की सतह की ओर परावर्तित रेडियो तरंगे
4. मध्यमंडल — ध्रुवज्योति

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 तथा 4
(c) 1, 2 तथा 3 (d) 2 तथा 3

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–वायुमण्डल की सबसे निचली पर्त क्षोभमण्डल का विस्तार 10-15 किमी. तक होता है। मौसम सम्बन्धी घटनाएँ यहीं घटती हैं। समतापमंडल और उसके ऊपर की परतें सूर्य के हानिकारक विकिरण को अवशोषित कर लेती हैं ओजोन पर्त समताप मण्डल में स्थित है रेडियो तरंगें आयनमण्डल से पृथ्वी पर परावर्तित होती हैं।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**49. 2001 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या वृद्धि की अधिकतम दर वाला राज्य है–**

(a) नागालैण्ड (b) मणिपुर
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के अनुसार नागालैंड में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर 64.41% थी किन्तु 2011 की जनगणना में न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर नागालैंड में – 0.6% है। वर्तमान 2011 की जनगणना में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर दादर एवं नगर हवेली में 55.90% जबकि राज्यों में सर्वाधिक मेघालय में 27.9% है। विकल्प में दिए गये अन्य राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर उत्तर प्रदेश 20.2%, मणिपुर 18.60% तथा बिहार 25.4% है।

**50. 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नांकित में कौन भारत का सर्वाधिक घना बसा राज्य है?**

(a) बिहार (b) केरल
(c) पश्चिम बंगाल (d) **उत्तर** प्रदेश

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–वर्ष 2001 की जनगणनानुसार भारत का सबसे घना बसा राज्य पश्चिमी बंगाल (904) था, किन्तु वर्तमान 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल 1028 के जनघनत्व के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि बिहार 1106 जनघनत्व के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। दिए गए अन्य विकल्पों का जनघनत्व निम्नलिखित है – केरल – 860, उत्तर प्रदेश – 829।

**51. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनकी साक्षरता के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये–**

1. गोवा 2. केरल
3. महाराष्ट्र 4. मिजोरम

**कूट :**
(a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 4, 1, 3

(c) 4, 3, 1, 2 (d) 2, 4, 3, 1

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–2001 की जनगणानुसार दिए गये विकल्पों में केरल की साक्षरता 90.92% है, जो कि सर्वाधिक है। दूसरे स्थान पर मिजोरम की साक्षरता है, जो कि 88.49 है। तीसरे और चौथे स्थान पर गोवा और महाराष्ट्र की साक्षरता दर है, जो क्रमशः 82.32% और 77.27% है।
नवीनतम 2011 की जनगणना के अनुसार केरल में साक्षरता दर 94.0%, मिजोरम में 91.3%, गोवा में 88.7% तथा महाराष्ट्र में 82.3% है।

**52. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें भारत की कुल पोलियो प्रभावित जनसंख्या की 82 प्रतिशत निवास करती है?**

(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश (c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–पोलियो, पानी से फैलने वाली बीमारी है। इसके वायरस मुँह, फेफड़े और आँतों तक संरचरण करते हैं। यह रीढ़ की हड्डी पर भी आक्रमण करता है, जिससे जीवनभर विकलांगता उत्पन्न हो जाती है। विकासशील देशों में पोलियो एक भयानक संक्रामक रोग है। भारत में सर्वाधिक पोलियो ग्रस्त रोगी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या कुल रोगियों के 82% के बराबर है। इसके बाद बिहार का स्थान है। राजस्थान, पश्चिमी, बंगाल, हरियाणा, गुजरात तथा दिल्ली में भी इसके वायरस पुनः फैल रहे हैं। 2003 में 10 मई तक देश भर में 77 मामले पोलियो के दर्ज किए गए, जिसमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश में 24, पश्चिमी बंगाल में 23 मामले पाये गये। इसके अतिरिक्त बिहार में 8, मध्य प्रदेश में 7, राजस्थान में 4, दिल्ली में 3 शामिल हैं।
**(स्रोत–क्रानिकल इयर बुक -2008)**

**53. 'खासी एवं गारो' भाषा बोलने वाली जनसंख्या पायी जाती है–**

(a) मध्य प्रदेश में (b) मेघालय में
(c) त्रिपुरा में (d) असम में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–'खासी एवं गारो' भाषा बोलने वाली जनसंख्या मेघालय में पायी जाती है। यह खासी और गारो पहाड़ियों के पास रहने वाली भारतीय जनजातियाँ हैं।
**(स्रोत–भारत-2008)**

**54. 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा अंक भारत की नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत को सही तरह से प्रदर्शित करता है?**

(a) 23.7 (b) 25.7 (c) 27.8 (d) 28.7

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1,027,015,247 है जिसमें नगरों में रहने वालों की संख्या 285,354, 954 है, जो भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 27.78% है। 1991 में यह भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 25.7% ही था, अर्थात् 2.08% की वृद्धि दर्ज हुई। भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य गोवा है, यहाँ की कुल नगरीय जनसंख्या 668,869 है, जो देश का 49.77% है। इसके बाद मिजोरम का स्थान है, जहाँ की लगभग 49.50% जनसंख्या नगरों में रहती है। सबसे कम नगरीकृत राज्य हिमाचल प्रदेश (9.79%) है।
नवीनतम जनगणना-2011 के अनुसार देश की कुल जनसंख्या 121.05 करोड़ में 37.71 करोड़ शहरी क्षेत्रों में तथा 83.34 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। इस प्रकार देश की कुल जनसंख्या में शहरी जनसंख्या 31.2% तथा ग्रामीण जनसंख्या 68.8% है।

**55. नगरीकरण एवं औद्योगीकरण हानिकारक है–**

(a) संतुलित विकास के लिए
(b) पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के लिये
(c) जैव-विविधता के संरक्षण के लिये
(d) उपरोक्त सभी के लिए

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–नगरीकरण और औद्योगीकरण वर्तमान सभ्यता की देन है जो कि संतुलित विकास, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तथा जैव-विविधता के संरक्षण के लिए हानिकारक है। इससे प्राकृतिक संतुलन प्रभावित होता है। **(स्रोत–2008)**

**56. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

(a) महाराष्ट्र भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य है
(b) हिमाचल प्रदेश भारत का सबसे कम नगरीकृत राज्य है
(c) उत्तर प्रदेश में भारत में नगरीय जनसंख्या का सर्वाधिक सान्द्रण पाया जाता है
(d) नागालैण्ड में भारत की नगरीय जनसंख्या का न्यूनतम सान्द्रण पाया जाता है

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के अनुसार भारत का सबसे कम नगरीय जनसंख्या हिमाचल प्रदेश की है, जहाँ मात्र 9.79% जनसंख्या ही शहरों में निवास करती है।
2011 की जनगणना के अनुसार गोवा भारत का सर्वाधिक नगरीकृत (62.2%) राज्य है तथा हिमाचल प्रदेश भारत का सबसे कम नगरीकृत (10%) राज्य है।

**57. भारत में शहरीकरण के सम्बन्ध में निम्न कथनों में से कौन सा सही नहीं है?**

(a) कुछ अपवादों को छोड़कर, भारत में शहरी विकास दर सदैव बढ़ती रही है
(b) भारत में शहरी जनसंख्या की सान्द्रण की वृद्धि अपेक्षाकृत बड़े शहरों में हुयी है
(c) भारत में सभी क्षेत्रों का शहरीकरण सर्वथा समान रूप से हुआ है
(d) रोजगार, आवास, प्रदूषण, ऊर्जा भारत में मुख्य शहरी समस्यायें हैं

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत में शहरीकरण, प्रायः देश के सभी भागों में आजादी के पश्चात् हुआ है। इसकी दर सदैव बढ़ती रही (कुछ अपवादों को छोड़कर) ``सभी क्षेत्रों का शहरीकरण सर्वथा समान रूप से हुआ है।'' यह सत्य नहीं है, क्योंकि अपेक्षाकृत पिछड़े राज्य (बीमारू राज्य-उड़ीसा, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में शहरीकरण दर अन्य राज्यों की अपेक्षा भिन्न रही है। **(स्रोत–भारत-2008)**

**58. निम्नांकित देशों में किसकी कुल जनसंख्या भारत की नगरीय जनसंख्या से अधिक है?**

(a) इण्डोनेशिया (b) ब्राजील
(c) रूस (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारत की नगरीय जनसंख्या, से अधिक, कुल जनसंख्या संयुक्त राज्य अमेरिका की है। जनगणना : 2001 के अनुसार, भारत की नगरीय जनसंख्या 28 करोड़ है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका की कुल जनसंख्या 28.7 करोड़ है। इसके अतिरिक्त ब्राजील 17.5 करोड़, रूस 14.9 करोड़ और इन्डोनेशिया की जनसंख्या 22.8 करोड़ है। **(स्रोत–भारत-2008)**

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य एवं राज्य के नीति निदेशक तत्व

**59. निम्नांकित अधिकारों में से कौन से अधिकार भारत में सभी व्यक्तियों को उपलब्ध नहीं है?**
**नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर अपना उत्तर चुनिये–**
1. विधि के समक्ष समानता
2. भेदभाव के विरुद्ध अधिकार
3. देशभर में स्वतंत्र भ्रमण की स्वतंत्रता
4. चुनाव लड़ने का अधिकार

**कूट :**
(a) 1, 3 4 (b) 1, 2, 4
(c) 1, 2, 3 (d) 2, 3, 4
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–हमारे संविधान में व्यक्ति और नागरिक के बीच विभेद 'मूल अधिकारों' के संदर्भ में किया गया है। कुछ मूल अधिकार, केवल भारतीय नागरिकों को ही प्राप्त हैं (अनु. 15, 16, 19, 29, 30)। 'विधि के समक्ष समानता' के अधिकार का उल्लेख अनु. 14 में है। यह अधिकार सभी भारतवासी को प्राप्त है, चाहे वह नागरिक हो या न हो। 'भेदभाव के विरुद्ध अधिकार' अनु. 15 में वर्णित है। यह केवल भारतीय नागरिक को ही प्राप्त है। इसी के समान 'देशभर में स्वतंत्र भ्रमण की स्वतंत्रता' और 'चुनाव लड़ने का अधिकार' जिसका उल्लेख अनु. 19 में हैं, केवल भारतीय नागरिक को ही प्राप्त है, सभी व्यक्ति को नहीं।
**(स्रोत–भारत का संविधान : एक परिचय - डी. डी. बसु)**

**60. निम्नलिखित में, राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों के विषय की पहचान कीजिए।**
(1) मद्य निषेध
(2) फैक्ट्रियों एवं खानों में बाल श्रम निषेध
(3) बेगार अथवा बलात् श्रम निषेध
(4) अस्पृश्यता निषेध

**निम्न कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।**
**कूट :**
(a) 1, 2 (b) 1, 2, 3
(c)1 (d) 2, 3, 4
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–संविधान के भाग 4 में अनु. 36 से अनु. 51 तक राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों का वर्णन है। अनु. 47 राज्य को निर्देश देता है, कि राज्य अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने और राज्य, विशिष्टतया मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक औषधियों के प्रयोग का प्रतिषेध करने का प्रयास करेगा। अनु. 23 के अनुसार, मानव का दुर्व्यापार और बेगार का प्रतिषेध तथा अनु. 24 में कारखानों में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध एवं अनु. 17 के अनुसार, अस्पृश्यता निषेध मूल अधिकारों में शामिल है।
**(स्रोत–भारत का संविधान : एक परिचय-डी.डी. बसु)**

## संघ-राज्य सम्बन्ध, प्रशासन एवं जम्मू-कश्मीर राज्य

**61. निम्नलिखित में से कौन संविधान समीक्षा हेतु राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष हैं?**
(a) न्यायमूर्ति ए.आर. अहमदी (b) श्री प्रमोद महाजन
(c) श्री मनोहर जोशी (d) न्यायमूर्ति वेंकटचेलैया
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–फरवरी, 2000 (तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई थे) में केंद्र सरकार ने संविधान में व्यापक संशोधनों के लिए एक संविधान समीक्षा आयोग का गठन, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व, मुख्य न्यायाधीश वेंकटचेलैया की अध्यक्षता में किया। यह 10 सदस्यीय आयोग था। इस आयोग ने अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रतिवेदन मार्च, 2002 को प्रस्तुत की थी।
**(स्रोत–भारत का संविधान : एक परिचय-डी.डी. बसु)**

**62. 'लेखानुदान' संघ सरकार को अनुमति प्रदान करता है :**
(a) सार्वजनिक ऋण लेने के लिए
(b) भारतीय रिजर्व बैंक से धन उधार लेने के लिए
(c) राज्यों को अनुदान प्रदान करने के लिए
(d) निश्चित अवधि के लिए भारतीय संचित निधि से धन निकालने के लिए
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–जब सरकार का बजट न पास हो, तब सरकार आवश्यक खर्चों के भुगतान हेतु 'लेखानुदान' के माध्यम से, एक निश्चित अवधि के लिए भारत की संचित निधि से धन को निकालती है।
**(स्रोत–भारत का संविधान : एक परिचय-डी.डी. बसु)**

**63. निम्नांकित करों में से किसके अंतर्गत व्यक्ति द्वारा देय पूर्ण धनराशि संविधान द्वारा सीमित कर दी गयी है?**
(a) निगम कर (b) (मरणोपरान्त) सम्पदा शुल्क
(c) उत्तराधिकार शुल्क (d) व्यापार, व्यवसाय एवं वृत्ति कर
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत के मूल संविधान की 7वीं अनुसूची में संघ एवं राज्यों के लिए कर सम्बन्धी प्रावधान दिये गये हैं जिसमें संघ सूची में 97 विषय, राज्य सूची में 66 विषय और समवर्ती सूची में 47 विषय हैं। कुछ कर हैं, जो केवल संघ के अधिकार में हैं--(1) सीमा शुल्क, (2) निगम कर, (3) आयकर आदि। कुछ कर हैं, जिन पर राज्य का अधिकार है–(1) भूराजस्व, (2) स्टाम्प शुल्क, (3) विक्रय कर, (4) पथ कर, (4) व्यापार, व्यवसाय एवं वृत्ति कर आदि कुछ कर हैं जिन पर अधिकार संघ का है किन्तु संग्रहीत और खर्च राज्य करता है जबकि कुछ कर ऐसे हैं जो संघ द्वारा संग्रहीत होते हैं किन्तु राज्य को समानुदेशित किए जाते हैं इसमें कृषि से भिन्न सम्पत्ति के सम्बन्ध में सम्पदा शुल्क, रेल, समुद्र तथा वायु द्वारा ले जाने वाले माल या यात्रियों पर सीमा कर आदि। इसी सम्पदा शुल्क में मरणोपरान्त सम्पदा शुल्क है, जिस पर संविधान के निर्देशानुसार व्यक्ति की देनदारी नहीं लगायी गयी है।
**(स्रोत–भारत का संविधान : एक परिचय-डी.डी. बसु)**

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**64. निम्नांकित किस विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार संसद की संविधान संशोधन शक्ति को सीमित किया?**
(a) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(c) केशवानन्द भारतीय बनाम केरल राज्य
(d) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–'गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य' नामक केस में, पहली बार सर्वोच्च न्यायालय ने मूल अधिकारों में अतिक्रमण के संदर्भ में संसद की संविधान संशोधन शक्ति (अनु.-368) को सीमित किया, और मूल अधिकारों को संशोधन की सीमा से बाहर बताया।
**(स्रोत–भारतीय संविधान-पुखराज जैन)**

**65. कथन (A) :** भारत में न्यायिक पुनरीक्षण क्षेत्र सीमित है।
**कारण (R) :** भारतीय संविधान ''उधार वस्तुओं से भरा थैला है।''
**सही उत्तर चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये :**

**कूट :**
(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है परन्तु R सही है
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–न्यायिक पुनरावलोकन से तात्पर्य न्यायपालिका की उस शक्ति से है जिसके अन्तर्गत वह कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका के उन आदर्शों एवं कार्यों का तथा स्वयं अपने द्वारा किये गये किसी निर्णय का पुनरावलोकन कर सकता है। उन्हें संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध पाने पर अवैध घोषित कर सकता है। इसका यह अधिकार उसे असीमित बना देता है, यह अपने इसी अधिकार के द्वारा संसद की स्वेच्छाचारिता पर नियन्त्रण रख सकता है। संविधान की धारा 131 एवं 132 द्वारा संसदीय विधियों, 137 द्वारा अपने निर्णयों पर पुनर्विलोकन का अधिकार है। अनुच्छेद 13 एवं 32 द्वारा यह मौलिक अधिकारों का पुनर्विलोकन करने का अधिकार है। अतः उसका क्षेत्र सीमित नहीं है। भारतीय संविधान में संसदीय व्यवस्था-ब्रिटेन से, मौलिक अधिकार, सर्वोच्च न्यायालय-अमरीका से, संघात्मक व्यवस्था-कनाडा से, समवर्ती सूची-आस्ट्रेलिया से, संशोधन पद्धति-दक्षिण अफ्रीका से लिया गया है। इसीलिए भारतीय संविधान को 'उधार वस्तुओं से भरा थैला' कहा जाता है।
**(स्रोत–भारतीय संविधान-पुखराज जैन)**

## निर्वाचन आयोग एवं राजभाषा

**66. मुख्य आयुक्त को पदच्युत किया जा सकता है–**
(a) संसद के दोनों सदनों के दो-तिहाई बहुमत द्वारा
(b) उस प्रक्रिया द्वारा जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होती है
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राष्ट्रपति द्वारा
(d) मंत्रिपरिषद् के परामर्श पर राष्ट्रपति द्वारा
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–मुख्य निर्वाचन आयुक्त एक संवैधानिक पद है, जिसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 324 में है। कार्यकाल पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद विमुक्त करने की प्रक्रिया का वर्णन संविधान में किया गया है। संविधान के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से उसी प्रकार पद विमुक्त किया जायेगा जैसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को।
**(स्रोत–भारत का संविधान-डी.डी. बसु)**

# अर्थव्यवस्था

## गरीबी एवं बेरोजगारी

**67. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना | 1. 2000 |
| B. स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना | 2. 1993 |
| C. रोजगार गारंटी योजना | 3. 1999 |
| D. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना | 4. 2001 |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 | (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–वर्ष 2001-02 के बजट की घोषणा के संदर्भ में, जीवन बीमा निगम ने समूह बीमा की एक नयी योजना 'कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना-2001' को 1 जुलाई, 2001 से प्रारम्भ किया। इसमें जीवन बीमा सुरक्षा, सावधिक एकमुश्त लाभ तथा कृषि मजदूरों को पेंशन लाभ दिया जाता है। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, गाँवों में रहने वाले गरीबों के लिए स्व-रोजगार की एक अकेली योजना 1 अप्रैल, 1999 को प्रारम्भ की गयी। इस योजना का उद्देश्य सहायता प्राप्त प्रत्येक परिवार को 3 वर्ष की अवधि में गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आवास तथा सड़कों के विकास में तेजी लाने के लिए, प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना की शुरुआत 2000-01 के दौरान सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में की गयी थी। रोजगार गारंटी योजना 2 अक्टूबर, 1993 से ग्रामीण क्षेत्रों के 257 जिलों के, 1778 विकास खण्डों में प्रारम्भ की गयी थी।
**(स्रोत– भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम्)**

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**68. कथन (A) :** भारतवर्ष में विनिवेश, अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की प्रक्रिया का एक समाहित अंग है।
**कारण (R) :** इससे प्राप्त आय को राज्य द्वारा घोषित नीति के अनुसार उपयोग में लाया जा रहा है।
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिए :**
**कूट :**
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है परन्तु R सही है
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–कथन A भारतवर्ष में विनिवेश प्रक्रिया, अर्थव्यवस्था के उदारीकरण प्रक्रिया का एक समाहित अंग है, सत्य है। इसी नीति के तहत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों में अंशधारिता घटाने का निर्णय किया है और सार्वजनिक क्षेत्रों की अंशधारिता या प्रतिभूतियाँ निजी क्षेत्रों को बेच रही हैं। दिए गए प्रश्न का कारण R्ञइससे प्राप्त आय को राज्य द्वारा घोषित नीति के अनुसार उपयोग में लाया जा रहा है। सत्य नहीं है, क्योंकि सरकार घोषित नीति के विपरीत भी उस धन का उपयोग कर रही है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम्)**

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**69. बी.आई. एफ.आर. सम्बन्धित है–**
(a) रुग्ण इकाइयों के पुनर्निर्माण एवं वित्तीयन से
(b) शेयर बाजार की क्रियाओं के नियंत्रण से
(c) उपभोक्ता संरक्षण से
(d) बैंकिंग क्रियाओं के नियमन से
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–बी.आई.एफ.आर. रुग्ण इकाइयों के पुनर्निर्माण एवं वित्तीयन से सम्बन्धित है। इसका पूरा नाम है–**बोर्ड फॉर इंडस्ट्रियल एण्ड फाइनेंशियल रिकंस्ट्रक्शन** (औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड)। इसकी स्थापना केंद्र सरकार ने रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1985 के तहत 1987 में की। इसका कार्य रुग्ण औद्योगिक कम्पनियों के सम्बन्ध में वे सभी उपाय निर्धारित करना है जिनसे उनकी रुग्णता को रोका जा सके यदि कोई इकाई रुग्ण हो जाय तो, उसकी अवस्थता को दूर किया जा सके।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-यूनिक)**

**70. भारत में स्वतंत्र व्यापार क्षेत्रों की स्थापना की गयी है–**

(a) पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए
(b) लघु स्तरीय उद्योगों के विकास के लिए
(c) निर्यात उद्योगों के संवर्धन के लिए
(d) सूचना तकनीक के संवर्धन के लिए
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत में स्वतंत्र व्यापार क्षेत्रों की स्थापना निर्यात उद्योगों के संवर्धन के लिए की गई है। नई निर्यात नीति में केंद्र सरकार ने देश के सभी निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों (SPZs) को, 1 जुलाई, 1999 से चीन की तर्ज पर **'फ्री ट्रेड जोन्स'** (FTZs) में बदल दिया है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम्)**

**71. कृषि मूल्य आयोग की स्थापना की गई, वर्ष–**
(a) 1955 में (b) 1965 में
(c) 1970 में (d) 1973 में
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–सन् 1965 ई. में कृषि कीमत आयोग (CAP) का गठन, कृषि उपजों के समर्थन मूल्य निर्धारण हेतु किया गया, जिसने सर्वप्रथम गेहूँ के संदर्भ में न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की। सन् 1985 ई. में इस कमीशन का नाम बदलकर कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) कर दिया गया। मई, 2003 ई. में अभिजीत सेन के नेतृत्व में कृषिगत उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण के नीतिगत पहलुओं की समीक्षा के लिए एक आयोग गठित किया गया है।
**(स्रोत–अर्थशास्त्र विशेषांक-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**72. निम्नांकित में से कौन सा 2002-07 की निर्यात-आयात नीति का एक अंश नहीं है?**
1. वर्ष 2007 तक विश्व निर्यात का 10% हिस्सा प्राप्त करना इसका उद्देश्य है
2. वे सभी मद, जिनमें भारत आत्मनिर्भर है, आयात करने की अनुमति नहीं है
3. इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क सम्बन्धित माल स्वतंत्र रूप से घरेलू बाजार में बेचने की अनुमति है

(a) 1 (b) 1 तथा 2
(c) 3 (d) 1 तथा 3
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002-2007) के अन्त तक देश के कुल निर्यात को 80 अरब डॉलर के सालाना लक्ष्य तक पहुँचाने तथा विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को 0.80 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 1 प्रतिशत करने के नये प्रावधानों एवं प्रोत्साहनों के साथ, नई आयात-निर्यात नीति (2002-07) की घोषणा की गयी। भारत जिन वस्तुओं में आत्मनिर्भर है। उसमें कृषिगत निर्यातों को प्रोत्साहन दिया गया है। अतः यह कहना कि भारत जिसमें आत्मनिर्भर है। आयात करने की अनुमति विशेष स्थितियों में की गयी है। इसी के साथ ही इलेक्ट्रानिक्स, हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क सम्बन्धित माल स्वतन्त्र रूप से घरेलू बाजार में बेचने की अनुमति भी नई एक्जिम नीति के तहत हैं।
**(स्रोत–अर्थशास्त्र विशेषांक-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**73. एन्ट्रीपाट व्यापार से तात्पर्य है–**
(a) निर्यात व्यापार (b) आयात व्यापार
(d) तटीय व्यापार (d) निर्यात के लिए आयात की गई वस्तुएँ
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–एन्ट्रीपाट व्यापार (ENTREPOTTRADE) का अर्थ है, कि भारत विदेशों से वस्तुओं का आयात करके, उन्हें उन पड़ोसी देशों को निर्यात करता है जिसके पास समुद्रतट नहीं हैं। यह निर्यात के लिए आयात की स्थिति है। ऐसे व्यापार के विस्तार के लिए जहाजी बेड़ा विकसित होना चाहिए, इस दिशा में काफी प्रयास की आवश्यकता है। पुनर्निर्यात भूटान, नेपाल, अफगानिस्तान, इराक, ईरान, आदि देशों के साथ होता है। तटवर्ती व्यापार का अर्थ है, एक ही तटीय खण्ड में उपस्थित पत्तनों के मध्य परस्पर व्यापार। इसे तटवर्ती व्यापार या कोस्टल ट्रेड कहा जाता है। निर्यात का अर्थ है अपने देश से दूसरे देश में सामान देना, जबकि आयात में दूसरे देश से अपने देश के लिए माल मंगाया जाता है। **(स्रोत–भारत-अलका गौतम)**

**74. भारत से चमड़े का अधिकतम आयात करने वाला देश है–**
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) ग्रेट ब्रिटेन
(d) कनाडा (d) जर्मनी
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारत में चमड़े का कार्य बहुतायत मात्रा में किया जाता है, जिसमें चमड़ा तथा इससे बनी वस्तुएँ बाहर भेजी जाती है। भारतीय चमड़े की माँग जर्मनी में सर्वाधिक है। इसके अलावा इंग्लैंड, रूस, फ्रांस, अमरीका, इटली, जापान आदि देश भी भारतीय चमड़े का आयात करने वाले प्रमुख देश हैं। 1995-96 में चमड़े का निर्यात 5790 करोड़ रुपये हो गया था। जर्मनी चमड़े के अलावा दालें, जूट के बोरे, कहवा, चाय, अभ्रक, मैगनीज, गरम मसाले आदि चीजों का भी आयात करता है। (स्रोत–भारत का भूगोल-चतुर्भुज मामोरिया)

**75. कथन (A) :** सरकार के बजट में घाटे का एक बड़ा स्रोत अर्थ साहाय्य हैं।
**कारण (R) :** भारतीय कृषि में विकसित देशों की तुलना में अर्थ साहाय्यों का स्तर बहुत अधिक है।
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिए।**
**कूट :**
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा Rदोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–बजट में भारत सरकार के व्यय को दो भागों में बाँटा जा सकता है (1) राजस्व व्यय, (2) पूँजीगत व्यय। राजस्व व्यय को भी दो भागों में बाँटा जा सकता है–(i) विकासात्मक व्यय, (2) गैर विकासात्मक व्यय। व्यय का वर्गीकरण निम्न है–ब्याज 23%, रक्षा 14%, आर्थिक सहायता 8%, अन्य आयोजना भिन्न व्यय-11% करों व शुल्कों में राज्यों का हिस्सा 15%, राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को आयोजना भिन्न सहायता 3%, राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों की आयोजना सहायता, 10% केन्द्रीय आयोजना 16%। इसमें कृषि का हिस्सा 1.31% के लगभग है। अतः यह कहना कि कृषि में अर्थ साह्यय अधिक है, गलत होगा।
**(स्रोत–अर्थशास्त्र विशेषांक - यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

# मुद्रा, बैंकिंग, कर प्रणाली एवं केन्द्र-राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**76. 'पत्र-स्वर्ण' का अर्थ है–**
(a) विश्व बैंक की विशेष सहायता सुविधा
(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का विशेष आहरण अधिकार

(c) वे मुद्रायें जो अब भी स्वर्णमान पर हैं
(d) हीनार्थ प्रबन्धन
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–पत्र स्वर्ण (Paper Gold) का अर्थ है, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का विशेष (स्पेशल ड्राइंग राइट्स) आहरण अधिकार (SDR)। दिसंबर, 1971 से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के समस्त लेन-देन विशेष आहरण अधिकार के रूप में व्यक्त किया जाने लगा है। 1 जनवरी, 1985 से SDR का मूल्य पाँच बड़े निर्यातक सदस्य देशों की मुद्राओं (डॉलर, मार्क, येन, फ्रैंक और पाउण्ड, स्टर्लिंग) की पिटारी के आधार पर निर्धारित किया जाने लगा है। S.D.R. का वर्तमान कोष 21,400 मिलियन डॉलर है।

**77. निम्नलिखित में विपणन संस्था कौन सी है?**
(a) सेबी (SEBI) (b) सेल (SAIL)
(c) सिडबी (SIDBI) (d) नाबार्ड (NABARD)
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–दिए गए विकल्पों में सेल (SAIL) विपणन संस्था है। इसका पूरा नाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया है। इसकी स्थापना 1974 ई. में सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों का प्रबंधन एवं स्वामित्व सौंपने के लिए किया गया। यह सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों से उत्पादित इस्पात का विपणन भी देखती है।

**78. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के हाल के आकलन के अनुसार 2002-03 में विकास दर होगी–**
(a) 5-5.5% (b) 5.5-6.0% (c) 6.0-6.5% (d) 6.5-7.0%
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–रिजर्व बैंक द्वारा गत माह में जारी विज्ञप्ति के अनुसार 2002-03 में विकास दर 5 से 5.5% होने का अनुमान है जो कि पूर्व में 6 से 6.5% अनुमानित थी। ज्ञातव्य है कि रिजर्व बैंक देश के विकास संबंधी स्थिति का आंकलन वर्तमान आर्थिक क्रियाकलापों एवं मानसून तथा प्राकृतिक आपदाओं के संदर्भ में किया करता है।

**79. निम्नलिखित में से कौन एक रेपो दर को नियमित करता है?**
(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) सामान्य बीमा निगम
(c) आयात निर्यात निगम (d) सहयोग निधि
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–रेपो दर को भारतीय रिजर्व बैंक नियमित करता है। ज्ञातव्य है कि रेपो दर वह दर है जो रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को बेचे जाने वाले अल्पकालीन सरकारी बाण्डों व प्रतिभूतियों (पुनर्खरीद समझौते के तहत) पर अदा की जाने वाली ब्याज दर है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम्)**

**80. भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में निम्नलिखित में से किसका हिस्सा सर्वाधिक है?**
(a) अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की प्रतिभूतियाँ
(b) स्वर्ण भंडार
(c) विदेशी मुद्रा
(d) अनिवासी भारतीयों की जमा
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार की स्थिति 12 अप्रैल, 2002 को 54,805 बिलियन डॉलर थी, जिसमें कुल विदेशी मुद्रा 51.746 बिलियन डॉलर थी और 3.047 बिलियन डॉलर का स्वर्ण एवं शेष राशि SDR थी।
17 अक्टूबर, 2014 की स्थिति के अनुसार भारत का कुल विदेशी मुद्रा कोष 313.68 अरब डालर थी जिसमें विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियां 287.80 अरब डालर, स्वर्ण 20.01 अरब डालर, एस.डी.आर. 4.32 अरब डालर और आई.एम.एफ. के पास जमा राशि 1.55 अरब डालर है।

**81. भारत में 'नाबार्ड' बैंक पुनः वित्त उपलब्ध नहीं कराता–**
(a) अनुसूचित व्यापापारिक बैंकों को
(b) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को
(c) निर्यात-आयात बैंक को
(d) राज्य भूमि विकास बैंक को
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु वित्त उपलब्ध कराने वाली शीर्ष संस्था राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक ''नाबार्ड'' की स्थापना 12 जुलाई, 1982 को की गई थी। नाबार्ड ग्रामीण ऋण ढाँचे में एक शीर्षस्थ संस्था के रूप में अनेक वित्तीय संस्थाओं जैसे राज्य भूमि विकास बैंक, राज्य सहकारी बैंक, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को पुनर्वित्त सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। इसमें निर्यात-आयात बैंक शामिल नहीं हैं। नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पाद गतिविधियों के विस्तृत क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए ऋण देता है। अपनी ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नाबार्ड, भारत सरकार, विश्व बैंक तथा अन्य एजेन्सियों से राशियाँ प्राप्त करता है।
**(स्रोत–अर्थशास्त्र विशेषांक-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**82. भारत सरकार के वर्ष 2000-01 में विनिवेश के रु. 10,000 करोड़ के लक्ष्य के विपरीत वसूली गयी धनराशि थी, केवल–**
(a) रु.4,843 करोड़ (b) रु. 3,038 करोड़
(c) रु. 2,600 करोड़ (b) रु. 1,829 करोड़
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–विनिवेश निजीकरण का मुख्य अंग है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा अपनी अंश पूँजी कम किया जाना विनिवेश कहलाता है। यह नीति भारत में जून 1991 से लागू की गई। वर्ष 1991 से अब तक की अवधि में कुल 38 सार्वजनिक इकाइयों का विनिवेश किया गया। इसके तहत निर्धारित लक्ष्य 78,300 करोड़ रु. के विरुद्ध 29487 करोड़ रु. की धनराशि प्राप्त की गई। 2000 से 2003 के मध्य कुल 10,941 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवधि में VSNL, BALCO, MARUTI UDYOG LTD., IPCL, BPCL, CMC पारादीप फास्फेट लिमिटेड, मार्डन फूड इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, ITDC के 19 होटलों का विनिवेशी कारण किया गया।
**(स्रोत–अर्थशास्त्र विशेषांक - यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## भारत का विदेश व्यापार, आर्थिक संगठन एवं शेयर बाजार

**83. विश्व व्यापार संगठन के विषय में क्या सत्य नहीं है?**
(a) यह 1 जनवरी, 1995 को स्थापित हुआ था
(b) यह सदस्य देशों के बीच व्यापार प्रोत्साहित करता है
(c) इसकी उत्पत्ति बहुपक्षीय व्यापार समझौते के उरुग्वे दौर से हुई थी
(d) इसने व्यापार में उदारीकरण लाया है
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–विश्व व्यापार संगठन की स्थापना, इसके पूर्ववर्ती गैट (GATT) की उरुग्वे चक्र की लम्बी वार्ता (1986-93) के परिणामस्वरूप हुई, इसकी स्थापना उरूग्वे चक्र के समझौते पर मोरक्को के मराकस नगर में अप्रैल, 1994 के गैट के 123 सदस्य राष्ट्रों ने हस्ताक्षर किए थे। 1 जनवरी, 1995 से इसकी विधिवत स्थापना हो गयी, तथा इसने विश्व व्यापार के नियमन के लिए औपचारिक संगठन के रूप में गैट का स्थान ले लिया। इसकी बैठक सामान्यतः वर्ष में एक बार जेनेवा में होती है। इस समय इस संगठन में 151 देश शामिल हैं। विश्व व्यापार संगठन का पाँचवा मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कानकुन 2003 में हुआ था, जबकि WTO का छठां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन दिसंबर, 2005 में हांगकांग में हुआ।
**(स्रोत–क्रानिकल ईयर बुक -2005)**

**84. भारत के कुल निर्यातों में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का अंश है–**

(a) 30 प्रतिशत (b) 25 प्रतिशत
(c) 20 प्रतिशत (d) 15 प्रतिशत

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत का सर्वाधिक विदेशी व्यापार संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ है। यद्यपि विगत 5-6 वर्षो से अमरीकी कानून की धारा सुपर 301, स्पेशल 301 के कारण भारत अमरीकी व्यापार पर दवाब बना होने पर भी भारत सरकार ने अपनी व्यापार नीति में कोई परिवर्तन न करने की घोषणा की। भारत अपने सम्पूर्ण निर्यात का 19.4% का निर्यात संयुक्त राज्य अमरीका को करता है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल-चतुर्भुज मामोरिया)**

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**85. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये -**

| सूची-I (ऊर्जा रूपांतरण) | सूची-II (युक्ति/प्रक्रम) |
|---|---|
| A. ऊष्मा से वैद्युत | 1. कार ब्रेकिंग |
| B. वैद्युत से ध्वनि | 2. नाभिकीय रिएक्टर |
| C. द्रव्यमान से ऊष्मा | 3. लाउडस्पीकर |
| D. रासायनिक से ऊष्मा एवं प्रकाश | 4. सौर सेल |
| | 5. ईंधन दहन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 5 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**उत्तर** – (b)

**86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

1. हृदय, अवश्रव्य आवृत्ति पर कंपन करता है
2. ध्वनि की गति गैस में, द्रव एवं ठोस की तुलना में अधिक होती है
3. मैक संख्या, ध्वनि की गति वर्णित करने के लिए प्रयोग में लाते हैं
4. पराश्रव्य ध्वनि की आवृत्ति 20,000 हर्ट्ज से अधिक होती है

**इन कथनों में -**

(a) 1, 2 तथा 3 सही हैं (b) 2, 3 तथा 4 सही हैं
(c) 1, 3 तथा 4 सही हैं (d) 1, 2 तथा 4 सही हैं

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** अवश्रव्य तरंगें वे यांत्रिक तरंगे हैं, जिनकी आवृत्ति 20 हर्ट्ज से कम होती हैं, ये तरंगें हमें सुनाई नहीं देती। ये तरंगें भूकम्प के समय पृथ्वी के अन्दर उत्पन्न होती हैं। हमारे हृदय में धड़कन की आवृत्ति अवश्रव्य तरंगों के समान होती है। पराश्रव्य तरंगें वे अनुदैर्ध्य यांत्रिक तरंगें हैं, जिनकी आवृत्ति 20,000 हर्ट्ज (20 किलो हर्ट्ज) से अधिक होती है। इसी तरह मैक संख्या ध्वनि की गति वर्णित करने के लिए प्रयोग में लायी जाती है। जहां तक ध्वनि की चाल का अर्थ है, तो यह ठोस में गैसों से अधिक होता है। ठोस वस्तुएं द्रव तथा गैसों की अपेक्षा अधिक प्रत्यास्थ होती हैं। अतः ठोसों में ध्वनि की चाल सबसे अधिक होती है। इसलिए यह कहना कि गैसों में ठोसों और द्रवों की अपेक्षा ध्वनि की चाल अधिक होती है, गलत है।

**87. पेंसिल सरीखे एक पिण्ड को जलते हुए, टी.वी. पर्दे या ट्यूबलाइट के सामने तेजी से घुमाने पर उस पिंड के कई प्रतिबिम्ब हमें दिखलाई पड़ते हैं। इसका कारण है -**

(a) स्ट्रोबोस्कोपी प्रभाव (b) प्रकाश वैद्युत प्रभाव
(c) दृष्टि भ्रम (d) वैद्युत चुम्बकीय प्रभाव

**उत्तर :** (a)

## रसायन विज्ञान

**88. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) मैग्नीशियम - आतिशबाजी (b) यूरेनियम – परमाणु बम
(c) सिल्वर – इलेक्ट्रिक बल्ब (d) जिंक - गैल्वनीकरण

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** मैग्नीशियम एक धातु है, जिसके कई अयस्क है। जैसे – मैग्नेसाइट, डोलोमाइट, कार्लेलाइट आदि। इसका उपयोग धातु मिश्रण में, प्लैश बल्ब बनाने तथा आतिशबाजी में होता है। जिंक एक यौगिक है जिसका प्रयोग बैटरी बनाने, हाइड्रोजन बनाने, मलहम बनाने आदि में किया जाता है। चांदी (सिल्वर) भी एक धातु है। इसका उपयोग सिक्के व आभूषण बनाने, बर्तनों में चढ़ाने में, सिल्वर ब्रोमाइट बनाने में किया जाता है। इसके अलावा यह दांतों में भरने व दर्पण बनाने में भी प्रयुक्त होता है। इलेक्ट्रिक बल्ब बनाने में चांदी (सिल्वर) का प्रयोग नहीं होता। यूरेनियम परमाणु बम बनाने में प्रयुक्त होता है।

## वनस्पति विज्ञान

**89. कथन (A) : शाकनाशी, उपयोगी पौधों को बिना क्षति पहुंचाये अपतृणों को नष्ट कर सकते हैं।**
**कारण (R) : अपतृणों एवं फसली पौधों द्वारा शाकनाशी भिन्न-भिन्न दरों पर अवशोषित होते हैं।**
**नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

**कूट :**

(a) A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** जो पौधे बिना बोये खेतों में उग जाते हैं तथा फसलों के लिए साधारणतया अवांछनीय तथा हानिकारक होते हैं, उन्हीं को नष्ट करने के लिए शाकनाशी का प्रयोग किया जाता है। ये शाकनाशी मुख्य पौधे को बिना नुकसान पहुंचाए अपतृणों को नष्टकर देता है। इसका मुख्य कारण अवशोषण की असमानता है। शाकनाशी दो तरह के होते हैं, एक तो वह जो किसी विशेष जाति के पौधे को नष्ट करते हैं और दूसरे को कोई हानि नहीं पहुंचाते जैसे – 4 डी.एम.सी.पी., 4-5 टी, 2, 4, 5 टीवी कारवेलिन। दूसरा ऐसे जो सभी वनस्पतियों को नष्ट कर देते हैं। इनका प्रयोग बंजर तथा परती भूमि में होता है। इसका उदाहरण है – पेराक्केट, क्लोशेपिकरिन, ब्रोमोसिल आदि।

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**90. निम्नलिखित में कौन सा विटामिन एवं उसकी कमी वाला रोग सुमेलित नहीं है?**

(a) कैल्सीफेराल – अस्थि रुग्णता
(b) नायसिन - पेलाग्रा (चर्मग्राह)
(c) कोबालमिन - संघातिक रक्ताल्पता
(d) रिबोफ्लेमिन - बेरी-बेरी

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या : कैल्सीफेराल –** यह विटामिन D का रासायनिक नाम है। यह वसा में विलेय है तथा हड्डियों को मजबूत करने में सहायक है। इसकी कमी से हड्डियाँ कमजोर होती हैं और बच्चों में सूखा रोग **रिकेट्स** होता है। **नायसिन –** यह निकोटिन है, इसकी कमी से **पेलाग्रा** रोग होता है तथा मानसिक विकास एवं पाचन क्रिया में खराबी हो जाती है। **कोवालमिन –** यह विटामिन $B_{12}$ का रासायनिक नाम है। इसकी कमी से शरीर में सनायविक दोष आ जाता है और **एनीमिया** रोग हो जाता है। सांघातिक रक्ताल्पता अर्थात् पायरीडाक्सिन विटामिन $B_6$ की कमी से होता है। **रिबोफ्लेविन** अर्थात् विटामिन $B_2$ की कमी से शारीरिक भार में कमी आ जाती है। होंठ, जिह्वा तथा त्वचा में रूखापन आ जाता है। बेरी-बेरी रोग विटामिन $B_1$ अर्थात् थायमिन की कमी से होता है।

**91. निश्चेतक के रूप में प्रयुक्त हो सकने वाले पदार्थ हैं –**

1. क्लोरोफार्म
2. नाइट्रस आक्साइड
3. हीलियम
4. कार्बन डाई ऑक्साइड

**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए :**

**कूट :**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
(c) 3 तथा 4 (d) 1 तथा 4

**उत्तर :** (a)

**व्याख्या :** निश्चेतक मुख्यतः संवेदना को कम करने के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं। निश्चेतक का प्रयोग सबसे पहले विलियम मोरटन ने 1846 में **डाई एथिल ईथर** के रूप में किया था। इसके पश्चात् 1847 में जेम्स सेम्पसन ने **क्लोरोफार्म** को निश्चेतक के रूप में प्रयोग किया। क्लोरोफार्म, पेन्टाथल सोडियम, हेलोथेन, ईयर नाइट्रस ऑक्साइड, ट्राईक्लोरो एथिलीन, क्लोरो प्रोपेन, कोकीन, डायजीपाम, सल्फोनल, वेरोनल आदि निश्चेतक के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

**92. मेन्डेल ने अपने चिरप्रतिष्ठित 'वंशागति नियमों' को प्रतिपादित करने में जिस जीवधारी का उपयोग किया, वह था -**

(a) ड्रासोफिला (b) स्नैप ड्रैगन
(c) गार्डन पी (मटर) (d) स्वीट पी (सुगंधित मटर)

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** ग्रेगर जान मेण्डल को आनुवांशिक का पिता भी कहते हैं। मेण्डल ने विज्ञान व गणित की पढ़ाई की तथा दर्शनशास्त्र से उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने चर्च के प्रांगण के गार्डेन में ही मटर के पौधों पर विभिन्न प्रयोग किये तथा अपने प्रयोगों का गणित फलन बताया। उनके काम को उस समय लोगों ने कोई मान्यता नहीं दी। मेण्डल ने क्रोमोसोम, जीन, लक्षण आनुवांशिकी आदि शब्दों का कभी प्रयोग नहीं किया। परन्तु सन् 1990 में उनके इसी काम को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से **ह्यूगो डी ब्रीज** नामक डच जीव वैज्ञानिक ने मान्यता दिलवाई।

**93. विचार कीजिए –**

1. अलझाइमर रोग दिवस
2. विश्व स्वास्थ्य दिवस
3. कुष्ठ निवारण दिवस
4. विश्व एड्स दिवस

**वह सही क्रम क्या है जिसमें एक कैलेण्डर वर्ष में ये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाये जाते हैं?**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 2, 1, 4

**उत्तर :** (d)

**व्याख्या :** प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया जाता है। विश्व के लगभग 67% कुष्ठ रोगी भारत में हैं। यह रोग माइक्रो बैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु द्वारा होता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया जाता है। इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अलझाइमर रोग दिवस 21 सितम्बर को मनाया जाता है। विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर को मनाया जाता है। भारत में पहली बार तमिलनाडु में 6 एड्स रोगियों की पहचान के बाद एच.आई.वी. संक्रमण देखा गया।

**94. सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्पन्न किया गया नैनोकम अर्धचालक पदार्थ की सहायता से प्रथम बार भारतीय वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक इलेक्ट्रॉनिक डायोड बनाया है जिसकी उपयोगिता युक्ति लघुरूपण में है। वह सूक्ष्मजीव है, एक -**

(a) विषाणु (b) जीवाणु (c) यीस्ट (d) प्रोटोजोआ

**उत्तर :** (d)

# कृषि, पशुपालन एवं डेयरी

**95. विश्व में लगभग 250 लाख बच्चों को प्रभावित करने वाली विटामिन-A हीनता से लड़ने की क्षमता वाले 'गोल्डन राइस' की प्रमुख उपयोगिता उसके दाने में जिसकी प्रचुरता के कारण होती है, वह है -**

(a) बीटा केरोटिन (b) थायमिन
(c) ऐस्कॉर्बिक अम्ल (d) कैल्सिफेरॉल

**उत्तर :** (a)

**व्याख्या :** वैज्ञानिकों ने जीन परिवर्तन यानी आनुवांशिक परिवर्तन करके विटामिन ए की कमी को दूर करने वाले चावल का विकास किया है। इस चावल का नाम **गोल्डन राइस** रखा गया है। इस चावल को तैयार करने में वैज्ञानिकों को 10 वर्ष तक अनुसंधान करना पड़ा। इसको पैदा करने के लिए उसके पौधे पर तीन जीनों का प्रत्यारोपण किया जाता है। जिससे पौधा बीटा कैरोटीन युक्त पीले रंग का चावल देता है। बीटा कैरोटीन ऐसा तत्व है, जो शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है - ज्ञातव्य है कि विश्व भर में बीटा कैरोटीन को विटामिन ए का सबसे प्रमुख स्रोत माना जाता है।

# कम्प्यूटर्स

**96. निम्नांकित में कौन सी सूचना प्रौद्योगिकीय परिभाषिकी नहीं है?**

(a) लॉगिन (b) मोडेम (c) पासवर्ड (d) पिनाका

**उत्तर :** (d)

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

**97. भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (IICT) ने HFC-134 को जिसके अनुकल्प के रूप में विकसित किया है, वह है -**

(a) HCFC (b) हैलॉन-1301
(c) CFC-113 (d) CFC-12

**उत्तर :** (d)

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**98. जैव विविधता के नाश का कारण है–**

(a) जीवों के प्राकृतिक आवास की कमी
(b) पर्यावरणीय प्रदूषण
(c) वनों का नाश
(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–जैव विविधता का नाश, जीवों के प्राकृतिक आवास की कमी पर्यावरणीय प्रदूषण और वनों के नाश से होता है।
**(स्रोत–भारत 2008)**

**99. प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना के अंतर्गत जिन शहरी क्षेत्रों में पड़ने वाले जलमग्न भूमि को चुना गया है, वे हैं–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. भोज | – | मध्य प्रदेश |
| 2. सुखाना | – | चंडीगढ़ |
| 3. चिल्का | – | उड़ीसा |
| 4. पिचोला | – | राजस्थान |

**नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कूट :**

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 2, 3, तथा 4
(c) 1, 3 तथा 4 (d) 1, 2 तथा 4

**उत्तर**–(c)

**100. पारिस्थितिकीय तंत्र में एक टिकाऊ जैव समूह कहलाता है–**

(a) संक्रमिका (ईकोटोन) (b) अनुक्रम (सक्सेशन)
(c) चरम अवस्था (क्लाइमैक्स) (d) क्रमकी (सिरल)

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–जीवों और वातावरण के मध्य स्थापित होने वाले अन्तः सम्बन्ध और निर्भरता पर आधारित पारिस्थितिकी तंत्र की संकल्पना ए.जी. टान्सले ने की थी। पारिस्थितिकी तंत्र में वातावरण या उसके घटकों में आने वाले कुछ छोटे परिवर्तनों को समायोजित करने की स्वचालित क्षमता होती है, जिसे होमियो स्टेसिस कहते हैं। पारिस्थितिकी में टिकाऊ जैव समूह संक्रमिका या इकोटोन कहलाता है। इकोटोन दो बायोम के मध्य का संक्रमणकालीन या अति व्यापन क्षेत्र है, जिसमें दोनों बायोमों के जन्तु तथा पादप पाये जाते हैं। अनुक्रमण या सक्सेशन उसे कहते हैं, जिसमें एक जैव समुदाय का स्थान कालान्तर में दूसरे जैव समुदाय द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है। जबकि चरम अवस्था या क्लाइमैक्स में एक प्रजाति द्वारा दूसरे का अनुक्रमण समय के साथ मन्द पड़ जाता है तथा धीरे-धीरे प्रजाति निश्चित स्वरूप प्राप्त कर लेती है।
**(स्रोत–वि'वास पैनोरमा-विज्ञान प्रौद्योगिकी)**

**101. 'रेड डाटा बुक' का सम्बन्ध है–**

(a) जैवविविधता के बारे में तथ्यों से
(b) विलुप्ति के संकट से ग्रस्त जीव-जन्तुओं से
(c) वृक्षारोपण से
(d) तस्करों द्वारा वन्य प्राणियों के अवैध शिकार से

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–रेड डाटा बुक विलुप्ति के संकट से ग्रस्त जीव जन्तुओं से सम्बन्धित है। स्विट्जरलैण्ड में 'इन्टरनेशनल यूनियन फार कन्जर्वेशन नेचर' नामक एक संस्था है, जो वन्य जीवों से सम्बन्धित अनुसंधान पर कार्य करती है। संस्था द्वारा 1969 ई. में विलुप्तप्राय दुर्लभ जीवों तथा पादपों के सम्बन्ध में रेड डाटा बुक जारी किया गया है। इसमें जीवों की संख्या 321 है। भारत में सर्वाधिक संख्या में संकटग्रस्त जीव हैं। जीवों को पिंक पेज पर दर्शाया जाता है और जैसे ही कोई जीव पर्याप्त वृद्धि कर लेता है, उसे ग्रीन पेज पर स्थान्तरित कर दिया जाता है। **(स्रोत–वि'वास-विज्ञान प्रौद्योगिकी)**

**102. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. विश्व वन्य जीवन की स्थापना 1961 में हुई
2. जुलाई 2000 में उड़ीसा के नन्दन वन अभ्यारण्य में 13 शेरों की मृत्यु का कारण ट्रायपाइनोसोमियासिस रोग रहा
3. यूकैलिप्टस वृक्ष को पारिस्थितिक-मित्र कहा जाता है
4. भारत का सबसे बड़ा जल जीवशाला कोलकाता में अवस्थित है

इन कथनों में सत्य हैं

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 2, 3 तथा 4
(c) 1, 2 तथा 4 (d) 1 तथा 2

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–1961 में विश्व प्रकृति कोष नाम से स्थापित WWF. अब विश्व प्रकृति निधि के नाम से जाना जाता है। यह निधि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वन्य जीवों की देखभाल पर नजर रखती है। फिर भी जैव विविधता पर मंडराता संकट वैश्विक रूप धारण किए हुए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जुलाई, 2000 में उड़ीसा के नन्दन कानन वन अभ्यारण्य में 13 बाघों की मौत ट्राइपाइनोसोमियासिम नामक बीमारी से हुई और गिर उद्यान में 5 सिंहों की मौत, हैदराबाद के चिड़ियाघर के अन्दर बाधिन की खाल की घटना हुई। यूकेलिप्टस वृक्ष को पारिस्थितिक मित्र नहीं शत्रु माना जाता है। यह पृथ्वी के तल के पानी का अधिक शोषण करता है। भारत का सबसे बड़ा जीवशाला बम्बई (मुम्बई) में स्थित है। **(स्रोत–वि'वास पैनोरमा)**

## तर्कशक्ति परीक्षण

**103. पाँच पुस्तकें A, B, C, D तथा E एक मेज पर इस प्रकार रखी हैं कि A, B के ऊपर है परन्तु C के नीचे है, D, E के नीचे है तथा E, B के नीचे है। B के नीचे कितनी पुस्तकें हैं?**

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–प्रश्न में 5 पुस्तकें हैं A, B, C, D, E
**प्रश्नानुसार–**
A, B के ऊपर है अर्थात् = A → B
A, B, C के नीचे है अर्थात् = C→A→B
D, E के नीचे है = E→D
E, B के नीचे है = B→E
चारों चित्रों का मिलान करने पर = C→A→B→E→D
इस प्रकार B के नीचे 2 पुस्तकें अर्थात् E और D होगी।

**104. यदि `MEENAKSHI' के 877943526 में और `RAJSHRI' को 1405216 में कोड किया जाता है तो उसी कोड में 'KARISHMA' को कोड किया जाना चाहिये?**

(a) 43162548 (b) 14075284
(c) 34105482 (d) 34165284

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–प्रश्न में अक्षरों के कोड इस प्रकार हैं–M8, E7, N9,A4K3, S5, H2,16 तथा RAJSHRI में R1, JO है तब 'KARISHMA' का कोड K3, A4, R1,16,S5 H2, M8 A4 अर्थात् 34165284।

**105. यदि किसी विशेष कोड में LCKRWT का अर्थ JAIPUR तो उसी कोड में IWCXC का अर्थ क्या होगा?**

(a) GREEN (b) GUAVA
(c) APPLE (d) MANGO

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–प्रश्न में दिए गए विशेष कोड LCKRWT का अर्थ JAIPUR है जो कि कोड अक्षर पीछे के एक अक्षर को छोड़कर पूर्ववर्ती है। अतः इसी प्रकार IWCXC का अर्थ पूर्ववर्ती एक अक्षर छोड़ने के पश्चात् GUAVA होगा, जो कि उत्तर विकल्प b में है।

**106. निम्नलिखित श्रेणी, 6, 4, 10, 8, 14, 12,........में लुप्त संख्यायें हैं**

(a) 16, 14 (b) 16, 18
(c) 14, 16 (d) 18, 16

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–प्रश्न में दी गई श्रेणी में दो श्रेणियाँ समाहित हैं। इन दोनों श्रेणियों में क्रमागत पदों के बीच का अंतर 4 है। अतः पूर्ण श्रेणियाँ इस प्रकार हैं–6, 10, 14, 18 तथा 4, 8, 12, 16


**107. एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 10 किमी. चलता है, तब वह बायीं तरफ मुड़कर 4 किमी. चलता है, पुनः वह बायीं ओर मुड़कर 13 किमी. चलता है। उस व्यक्ति एवं प्रारम्भिक बिन्दु के मध्य दूरी है–**

(a) 6 किमी. (b) 9 किमी.
(c) 5 किमी. (d) 3 किमी.

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–उक्त चित्र में व्यक्ति का गमन पथ दिशा के साथ प्रदर्शित किया गया है। इस आरेख चित्र में A व्यक्ति का प्रस्थान बिन्दु और D व्यक्ति का अंतिम बिन्दु हैं।

∠AFD में
AF=4 km.
CD=CF+FD
13=10+FD
FD = 3 K.m.




$AD = \sqrt{AF^2 + FD^2}$

$= \sqrt{4^2 + 3^2}$

$= \sqrt{16 + 9}$

$= \sqrt{25}$ = 5k.m.

अतः **उत्तर** (c) सही है।

## उत्तर प्रदेश : सामान्य-ज्ञान

**108. 2001 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश में महिला साक्षरता है–**

(a) 33.57% (b) 39.38%
(c) 42.98% (d) 44.38%

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश में महिला साक्षरता दर 42.98% थी।
नवीनतम जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता दर 67.7% है जिसमें पुरुष साक्षरता 77.3% तथा महिला साक्षरता दर 57.2% है।

**109. उत्तर प्रदेश के प्रथम ऊर्जा शिक्षा पार्क की स्थापना प्रस्तावित है–**

(a) आगरा में (b) इलाहाबाद में
(c) कानपुर में (d) लखनऊ में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–प्रश्नकाल के दौरान प्रथम ऊर्जा शिक्षा पार्क की स्थापना इलाहाबाद में प्रस्तावित था, किन्तु अनन्तर शासनादेश के तहत् आगरा कर दिया गया।

**110. निम्नलिखित में कौन सी परियोजना उत्तर प्रदेश में पेयजल परियोजना है–**

(a) शारदा सहायक नहर परियोजना
(b) ज्ञानपुर पम्प एवं नहर परियोजना
(c) गोकुल बैराज परियोजना
(d) पथरई बाँध

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–आगरा एवं मथुरा में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''गोकुल बैराज परियोजना'' के अन्तर्गत गोकुल के निकट यमुना नदी पर बैराज निर्माण किया जा रहा है। जबकि पथरई बांध परियोजना झाँसी जिले के मऊरानीपुर तहसील के बंगरा ब्लाक में पथरई नदी पर निर्माणाधीन एक सिंचाई परियोजना है। इससे आसपास के इलाकों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह शारदा सहायक घाघरा नदी पर 28 किमी. और शारदा नदी पर 260 किमी. लम्बी नहर का निर्माण करके सिंचाई परियोजना के रूप में तैयार किया गया है। ज्ञानपुर पम्प एवं नहर परियोजना भी सिंचाई परियोजना है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वार्षिकी-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**111. उत्तर प्रदेश का प्रमुख लोक गीत है–**

(a) धमार (b) बिरहा
(c) टप्पा (d) कव्वाली

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में लोकगीत गायन की एक स्वस्थ परम्परा बहुत प्राचीनकाल से रही है। प्रदेश के अत्यन्त लोकप्रिय लोकगीत हैं–बिरहा, चैता, रसिया, कजरी, आल्हा, टोला, पूरन भगत आदि। इसमें बिरहा उत्तर प्रदेश का प्रमुख लोकगीत है। यह पूर्वांचल की प्रसिद्ध लोक गायन परम्परा है, जिसमें गायक द्वारा भोजपुरी भाषा में स्थानीय क्षेत्र में घटी किसी घटना का वृत्तान्त गीत के रूप में गाया जाता है। टप्पा पंजाबी भाषा का शब्द है। जिसका अर्थ है उछलना कूदना। यह एक अत्यन्त सूक्ष्म गायन शैली है। यह शृंगार रस प्रधान है। धमार गायन की एक शैली है, जो होली से सम्बन्धित है। जबकि कव्वाली लोकगीत सूफियों की गायन पद्धति है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वार्षिकी-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**112. भारत में, उत्तर प्रदेश अग्रणी उत्पादक है–**

(a) जौ का (b) चावल का
(c) बाजरा का (d) दालों का

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। जहाँ लगभग 78% जनसंख्या का मुख्य व्यवसाय कृषि है। राज्य की कुल आय में कृषि एवं पशुपालन द्वारा लगभग 42% का सर्वाधिक योगदान होता है। खाद्यान्नों में गेहूँ, जौ तथा अफ़ीम एक उत्पादन में उत्तर प्रदेश का देश में पहला स्थान है जबकि चावल तथा दालो के उत्पादन में दूसरा स्थान है। जौ उत्तर प्रदेश के वाराणसी, आजमगढ़, जौनपुर, बलिया, मऊ, गाजीपुर, गोरखपुर, प्रतापगढ़ तथा इलाहाबाद में पैदा होता है, जबकि गेहूँ–मेरठ, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर में पैदा होता है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वार्षिकी-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**113. उत्तर प्रदेश में वनों द्वारा आच्छादित क्षेत्र की प्रतिशतता है–**

(a) 15.3 (b) 11.5 (c) 5.3 (d) 4.5

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार आवश्यक है, कि किसी राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 33.3% भाग वनों से आच्छादित होना चाहिए। इसके सापेक्ष वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 4.46% क्षेत्र पर ही वन आच्छादित हैं। उत्तर प्रदेश वन स्थिति रिपोर्ट ISFR-2015 के अनुसार उत्तर प्रदेश में अभिलिखित वन क्षेत्र 16.582 वर्ग किमी है जो इसके भौगोलिक क्षेत्र का 6.88% है तथा भारत के कुल वन क्षेत्र का 2.17 प्रतिशत है। अक्टूबर 2013 से फरवरी 2014 के दौरान उपग्रह आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर उत्तर प्रदेश में कुल वनावरण 14,461 वर्ग किमी है जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 6.00% है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वार्षिक-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**114. उत्तर प्रदेश सरकार की कुल आगम प्राप्तियों में लगभग 55 प्रतिशत प्राप्त होता है–**

(a) मनोरंजन कर से (b) व्यापार कर से
(c) स्टैम्प कर से (d) राज्य उत्पादन शुल्क से

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत व्यापार कर है। यह लगभग 55% है। यह 2001-02 में 7168.71 करोड़ रुपये था। स्टाम्प तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क 1750.50 करोड़ रुपये, राज्य उत्पाद कर 2460.63 रुपये, मोटर गाड़ी एवं यात्री कर 945.1 करोड़ रुपये है, जबकि मनोरंजन कर 151.74 करोड़ रुपये था। दसवीं पंचवर्षीय योजना में विकास दर कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र में 5.17 प्रतिशत तथा औद्योगिक विकास दर 12.36 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है। 10वीं पंचवर्षीय योजना में वार्षिक विकासदर का लक्ष्य 7.6% रखा गया है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वार्षिकी-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**115. उत्तर प्रदेश में परम्परागत औद्योगिक वस्तु क्षेत्र उत्पादन में (मी. टन के रूप में) अधिकतम योगदान है–**

(a) सीमेंट का (b) सूती धागे का
(c) चीनी का (d) वनस्पति का

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश का सर्वप्रमुख उद्योग है। सम्पूर्ण भारत में चीनी उत्पादन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। इस समय उत्तर प्रदेश में चीनी की 105 मिलें हैं। जो भारत के लगभग 1/2 अर्थात् 50% चीनी का उत्पादन करती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन अधिक होता है, वहाँ पूरे प्रदेश का लगभग 65%चीनी पैदा की जाती है। सूती वस्त्र उद्योग में उत्तर प्रदेश का तीसरा स्थान है। इसके ऊपर महाराष्ट्र और गुजरात आते हैं। उत्तर प्रदेश में सीमेन्ट के सिर्फ दो कारखाने हैं, ये दोनों कारखाने मिर्जापुर व सोनभद्र में स्थित हैं ये हैं चुर्क तथा डाला। वनस्पति उद्योग में भी उत्तर प्रदेश की स्थिति बेहतर नहीं है।

**116. निम्नलिखित में से किस धार्मिक समुदाय का उत्तर प्रदेश में तीसरा प्रमुख स्थान है?**

(a) बौद्ध (b) ईसाई (c) जैन (d) सिख

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में धार्मिक समुदाय -

| | | |
|---|---|---|
| हिन्दू | - | 79.73% |
| मुस्लिम | - | 19.26% |
| सिक्ख | - | 0.32% |
| इसाई | - | 0.18% |
| जैन | - | 0.11% |
| बौद्ध | - | 0.10% |

**117. वर्ष 2000 में घोषित उत्तर प्रदेश की जनसंख्या नीति का प्रमुख उद्देश्य सकल प्रजनन दर को घटाकर 2.1 करना है, वर्ष–**

(a) 2005 तक (b) 2010 तक
(c) 2016 तक (d) 2020 तक

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई, 2000 को उत्तर प्रदेश की प्रथम जनसंख्या नीति की घोषणा की गयी। उत्तर प्रदेश जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार प्रजनन दर को घटाकर 2.1 तक करने का लक्ष्य 2016 तक निर्धारित किया गया है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वार्षिकी-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## गणित


**118. बस में यात्रा करने वाले व्यक्तियों के किसी समूह में 6 व्यक्ति उर्दू, 15 व्यक्ति हिन्दी और 6 व्यक्ति अंग्रेजी बोल सकते हैं। इस समूह का कोई भी व्यक्ति कोई अन्य भाषा नहीं बोल सकता। यदि उस समूह के 2 व्यक्ति दो भाषायें तथा एक व्यक्ति तीन भाषायें बोल सकता है तो इस समूह में कुल व्यक्तियों की संख्या होगी–**

(a) 21 (b) 22 (c) 23 (d) 24

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–इस प्रश्नगत व्यक्तियों की भाषाई अभिव्यक्ति निम्न चित्र बेन आरेख के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है–

उर्दू भाषा-6 व्यक्ति
हिन्दू भाषी - 15 व्यक्ति
अंग्रेजी भाषी-6 व्यक्ति




अतः कुल व्यक्तियों की संख्या =3+2+1+12+5
= 23 व्यक्ति
अतः उत्तर विकल्प C सही है।

**119. एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी जीवन वृत्त की देहलीज पर आई.ए. एस., सी.ए. डॉक्टर तथा इंजीनियर को 80, 70, 64 और 60 के भार में क्रमशः महत्व देता है, जबकि उसकी समझ में इनमें सफलता पाने की संभाविता क्रमशः 10%, 20% 25% और 30% है। अपनी तैयारी के लिए वह कौन सी जीवन वृत्ति चुनेगा?**

(a) आई.ए. एस. (b) सी.ए. (c) डॉक्टर (d) इंजीनियर

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–प्रश्न में प्रतिभाशाली छात्र की सेवा अभिरुचि और उसमें सफलता प्रतिशत को अलग-अलग दिया गया। सेवा अभिरुचि एवं सफलता प्रतिशत के समान अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है।

आई.ए.एस. बनने का $\% = \frac{80\times 10}{100} = 8\%$


C.A. बनने का $\% = \frac{70\times 20}{100} = 14\%$

डॉक्टर बनने का $\% = \frac{64\times 25}{100} = 16\%$

इंजीनियर बनने का $\% = \frac{60\times 30}{100} = 18\%$

अतः वह सेवा भार एवं सफलता प्रतिशत के आधार पर इंजीनियरिंग सेवा को अपनी तैयारी के लिए चुनेगा।

**120. निम्नांकित पाई-चार्ट एक परिवार द्वारा विभिन्न मदों पर मासिक आय का खर्च किया हुआ भाग दर्शाता है**




**यदि मकान किराया व भोजन पर खर्च में अन्तर रु. 2,000 हो तो मासिक आय है**

(a) रुपया 20, 000 (b) रुपया 10, 000
(c) रुपया 25,000 (d) रुपया 22, 500

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–मकान किराया पर खर्च का प्रतिशत = 25%
भोजन पर खर्च का प्रतिशत = 15%
मकान किराया और भोजन के अंतर का प्रतिशत = 25-15=10%
प्रश्नानुसार यह अंतर रुपये में 2000 रु. है।
चूँकि 10% = 2000रु.
अतः 1% = 2000/10


अतः $100\% = 2000\times \frac{100}{10}$
= 20,000 रु. - अतः उत्तर (a)

**121. एक परीक्षा में 30% विद्यार्थी हिन्दी लेते हैं, 40% विद्यार्थी गणित लेते हैं और 10% हिन्दी एवं गणित दोनों लेते हैं, उन विद्यार्थियों का प्रतिशत जो न हिन्दी लेते हैं और न गणित, होगा :**

(a) 90% (b) 60% (c) 40% (d) 10%

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–




वेन आरेख के अनुसार हिन्दी, गणित अथवा हिन्दी या गणित लेने वाले छात्रों का प्रतिशत = 20 +10+30 = 60% अतः उन विद्यार्थियों का प्रतिशत जो न हिन्दी लेते हैं और न गणित =100-60 = 40%

**122. $(144)^{0.5}\times(2)^5$ बराबर है–**

(a) 384 (b) 240 (c) 160 (d) 96

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–$(144)^{0.5}\times(2)^5$
$= (144)^{1/2}\times 2\times2\times2\times2\times2 = 12\times 32 = 384$

**123. यदि 10 व्यक्ति 9 घंटे रोज काम करके एक काम को 20**

**दिन में पूरा कर सकते हैं तो कितने दिन में 25 व्यक्ति 6 घंटे रोज काम करके उस काम को पूरा करेंगे?**

(a) 10 दिनों में (b) 12 दिनों में
(c) 14 दिनों में (d) 15 दिनो में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–10 व्यक्ति 9 घण्टे प्रतिदिन काम करके काम को 20 दिन में पूरा करते हैं।
अतः 1 व्यक्ति कुल 180 घंटे काम करके काम पूरा किया।

| अतः व्यक्ति | घण्टे |
|---|---|
| 10 | 180 |
| 25 | 6 क |

$6\text{ क} = \frac{180\times10}{25}$

$\text{क} = \frac{180\times10}{25\times6} = 12$ दिनों में

**124. एक दुकानदार अपने सामान का दाम क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है। वह ग्राहकों को कुछ छूट देता है, फिर भी 15% का लाभ अर्जित करता है। छूट प्रतिशत है–**

(a) 10% (b) 12% (c) 8% (d) 6%

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–माना क्रय मूल्य = 100 रु.
25% लाभ देने पर $= \frac{100\times25}{100} = 25$
अतः विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + लाभ = 100 + 25
= 125 रु.
क्रय मूल पर 15% लाभ लेने पर $\frac{100\times15}{100} = 15$
अर्थात् 100 + 15 = 115 रु.
छूट 125-115 = 10 रु.

$\%\text{ छूट} = \frac{\text{अन्तर}\times\text{क्रय मूल्य}}{\text{बिक्रय मूल्य}}$

$= \frac{10\times100}{125}$

अतः = 8%

**125. एक कम्पनी के 10 कर्मचारियों की औसत आय रु. 3200 है। यदि दो कर्मचारी जिनकी औसत आय रु. 2500 है, कम्पनी छोड़ देते हैं, व तीन और कर्मचारी जिनकी औसत आय रु. 2000 है, कम्पनी में आ जाते हैं, तो अब कर्मचारियों की औसत आय होगी–**

(a) रु. 2700 (b) रु. 2800 (c) रु. 3000 (d) रु. 3200

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–प्रश्नानुसार–
10 कर्मचारियों की औसत आय =3200 रु.
10 कर्मचारियों की औसत कुल आय = 3200× 10 = 32000 रु.
2 कर्मचारी जो कम्पनी छोड़ते हैं उनकी औसत आय = 2500 रु.
2 कर्मचारी जो कम्पनी छोड़ते हैं उनकी कुल आय = 2500×2
= 5000 रु.
कुल कर्मचारी = 10-2= 8
दोनों का अन्तर = 32000 - 5000 = 27000
अब तीन नये कर्मचारी की औसत आय = 2000 रु.
अब तीन कर्मचारी की कुल आय = 2000 × 3
कुल आय = 6000
दोनों का योग = 27000 + 6000 = 33 000
कुल कर्मचारी की संख्या = 8+3 = 11
11 कर्मचारियों की कुल आय 33000 रु.

कर्मचारियों की कुल औसत आय $= \frac{33000}{11} = 3000$ रु.

**126. धन की एक मात्रा 10 वर्षों में साधारण ब्याज में 2.5 गुनी हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर है–**

(a) 25% (b) 15% (c) 10% (d) 20%

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–माना धनराशि = 100 रु. है
अतः 6 वर्ष में मिश्रधन = 250 रु.
ब्याज = 250 - 100 = 150 रु.

$\text{दर} = \frac{\text{ब्याज}\times100}{\text{मूलधन}\times\text{समय}} = \frac{150\times100}{100\times10} = 15\%$

**127. यदि दो संख्याओं का योग 9 है और उनके व्युत्क्रम का योग 1/2 है, तो ये संख्यायें हैं–**

(a) 1 तथा 8 (b) 2 तथा 7 (c) 3 तथा 6 (d) 4 तथा 5

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–माना दो संख्या a और b है।
प्रश्नानुसार a + b = 9.........(i)

$\frac{1}{a} + \frac{1}{b} = 1/2$

$\frac{a+b}{ab} = \frac{1}{2}$....(ii)

समी. (ii) में समी. (i) का मान रखने पर

$\frac{9}{ab} = \frac{1}{2}$

18 = ab….(iii)

$a-b = \sqrt{(a+b)^2 - 4ab}$

$= \sqrt{(9)^2 - 4\times18}$

$= \sqrt{81-72} = \sqrt{9} = 3$

a-b=3….(iv)
समी. (i) में समी. (iv) को जोड़ने पर
a + b = 9
a − b = 3
2a = 12
a = 6
a का मान समी. (i) में रखने पर 6 + b = 9
b = 3
(a, b) = (6, 3)

## समसामयिकी

**128. पेटेन्ट द्वितीय संशोधन अधिनियम को भारतीय संसद द्वारा अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान की गयी–**

(a) 1999 में (b) 2000 में (c) 2001 में (d) 2002 में

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–पेटेन्ट द्वितीय संशोधन अधिनियम विधेयक को संसद ने मई माह (2002) में पारित किया। (राज्य-सभा ने 9 मई, 2002 को तथा लोकसभा ने 14 मई, 2002 को ध्वनिमत से इसे पारित किया। ज्ञातव्य है कि पेटेन्ट द्वितीय संशोधम विधेयक, विश्व व्यापार संगठन के व्यापार सम्बन्धी बौद्धिक सम्पदा अधिकार समझौते के शर्तों को पूरा करने के लिए पास किया गया है। विश्व व्यापार संगठन के प्रावधान के तहत इसकी आवश्यकता 1 जनवरी, 2005 से हुई।

**129. शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार 2002 के लिये चयनित वैज्ञानिकों की एक सूची नीचे दी गयी है। उनका नामोल्लेख कीजिये जो उत्तर प्रदेश स्थित संस्थानों में कार्यरत हैं–**
**सूची के नीचे दिये गये कूट से अपना उत्तर चुनिये–**

1. आशुतोष शर्मा 2. अविनाश अनन्त देशपाण्डे
3. दिपेन्द्र प्रसाद 4. मोहित रण्डेरिया
5. सुनील प्रधान

**कूट :**

(a) 1, 2 एवं 3 (b) 2, 3 एवं 5

(c) 1, 3 एवं 5 (d) 1, 3 एवं 4
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारतीय प्रौद्योगिकी तथा वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद् द्वारा वर्ष 1957 में अपनी प्रथम निदेशक श्री शांतिस्वरूप भटनागर की स्मृति में इस पुरस्कार को स्थापित किया गया था। इसके अन्तर्गत भारतीय मूल के 45 वर्ष तक के शोधकर्ताओ को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में, पिछले 5 वर्षों में किये गये उत्कृष्ट योगदान के लिए 2 लाख रुपये, एक प्रमाणपत्र तथा प्रशस्तिपत्र प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2002 में दिपेन्द्र प्रधान को यह पुरस्कार दिया गया था। जबकि वर्ष 2005 के इस पुरस्कार से 11 वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया है। इनमें प्रमुख हैं–डॉ. तपस, के कुंडू, डॉ. शेखर सी मंडे, डॉ. निविर मण्डल, सन्दीप पी त्रिवेदी, डॉ. जावेद एवं अगरेवाला आदि।
**(स्रोत–क्रानिकल ईयर बुक)**

**130. निम्नांकित किन दो देशों ने अभी हाल में द्विपक्षीय स्वतंत्र व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये?**
(a) चीन एवं बांग्लादेश (b) थाईलैण्ड एवं जापान
(c) पाकिस्तान एवं इंडोनेशिया (d) सिंगापुर एवं जापान
**उत्तर**–(d)

**131. यू.एस. ओपन 2002 का महिला एकल खिताब किसने जीता?**
(a) मार्टिना हिंगिस ने (b) सेरेना विलियम्स ने
(c) लिन्डसे डेवनपोर्ट ने (d) वीनस विलियम्स ने
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–यू.एस. ओपन 2002 का महिला एकल का खिताब सेरेना विलियम्स ने अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स को हराकर जीता था।
**(स्रोत–वार्षिकी : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**132. गरीबी उपशमन पर दक्षेस (SAARC) की तृतीय मंत्रिस्तरीय सभा हुई थी–**
(a) काठमाण्डू में (b) नई दिल्ली में
(c) इस्लामाबाद में (d) ढाका में
**उत्तर**–(b)

**133. मार्च 2002 को राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन हुआ था–**
(a) ब्रिसबेन में (b) कूलम में (c) ओटावा में (d) क्यूबेक में
**उत्तर**–(a)

**134. अफगानिस्तान के इतिहास में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने वाली पहली महिला है–**
(a) डॉ. फरीदा जलाल (b) डॉ. मोहिबिना रिजवी
(c) डॉ. मसूदा जलाल (d) डॉ. फरहत जहाँ
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–अफगानिस्तान एशिया महाद्वीप में स्थित भारत का पड़ोसी देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ के नेतृत्व में, जर्मनी के शहर बर्न में 27 नवम्बर, 2001 को अफगान गुटों का सम्मेलन हुआ। 22 दिसम्बर, 2001 को हामिद करजई के नेतृत्व में 29 सदस्यीय मंत्रिमण्डल ने कार्यभार संभाला। 25 जून, 2002 को हामिद करजई को अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में वैधता प्रदान की गयी। 9 अक्टूबर, 2004 को सम्पन्न प्रथम राष्ट्रपति चुनाव में पख्तून नेता हामिद करजई 55.5% मत पाकर राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। जबकि अफगान के इतिहास में राष्ट्रपति के इस चुनाव में पहली बार डॉ. मसूदा जलाल ने चुनाव लड़कर वहाँ का इतिहास रचा।

**135. निम्नलिखित में से कौन एक युग्म सही सुमेलित है?**
(a) एंड्रयू फ्लिन्ट्रॉफ – क्रिकेट
(b) पीट सम्प्रास – फुटबाल
(c) युवराज सिंह – गोल्फ
(d) विजय कुमार – तैराकी
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–एंड्रयू फ्लिन्टॉफ इंग्लैण्ड के क्रिकेट खिलाड़ी हैं। यह एक तेज गेंदबाज हैं। विजय कुमार गोल्फ खिलाड़ी हैं। ये फिजी के रहने वाले हैं। पीट सम्प्रास अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी हैं। युवराज सिंह भारत के क्रिकेट खिलाड़ी हैं। **(स्रोत–क्रानिकल ईयर बुक)**

**136. बहु-करोड़ माधवपुरा मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक घोटाले में केंद्रीय जाँच ब्यूरो ने अभियुक्त बनाया है–**
(a) हर्षद मेहता को (b) हिन्दुजा बन्धुओं को
(c) भरत शाह को (d) केतन पारिख को
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–बहु करोड़ माधवपुरा मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक घोटाला गुजरात में हुआ था। इस घोटाले में केंद्रीय जाँच ब्यूरो ने केतन पारिख को मुख्य अभियुक्त बनाया है।
**(स्रोत–वार्षिकी : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**137. आतंकवादियों ने हाल में अक्षरधाम मंदिर पर आक्रमण किया था। किस मंदिर परिसर में यह अवस्थित है?**
(a) श्री नारायण (b) स्वामीनारायण
(c) लक्ष्मी नारायण (d) नर-नारायण
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–आतंकवादियों ने हाल में ही गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर आक्रमण किया था। यह मंदिर स्वामीनारायण सम्प्रदाय का है।
**(स्रोत–वार्षिकी : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**138. भारत के जिस मैग्सेसे पुरस्कार विजेता ने फिलीपीन्स संचार माध्यम की आलोचना के पश्चात् पुरस्कार राशि वापस कर दी है, वह है–**
(a) किरण बेदी (b) मृणाल पाण्डे (c) श्वेता देवी (d) संदीप पाण्डे
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारत के संदीप पाण्डेय को समाज सेवा के लिए फिलीपीन्स का प्रतिष्ठित रैमन-मैग्सेसे पुरस्कार 2002 प्रदान किया गया था। संदीप पाण्डेय ने संयुक्त राज्य अमेरिका की आलोचना की थी। अमेरिका की फोर्ड फाउंडेशन ही रैमन मैग्सेसे पुरस्कार को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसी आधार पर फिलीपीन्स के अखबारों ने संदीप पाण्डेय के पुरस्कार ग्रहण की आलोचना की, जिसके कारण संदीप पाण्डेय ने पुरस्कार राशि लौटा दी।
**(स्रोत–वार्षिकी : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**139. अगस्त 2002 में विमोचित ''बापी : मेरे जीवन के प्रेम'' (Bapi : The Love of my life) के लेखक हैं–**
(a) शोभा डे (b) नयनतारा सहगल
(c) अनुष्का शंकर (d) जावेद अख्तर
**उत्तर**–(c)

**140. निम्नलिखित पशुओं में से किस एक को क्रिकेट विश्व कप-2003 के शुभंकर में चित्रांकित किया गया है?**
(a) रीछ (b) वृषभ (c) मृग (d) जेबरा
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–क्रिकेट विश्व कप 2003, नौ फरवरी से दक्षिण अफ्रीका में खेला जायेगा। यह विश्व कप प्रत्येक चौथे वर्ष आयोजित होता है। इस विश्वकप का शुभंकर अफ्रीकी महाद्वीप का एक प्रमुख पशु जेबरा है। **(स्रोत–वार्षिक : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**141. यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में हाल ही में सम्मिलित की गयी इमारत है–**
(a) बुलन्द दरवाजा (b) चार मीनार
(c) महाबोधि मंदिर (d) कोणार्क का सूर्य मंदिर
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र संघ का एक संगठन है। यूनेस्को अर्थात् संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान तथा सांस्कृतिक संगठन। इसका मुख्यालय पेरिस में है। यह विश्व सांस्कृतिक महत्व की चीजों को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता देता है। यूनेस्को द्वारा घोषित भारत में 24 विश्व स्तर की धरोहर हैं। अजन्ता की गुफा जो पहली विश्व की धरोहर घोषित हुई, वहीं 2002 में महाबोधि मंदिर को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता मिली। यह बोध गया बिहार में स्थित एक बौद्ध मंदिर है। 2004 में दो स्थानों पहला चम्पानेर पावागढ़ पुरातात्विक पार्क गुजरात और दूसरा छत्रपति शिवाजी टर्मिनल (मुम्बई) को इस श्रेणी में रखा गया है। **(स्रोत–क्रॉनिकल इयर बुक)**

## विविधा

**142. निम्नलिखित में से कौन अनन्य रूप से प्रशासकीय तंत्र से सम्बन्धित है?**

(a) पाल एपल्वी रिपोर्ट (b) संथानम समिति रिपोर्ट
(c) सरकारिया आयोग रिपोर्ट (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–पाल एपल्वी रिपोर्ट 1953 में (15 जनवरी को) सरकार को 'भारत में लोक प्रशासन सर्वेक्षण' के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस कमेटी का गठन सरकार ने सितम्बर, 1952 में भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए किया था। यह अनन्य रूप से प्रशासकीय तंत्र से सम्बन्धित थी। संथानम समिति का गठन सरकार ने 1962 ई. में भ्रष्टाचार को रोकने के उपाय सुझाने हेतु किया था। सरकारिया आयोग रिपोर्ट मूलतः केंद्र राज्य सम्बन्धों से सम्बन्धित है। **(स्रोत–यूनिक (दिल्ली)**

**143. निम्नलिखित का सही कालानुक्रम क्या है?**

1. शिमला समझौता 2. भारत-सोवियत संधि
3. फरक्का समझौता 4. ताशकंद समझौता

**नीचे लिखे कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिये–**

(a) 4, 2, 1, 3 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 2, 3, 4, 1 (d) 1, 2, 3, 4

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–दिए गए प्रश्न में समझौता की तिथि निम्न है–1. शिमला समझौता 1972 (भारत और पाकिस्तान के बीच) 2. भारत-सोवियत संधि (1971)-इस संधि द्वारा भारत और सोवियत संघ के बीच रक्षा-मैत्री संधि हुई। 3. फरक्का समझौता-इस समझौते द्वारा आरत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे का समझौता हुआ। 4. ताशकंद समझौता (1966) (यह समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच तात्कालिक सोवियत संघ की मध्यस्थता द्वारा ताशकंद में सम्पन्न हुआ था)। **(स्रोत–यूनिक (दिल्ली)**

**144. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित है?**

(a) पराग्वे - पम्पास
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका - मनीटोबा
(c) मोरक्को - एटलस पर्वत
(d) ऑस्ट्रेलिया - किम्बले

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–अफ्रीका महाद्वीप के उत्तरी पश्चिमी भाग पर स्थित, एटलस पर्वत मोरक्को के साथ-साथ अल्जीरिया और ट्यूनिसिया तक फैला हुआ है। द. अमेरिका के अर्जेटाइना और उरूग्वे देशों में कम वर्षा वाला घास क्षेत्र है, जहाँ भेंडे, गाय, बैल और घोड़े पाले जाते हैं। यहाँ गेहूँ, मक्का, गन्ना, तम्बाकू और कपास की खेती की जाती है। आस्ट्रेलिया एक महाद्वीप है यहाँ मूँगों अथवा प्रवालों की एक बड़ी रीफ है। इसे ग्रेट बैरियर रीफ कहा जाता है। किम्बर्ले की खान दक्षिण अफ्रीका में स्थित है यहाँ की खान से हीरा निकाला जाता है।

**145. निम्नलिखित में से कौन सा सही रूप से सुमेलित नहीं है?**

(a) अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रास सोसाइटी जेनेवा
(b) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द हेग
(c) यूरोपीय आर्थिक समुदाय ब्रुसेल्स
(d) खाद्य एवं कृषि संगठन न्यूयार्क

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–खाद्य एवं कृषि संगठन संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट संस्था है। इसकी स्थापना 16 अक्टूबर, 1945 को हुई थी। इसका मुख्यालय रोम में है। **(स्रोत–यूनिक (दिल्ली)**

**146. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. शिव कुमार शर्मा | 1. बाँसुरी |
| B. हरिप्रसाद चौरसिया | 2. संतूर |
| C. असद अली खाँ | 3. सुन्दरी |
| D. प्रमोद गायकवाड़ | 4. रुद्र वीणा |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 | (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–शिवकुमार शर्मा संतूर वादन से, हरिप्रसाद चौरसिया बांसुरी वादन से, असद अली खां वीणा वादन से तथा प्रमोद गायकवाड़ सुन्दरी से सम्बंधित है।

**147. राष्ट्रीय कृषि तकनीक परियोजना (NATP) का पोषण भारत में जिस अंतर्राष्ट्रीय वित्त-प्रदायी अभिकरण द्वारा होता है, वह है–**

(a) खाद्य एवं कृषि संगठन (b) विश्व बैंक
(c) एशियन बैंक (d) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

**उत्तर**–(b)

**148. सामाजिक वानिकी में प्रयुक्त बहुद्देशीय वृक्ष का एक उदाहरण है–**

(a) शीशम (b) ढाक (c) यूकेलिप्टस (d) खेजरी

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–सामाजिक वानिकी वन विभाग तथा समाज का ऐसा समन्वय है, जो रक्षित वनों पर समाज के भार को कम करता है। वन संवर्धन की प्रक्रिया को तीव्र करता है, तथा मानव शक्ति को वन उत्पादन की ओर अग्रसर करता है। सामाजिक वानिकी के निम्न उद्देश्य हैं–वृक्षारोपण द्वारा केवल फल आदि की मात्रा में वृद्धि, मिट्टी की उर्वरता व उत्पादकता में वृद्धि एवं सार्वजनिक स्थानों की सुन्दरता में वृद्धि करना, मवेशियों को चारे की व्यवस्था करना, जलाऊ लकड़ी हेतु यूकेलिप्टस चारे हेतु कागज एवं लुग्दी के लिए तथा रेयान के वृक्ष तथा माचिस उद्योग के लिए अर्जुन के वृक्ष, सिल्क के लिए शहतूत तथा हेल के लिए कांगी व चर्म उद्योग के लिए बबूल के वृक्ष लगाये जायें। यूकेलिप्टस द्वारा मृदा की हानि हुई है।

**149. सूची-I सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये कूट से कीजिए–**

| सूची-I (त्यौहार) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. बिहू | 1. असम |
| B. ओणम | 2. केरल |
| C. पोंगल | 3. तमिलनाडु |
| D. वैशाखी | 4. पंजाब |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 | (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–बिहू असम का प्रमुख त्यौहार है, जो वर्ष में तीन बार मनाया जाता है। ओणम केरल का, पोगल तमिलनाडु का तथा वैशाशी पंजाब का प्रमुख त्यौहार है। इन त्यौहारों का सम्बन्ध फसल कटाई से है।

**150. सूची-I और सूची-II का सुमेल कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I (राज्य) | सूची-II (राष्ट्रीय उद्यान) |
|---|---|
| A. असम | 1. कांजीरंगा |
| B. गुजरात | 2. कान्हा |
| C. मध्य प्रदेश | 3. कार्बेट |
| D. उत्तरांचल | 4. गिर |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 | (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम के जोरहट में स्थित है। कन्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश के बालाघाट एवं मांडला में है। कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान उत्तरांचल राज्य के नैनीताल में है। गिर राष्ट्रीय उद्यान गुजरात के जूनागढ़ में है। **(स्रोत-यूनिक दिल्ली)**

# उत्तर प्रदेश पी. सी. एस. (मुख्य) परीक्षा, 2003
# सामान्य अध्ययन
## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल
## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### वैदिक सभ्यता

**1. निम्नलिखित में से किस एक वैदिक साहित्य में मोक्ष की चर्चा मिलती है–**

(a) ऋग्वेद (b) परवर्ती संहितायें
(c) ब्राह्मण (d) उपनिषद्

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–व्यक्ति के जीवन के अंतिम तथा चरम पुरुषार्थ मोक्ष की चर्चा उपनिषदों में मिलती है। व्यक्ति के जीवन के चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष हैं। मोक्ष का प्रायः सभी भारतीय दर्शनों में वर्णन मिलता है। चूँकि उपनिषद् वैदिक साहित्य के अंतिम भाग हैं इसलिए इन्हें वेदांत भी कहा जाता है। भारत का प्रसिद्ध राष्ट्रीय आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' मुण्डकोपनिषद से लिया गया है। ऋग्वेद ऐसा ज्ञान है जो ऋचाओं में बद्ध है। इस वेद में कुल दस मण्डल तथा 1028 सूक्त हैं। ऋग्वेद के दूसरे एवं सातवें मण्डल की ऋचायें सर्वाधिक प्राचीन हैं। यज्ञों एवं कर्मकाण्डों के विधान एवं इनकी क्रियाओं को भली-भाँति समझने के लिए ही नवीन ब्राह्मण ग्रंथ की रचना हुयी। प्रत्येक वेद के अपने-अपने ब्राह्मण होते हैं। ऋग्वेद के ऐतरेय एवं कौषीतकी ब्राह्मण, यजुर्वेद के शतपथ या तैत्तिरीय ब्राह्मण, सामवेद के पंचविश या ताण्डव ब्राह्मण एवं अथर्ववेद का गोपथ ब्राह्मण। **( स्रोत– प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति-के.सी. श्रीवास्तव )**

### गुप्तकाल, गुप्तोत्तरकाल एवं वर्द्धनवंश

**2. निम्नलिखित शासकों में से किस एक ने चार अश्वमेध यज्ञों का सम्पादन किया था?**

(a) पुष्यमित्र शुंग (b) प्रवरसेन प्रथम
(c) समुद्रगुप्त (d) चन्द्रगुप्त द्वितीय

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–वाकाटक वंश के शासक प्रवरसेन को चार अश्वमेध यज्ञों का सम्पादन करने का श्रेय प्राप्त है। शुंग वंश के संस्थापक पुष्यमित्र शुंग ने दो अश्वमेध यज्ञ सम्पन्न कराये। समुद्रगुप्त (भारत का नेपोलियन) ने अपनी विजयों की उद्घोषणा हेतु एक अश्वमेध यज्ञ कराया था। **(स्रोत–प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति के.सी. श्रीवास्तव)**

### 800 ई. से 1200 ई. तक की राजनैतिक-सामाजिक स्थिति

**3. निम्नलिखित में से कौन सा एक सही सुमेलित है?**

(a) काकतीय देवगिरि
(b) होयसल द्वारसमुद्र
(c) यादव वारंगल
(d) पाण्ड्य मदुरा

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–दक्षिण के पाण्ड्य राजवंश की राजधानी मदुरा (मदुरई) थी। काकतीय वंश की राजधानी वारंगल, होयसल वंश की द्वारसमुद्र तथा यादव वंश की राजधानी देवगिरि थी।
**(स्रोत–800-1200ई. तक का इतिहास-विशुद्धानन्द पाठक)**

**4. होयसलों की प्राचीन राजधानी द्वारसमुद्र का वर्तमान नाम है–**

(a) श्रृंगेरी (b) बेलूर
(c) हलेविद (d) सोमनाथपुर

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–होयसलों की प्राचीन राजधानी द्वारसमुद्र का वर्तमान नाम 'हलेविद' है। श्रृंगेरी (कर्नाटक) में आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित की गई पीठ है, बेलूर (पश्चिमी बंगाल) में स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी।
**(स्रोत–800-1200ई. का इतिहास-विशुद्धानन्द पाठक)**

## मध्यकालीन इतिहास

### दिल्ली सल्तनत

**5. निम्न को उसके कालक्रमानुसार क्रमबद्ध कीजिये–**

1. रुक्नुद्दीन 2. मुबारक खान
3. फिरोज शाह तुगलक 4. आलमशाह

**नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

(a) 2, 1, 4,3 (b) 1, 2, 4,3
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 1, 3, 4

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–इल्तुमिश के बाद उसके बड़े पुत्र रुक्नुद्दीन फिरोज को 1236 ई. में दिल्ली की गद्दी पर बैठाया गया, मुबारक खान 1316 ई. में मुबारक खिलजी के नाम से दिल्ली का सुल्तान बना, फिरोजशाह तुगलक 1351 से 1388 तक दिल्ली का सुल्तान रहा, तथा सैय्यद वंश का शासक आलमशाह 1445 से 50 तक दिल्ली का सुल्तान था। **(स्रोत– मध्यकालीन इतिहास भाग-I-हरिश्चन्द्र वर्मा)**

### मुगल साम्राज्य

**6. अबुल फजल के हत्यारे को पुरस्कृत किया था–**

(a) अकबर ने (b) जहाँगीर ने
(c) मानसिंह ने (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–अकबर द्वारा 1582 ई. में घोषित 'दीन-ए-इलाही' धर्म के मुख्य पुरोहित तथा 'अकबरनामा' एवं 'आइन-ए-अकबरी' जैसे महत्वपूर्ण ग्रन्थों के लेखक अबुल फजल की हत्या 1602 ई. में सलीम (जहाँगीर) के निर्देश पर वीर सिंह नामक बुन्देला सरदार ने की थी। जहाँगीर ने अबुल फजल की हत्या करने वाले इस बुन्देला सरदार को पुरस्कृत किया था।
**(स्रोत– मध्यकालीन इतिहास-आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव)**

**7. अकबर के शासनकाल में निम्नलिखित घटनाओं को तिथि क्रमानुसार व्यवस्थित करें–**

1. जजिया की समाप्ति 2. इबादतखाना का निर्माण
3. महजर पर हस्ताक्षर 4. दीन-ए-इलाही की स्थापना

**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 3, 4, 1, 2

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–मुगल सम्राट अकबर के शासन काल की घटनाओं का तिथिक्रमानुसार विवरण निम्न प्रकार है–मार्च, 1564 को अकबर ने गैर-मुस्लिमों द्वारा वसूले जाने वाले 'जजिया कर' को समाप्त कर दिया 1575 ई. में इबादत खाने का निर्माण, 1579 ई. में 'मजहर' पर हस्ताक्षर तथा 1582 ई. में 'दीन-ए-इलाही' धर्म की स्थापना की थी। **(स्रोत–मध्यकालीन इतिहास-हरिश्चन्द्र वर्मा)**

**8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हसन निजामी | 1. आलमगीरनामा |
| B. ख्वान्दामीर | 2. नुश्खा-ए-दिलकुशा |
| C. मुहम्मद काजिन | 3. हुमायूँनामा |
| D. भीमसेन | 4. ताजूल मासिर |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 | (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 | (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–हसन निजामी ने 'ताजुल मासिर' नामक पुस्तक की रचना की। ख्वान्दामीर ने 'हुमायूँनामा,' मुहम्मद काजिन ने 'आलमगीरनामा' तथा भीमसेन ने 'नुश्खा-ए-दिलकुशा' नामक पुस्तक लिखा। **(स्रोत–मध्यकालीन इतिहास-हरिश्चन्द्र वर्मा)**

**9. हिन्दू धर्मग्रन्थों का अध्ययन करने वाला प्रथम मुस्लिम था–**

(a) अमीर खुसरो (b) दारा शिकोह
(c) अमीर हसन (d) शुजा

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–शाहजहाँ के चार पुत्रों में से उसका सबसे बड़ा पुत्र दारा शिकोह सर्वाधिक सुशिक्षित अध्येता तथा लेखक था। शिकोह ने अनेक हिन्दू धर्मग्रन्थों का अध्ययन किया तथा महत्वपूर्ण धर्मग्रंथों जैसे–'भगवद्गीता', 'योगवशिष्ठ' आदि का फारसी भाषा में अनुवाद कराया। दारा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य वेदों का संकलन था। दारा शिकोह ने काशी के पण्डितों की सहायता से बावन उपनिषदों का 'सिर्र-ए-अकबर' नाम से फारसी भाषा में अनुवाद किया। अमीर खुसरो सल्तनतकालीन कवि तथा लेखक था।

# आधुनिक इतिहास

## मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

**10. निम्नलिखित में से किसे भारत में फ्रांसीसी कम्पनी का संस्थापक माना जाता है–**

(a) रिशेलू (b) सजारे (c) कोल्बर्ट (d) फ्रैन्को मार्टिन

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–फ्रांसीसी सम्राट लुई-14वें के मंत्री कोल्बर्ट को भारत में 1664 ई. में स्थापित फ्रांसीसी ईस्ट इण्डिया कम्पनी का संस्थापक माना जाता है। **(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-ग्रोवर एवं यशपाल)**

## सामाजिक-सांस्कृतिक जागृति, निम्न जाति, मजदूर संघ एवं किसान आन्दोलन

**11. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ब्रह्म समाज | 1. मुम्बई |
| B. मानव धर्म सभा | 2. सूरत |
| C. आर्य समाज | 3. कोलकाता |
| D. नदव-उल-उल्मा | 4. लखनऊ |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 | (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 | (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–ब्रह्म समाज की स्थापना राजारामा मोहन राय ने 20 अगस्त, 1828 ई. में कलकत्ता में की थी। मानव धर्म सभा की स्थापना सूरत में हुई थी। आर्य समाज की स्थापना दयानन्द सरस्वती द्वारा 1875 ई. में मुम्बई में तथा नदवा-उल-उल्मा की स्थापना लखनऊ में की गई थी। **(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-ग्रोवर एवं यशपाल)**

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**12. भारत राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष थे–**

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद (b) बदरुद्दीन तैयबजी
(c) मौलाना मुहम्मद अली (d) हकीम अजमल खाँ

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैयबजी थे। तैयबजी ने 1887 में मद्रास में आयोजित कांग्रेस के तीसरे अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। मौलाना अबुल कलाम आजाद 1940 से 1946 तक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। मौलाना मुहम्मद अली ने 1923 के काकीनाडा अधिवेशन की तथा हकीम अजमल खाँ ने 1921 के कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास - राम लखन शुक्ला)**

**13. मुसलमानों के लिये पृथक् राष्ट्र का विचार दिया था–**

(a) मुहम्मद अली जिन्ना में (b) सर सैय्यद अहमद खाँ ने
(c) सर मुहम्मद इकबाल ने (d) लियाकत अली खाँ ने

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–मुसलमानों के लिए पृथक् राष्ट्र का विचार सर्वप्रथम मुहम्मद इकबाल ने दिया था। 'बंग-ए-दर्रा' तथा 'बाल-ए-जाब्रिल' के प्रसिद्ध रचनाकार तथा 'सारे जहाँ से अच्छा-हिन्दुस्तां हमारा' जैसे राष्ट्रगीत के रचनाकार मुहम्मद इकबाल ने 1930 में द्विराष्ट्र' सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। पाकिस्तान का विचार सर्वप्रथम कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय विद्यार्थी रहमत अली के मस्तिष्क में आया। मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में अध्यक्षता करते हुए मुहम्मद अली जिन्ना ने 22 मार्च, 1940 को भारत से अलग मुस्लिम राष्ट्र पाकिस्तान की माँग की। इसी अधिवेशन में अपने द्विराष्ट्र सिद्धान्त का प्रतिपादन भी जिन्ना ने किया। सर सैयद अहमद खाँ ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की। लियाकत अली खाँ पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री थे।
**(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-सुमित सरकार)**

**14. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ी निम्नलिखित घटनाओं को उनके कालक्रमानुसार क्रमबद्ध कीजिये–**

1. होमरूल आन्दोलन
2. चम्पारन सत्याग्रह
3. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अमृतसर अधिवेशन

**नीचे दिये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 1, 2,3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 2, 1, 4

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ी हुई घटनाओं का कालक्रम निम्न प्रकार है–होमरूल आन्दोलन 1916 ई. में तिलक तथा एनी बेसेन्ट द्वारा, चम्पारन सत्याग्रह 1917 में महात्मा गाँधी द्वारा चलाया गया। जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड 13 अप्रैल, 1919 को तथा कांग्रेस का अमृतसर अधिवेशन दिसंबर, 1919 को मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुआ था।
**(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-सुमित सरकार)**

**15. महात्मा गांधी, जब द्वितीय गोलमेज सभा में भाग लेने लंदन गये थे, ठहरे थे–**

(a) सेन्ट जेम्स पैलेस में (b) किंग्सले हाल में
(c) इण्डिया हाउस में (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–12 सितम्बर, 1930 ई. को हुये गाँधी-इरविन समझौते के फलस्वरूप गाँधीजी ने कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में दिसम्बर 1931 में लंदन में आयोजित द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया था। गाँधी जी 'राजपूताना, नामक जलयान से लंदन पहुँचे तथा लन्दन के किंग्सले हाल में ठहरे थे।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-एम.एस. जैन)**

**16. वह प्रान्त, जहाँ 1937 के आम चुनाव के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी सरकार नहीं बनायी, थी–**

(a) बंगाल (b) बिहार
(c) मद्रास (d) उड़ीसा

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–1937 में सम्पन्न 11 प्रान्तों के विधान मण्डलों के लिये हुये चुनाव में कांग्रेस ने कुल 8 प्रान्तों-मद्रास, बम्बई, मध्य भारत, उड़ीसा, बिहार, संयुक्त प्रान्त, पश्चिमोत्तर प्रान्त एवं असम में अपने मंत्रिमण्डल गठित किये। जबकि बंगाल में मुस्लिम लीग तथा पंजाब प्रान्त में युनियनिस्ट पार्टी का मंत्रिमण्डल बना। अक्टूबर, 1939 में क्रांग्रेसी मंत्रिमण्डलों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भारत को शामिल किये जाने के विरोध में त्याग पत्र दे दिया था।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास–एम.एस. जैन)**

**17. 'हिन्द स्वराज' के लेखक थे–**

(a) बी.जी. तिलक (b) महात्मा गाँधी
(c) बंकिमचन्द्र चटर्जी (d) सुभाष चन्द्र बोस

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक महात्मा गाँधी हैं। गाँधीजी ने 'माई एक्सपेरीमेण्ट्स विद् टुथ' नामक अपनी आत्मकथा लिखी तथा 'इण्डियन ओपीनियन' और 'हरिजन' नामक पत्र निकाले थे। बी.जी. तिलक ने 'गीता रहस्य' बंकिम चन्द्र चटर्जी ने 'आनंदमठ' तथा सुभाष चंद्र बोस 'इण्डियन स्ट्रगल' नामक पुस्तकें लिखीं।
**(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-सुमित सरकार)**

**18. भारतीयों ने साइमन कमीशन का बहिष्कार किया था क्योंकि–**

(a) इसे भारत विभाजन हेतु बनाया गया था
(b) इसमें लेबर पार्टी का कोई प्रतिनिधि नहीं था
(c) इसका कोई सदस्य भारतीय नहीं था
(d) जनरल डायर इसके अध्यक्ष थे

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत शासन अधिनियम 1919 (माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार) की जाँच के लिए ब्रिटिश सरकार ने 1927 में साइमन कमीशन की नियुक्ति की। फरवरी, 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तो इसका चतुर्दिक विरोध हुआ क्योंकि इसके सभी सदस्य अंग्रेज थे उसमें किसी भी भारतीय को नहीं रखा गया था।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास - एम. एस. जैन)**

**19. एम.के. गाँधी ने निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, के अधिवेशनों में से किस एक में सर्वप्रथम भाग लिया था?**

(a) लखनऊ अधिवेशन, 1916
(b) कलकत्ता अधिवेशन, 1901
(c) अमृतसर अधिवेशन, 1919
(d) नागपुर अधिवेशन, 1920

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–महात्मा गांधी ने सर्वप्रथम 1901 में आयोजित कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में भाग लिया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता दिनशा वाचा ने की थी। महात्मा गांधी 1924 के कांग्रेस के 'बेलगाँव' अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गये थे।
**(स्रोत–आधुनिक भारत का इतिहास-एम. एस. जैन)**

**20. निम्नलिखित कारागारों में से किस एक में जवाहर लाल नेहरू ने ''डिस्कवरी ऑफ इण्डिया'' पुस्तक लिखी थी–**

(a) अलीपुर सेन्ट्रल जेल (b) अहमदाबाद फोर्ट जेल
(c) यरवदा जेल (d) देवली कैम्प जेल

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–पं. जवाहर लाल नेहरू ने 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' (भारत की खोज) नामक पुस्तक अहमदाबाद फोर्ट जेल में लिखी थी। पं. नेहरू ने कैदी जीवन में ही 'ग्लिम्पसेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री' एवं 'मेरी कहानी' नामक पुस्तकें लिखी थीं।
**(स्रोत–भारत का स्वतंत्रता संघर्ष-सुमित सरकार)**

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**21. उत्तर पूर्वी भारत के पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों में निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रजातीय समूह पाया जाता है–**

(a) दिनारिक (b) मेडिटेरेनियन
(c) मंगोलॉयड (d) प्रोटो-ऑस्ट्रालॉयड

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–उत्तरी-पूर्वी भारत के पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों मंगोलायड प्रजाति के समूह की जनजातियाँ पाई जाती है। इनमें नागा, बोडा, कुकी आदि प्रमुख हैं सपाट चेहरा, उभरे हुए गाल की हड्डियाँ, तिरछी आँखें आदि इस प्रजाति की महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं। प्रोटो ऑस्ट्रेलायड प्रजाति भारत में नीग्रिटो के बाद प्रवेश करने वाली दूसरी प्रजाति है। इस प्रजाति का कद छोटा, बाल उर्णिल, नाक चौड़ी एवं चपटी होती है। उरांव, संथाल, मुंडा, हो, चेंचू, भील, कोल आदि इस प्रजाति के मुख्य उदाहरण हैं। दिनारिक प्रजाति के उदाहरण हैं– मैसूर के कूर्ग, बंगाली ब्राह्मण, मैसूर के केनेरीज ब्राह्मण आदि हैं। मेडिटेरेनियन प्रजाति का प्रमुख उदाहरण मुम्बई के पारसी हैं।
**(स्रोत–क्रॉनिकल ईयर बुक)**

**22. श्रीहरिकोटा द्वीप निकट अवस्थित है–**

(a) चिल्का झील के (b) पुलीकट झील के
(c) महानदी मुहाना के (d) गोदावरी मुहाना के

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–श्रीहरिकोटा द्वीप आन्ध्र प्रदेश में पुलीकट झील के निकट स्थित है। इसी द्वीप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र स्थित है। चिल्का झील उड़ीसा राज्य में स्थित है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**23. निम्नलिखित में से कौन सा एक पर्वत सबसे पुराना है–**

(a) अरावली (b) नीलीगिरि
(c) हिमालय (d) सतपुड़ा श्रृंखला

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–अरावली पर्वत श्रेणी भारत की सबसे पुरानी पर्वत श्रेणी है। इसका निर्माण जुरैसिक युग में हुआ। यह पर्वत श्रेणी भारत के गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं दिल्ली में फैली हुई है। नीलगिरि की पहाड़ियाँ कर्नाटक एवं तमिलनाडु में फैली हैं हिमालय भारत का नवीन मोड़दार (वलित) पर्वत है। इसके निर्माण की क्रिया अब भी जारी है। सतपुड़ा पर्वत मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं गुजरात तक विस्तृत है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**24. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रीय आकार के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये–**

1. आन्ध्र प्रदेश 2. मध्य प्रदेश
3. राजस्थान 4. उत्तर प्रदेश

**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

(a) 3, 1, 4, 2 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 4, 2,1, 3 (d) 1, 3, 2, 4

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इसका क्षेत्रफल 342239 वर्ग किमी. है। 1 नवम्बर, 2000 को मध्य प्रदेश के 146361 वर्ग किमी. के क्षेत्रफल वाले भूभाग को अलग करके छत्तीसगढ़ नामक नया राज्य बना दिया गया। जिससे मध्य प्रदेश क्षेत्रफल के हिसाब से देश में दूसरे व आबादी के लिहाज से सातवें स्थान पर है। उत्तर प्रदेश देश के सात राज्यों और नेपाल की सीमाओं से घिरा है। उत्तर प्रदेश देश में क्षेत्रफल के हिसाब से पाँचवें स्थान पर तथा जनसंख्या की दृष्टि से प्रथम स्थान है। आंध्र प्रदेश 1 अक्टूबर, 1953 को नया राज्य बना। राज्यों का क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम इस प्रकार हैं–राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश। **(स्रोत–क्रॉनिकल ईयर बुक)**

**25. सूची-I और सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| **सूची-I (नदी)** | **सूची-II (सहायक नदी)** |
|---|---|
| A. गंगा | 1. भीमा |
| B. गोदावरी | 2. केन |
| C. कृष्णा | 3. मंजरा |
| D. यमुना | 4. सोन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–गंगा नदी उत्तरी भारत की सबसे प्रमुख व हिन्दुओं की धार्मिक नदी है। गंगा का आरम्भ भागीरथी व अलकनन्दा के रूप में होता है। भागीरथी को ही परम्परागत वास्तविक गंगा माना जाता है। भागीरथी का उद्‌गम गंगोत्री हिमनद के 'गोमुख' नामक स्थान से होता है। इसकी सहायक नदियों में सोन, गण्डक, कोसी आदि हैं। यमुना गंगा नदी क्रम की सबसे महत्वपूर्ण नदी है। इसका उद्‌गम बंदरपूँछ के पश्चिमी ढाल पर यमुनोत्री हिमनद से होता है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ है–केन, बेतवा, काली सिन्धु, चम्बल आदि। गोदावरी दक्षिण भारत की सबसे बड़ी नदी है। यह महाराष्ट्र में नासिक जिले में पश्चिमी घाट से निकलती है। इसकी सहायक नदियाँ वेनगंगा, पेनगंगा, इन्द्रावती आदि हैं। कृष्णा नदी महावलेश्वर ने निकट पश्चिमी घाट से निकलती है। इसकी सहायक नदियाँ तुंगभद्रा, भीमा, कोयना, पंचगंगा, दूधगंगा, घाटप्रभा, मालप्रभा आदि हैं।
**(स्रोत– अलका गौतम-भारत)**

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएं एवं कृषि

**26. भारत के केसर का सबसे बड़ा उत्पादक है–**

(a) कश्मीर (b) पश्चिम बंगाल
(c) तमिलनाडु (d) केरल

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारत में केसर का सबसे बड़ा तथा एकमात्र उत्पादक राज्य कश्मीर है। पश्चिमी बंगाल चावल उत्पादन में तथा केरल नारियल के उत्पादन में अग्रणी है। तमिलनाडु का समुद्री तट झींगा मछली के उत्पादन का प्रमुख केंद्र है।
**(स्रोत–अलका गौतम–भारत का भूगोल)**

**27. 'विटीकल्चर' के द्वारा निम्नलिखित में से कौन एक उत्पादित होता है–**

(a) सिल्क (b) केंचुए (c) शहद (d) अंगूर

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–अंगूरों के व्यापारिक उत्पादन को विटीकल्चर कहते हैं सिल्क (रेशम के उत्पादन को 'सेरीकल्चर' तथा शहद के उत्पादन को 'एपीकल्चर' कहते हैं केंचुए के पालन को 'वर्मीकल्चर' की संज्ञा दी गयी है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**28. 'हरित क्रान्ति' के फलस्वरूप गेहूँ का प्रति एकड़ उत्पादन का रिकार्ड अंक था–**

(a) 1500 क्रि. ग्रा. (b) 2000 क्रि. ग्रा.
(c) 2222 क्रि. ग्रा. (b) 3000 क्रि. ग्रा.

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–सन् 1960 के दशक में गहन कृषि कार्यक्रम के नाम से प्रारम्भ हुई हरित क्रान्ति का सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव गेहूँ के उत्पादन में दिखाई पड़ा। हरित क्रान्ति के फलस्वरूप गेहूँ का उत्पादन 2000 किग्रा. प्रति एकड़ के रिकार्ड स्तर पहुँच गया जबकि दलहन एवं मोटे अनाज का उत्पादन घट गया। हरित क्रान्ति के जनक नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कृषि वैज्ञानिक नार्मन ई. बोरलॉग थे। भारत में हरित क्रान्ति का सूत्रपात करने का श्रेय एम.एस. स्वामीनाथन को है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**29. निम्नलिखित में से कौन सा एक गेहूँ की फसल का रोग है–**

(a) ब्लास्ट (b) टिक्का
(c) डस्ट (d) रस्ट

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–गेहूँ की फसल का रोग 'रस्ट' होता है। 'ब्लास्ट' नामक रोग धान तथा टिक्का रोग मूंगफली में लगता है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**30. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके चावल उत्पादन के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये–**

1. आन्ध्र प्रदेश 2. पंजाब
3. तमिलनाडु 4. पश्चिम बंगाल

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

(a) 3, 4, 2, 1 (b) 4, 2, 3, 1
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 3, 2, 1, 4

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारत ही चावाल की जन्म भूमि है। चावाल एक उष्ण कटिबन्धीय फसल है। पश्चिमी बंगाल और तमिलनाडु में चावल की तीन फसलें उगाई जाती हैं। औस, अमन और बोरो। पश्चिमी बंगाल राज्य चावल के अन्तर्गत क्षेत्र (13%) तथा उत्पादन (15%) की दृष्टि से देश में प्रथम स्थान पर है। आंध्र प्रदेश राज्य का देश के कुल चावल क्षेत्र में 8% तथा उत्पादन में 11% का अंशदान है। तमिलनाडु राज्य में देश का 5% चावल क्षेत्र तथा लगभग 10% उत्पादन होता है। यहाँ नीलगिरि, तंजौर, चिंगलपुर, अर्काट प्रमुख चावल उत्पादक जिले हैं। हरित क्रांति के फलस्वरूप पंजाब देश का अग्रणी चावल उत्पादक राज्य हो गया है। प्रश्नानुसार राज्यों का आरोही क्रम इस प्रकार है–तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल।
**(स्रोत– भारत का भूगोल–अलका गौतम)**

**31. निम्नलिखित जलाशयों में से किस एक में मध्य प्रदेश का हरसूद कस्बा जलमग्न हुआ है?**

(a) इंदिरा सागर (b) रानी अवन्ति बाई बाँध
(c) सरदार सरोवर (d) माही बाँध

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर नर्मदा सागर बाँध का शिलान्यास 3 अक्टूबर, 1984 को किया गया। नर्मदा सागर और सरदार सरोवर परियोजना नर्मदा घाटी परियोजना के भाग हैं। नर्मदा सागर बाँध के निर्माण से खण्डवा, देवास, और होशंगाबाद जिले की लगभग 91 हजार हेक्टेयर भूमि जलमग्न हो जायेगी। मध्य प्रदेश के खण्डवा जिले में स्थित हरसूद कस्बा इंदिरा सागर बाँध में पानी भर जाने से जलमग्न हो गया था। हरसूद नगर का 900 वर्ग किमी. में विस्तृत उर्वर कपास की काली मिट्टी का क्षेत्र तथा 40,000 हेक्टेयर बहुमूल्य वन क्षेत्र भी जलमग्न हो जायेंगे। **(स्रोत–भारत–अलका गौतम)**

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**32. निम्नलिखित में से कौन सा एक उद्योग भारत के लिए सबसे अधिक विदेशी मुद्रा कमाता है–**

(a) चाय (b) जूट
(c) लौह एवं इस्पात (d) चीनी

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–उद्योगों में चाय के निर्यात से भारत को काफी विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। समग्र रूप में भारत को सबसे अधिक विदेशी मुद्रा हीरे-जवाहरात के निर्यात से मिलती है तथा शुद्ध रूप में सर्वाधिक विदेशी मुद्रा कपड़ों के निर्यात से प्राप्त होती है।
**(स्रोत–भारत–अलका गौतम)**

**33. भारत में पेट्रोलियम का अग्रणी उत्पादक है–**

(a) असम (b) गुजरात
(c) तमिलनाडु (d) महाराष्ट्र

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत में पेट्रोलियम का सबसे अग्रणी उत्पादक राज्य गुजरात है। अंकलेश्वर, दाहेज, कांडला आदि यहाँ के प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र हैं। भारत का पेट्रो-रसायन उद्योग गुजरात में ही केंद्रित है। महाराष्ट्र का पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र 'बाम्बे हाई' तथा असम में नहरकटिया, नूनमती व डिगबोई क्षेत्र पेट्रोलियम उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। **(स्रोत–भारत–अलका गौतम)**

**34. भारत में निम्नलिखित राज्यों में से कौन सा एक कोयले का सर्वप्रथम उत्पादक है–**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) उड़ीसा (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–दिये गये राज्यों में उड़ीसा कोयले का सर्वप्रमुख उत्पादक राज्य है। मयूरभंज तथा क्योंझर में उड़ीसा की प्रमुख कोयला खाने हैं। कोयले के कुल संचित भण्डार की दृष्टि से उड़ीसा, झारखण्ड के बाद दूसरे स्थान पर है। मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश तथा पश्चिमी बंगाल भी भारत के कोयला उत्पादक राज्य हैं। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2000-01 की भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक कोयला उत्पादित करने वाला राज्य छत्तीसगढ़ है। इसके बाद झारखण्ड व उड़ीसा राज्य आते हैं। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**35. निम्नलिखित राज्यों में से कौन एक अभ्रक का उत्पादन नहीं करता–**

(a) झारखण्ड (b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान (d) आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–अभ्रक उत्पादन में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है। विश्व के कुल उत्पादन का 75-80% अभ्रक भारत में प्राप्त होता है। अभ्रक पारदर्शक, लचीला एवं तापविद्युत निरोधक होता है। अभ्रक उत्पादन में झारखण्ड अग्रणी राज्य है। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम्, कृष्णा एवं नैलोर का अभ्रक सबसे विख्यात है। यहाँ की प्रमुख खाने कालीचेह, व तेलीबाड़ है जो गुंटूर, कवाली, आत्मापुर और रामपुर में है। राजस्थान में अभ्रक की पेटी जयपुर और उदयपुर जिलों में 320 किमी है की लम्बाई तथा 100 किमी. की चौड़ाई में फैली हुयी है। यहाँ का अभ्रक निम्न प्रकार का होता है। म. प्र. अभ्रक उत्पादक राज्य नहीं है। **(स्रोत–भारत का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

# विश्व का भूगोल

## स्थल मण्डल

**36. नीचे दो वक्तव्य दिये हैं, एक को कथन और दूसरे को कारण कहा गया है–**

**कारण (A) :** हिमालय में भूस्खलन की आवृत्ति में वृद्धि हुई है।

**कारण (R) :** हाल के वर्षों में हिमालय में बड़े पैमाने पर खनन कार्य हुआ है।

**उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन सा एक सही है :**

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत तथा नेपाल में स्थित हिमालय पर्वत में भूस्खलन में वृद्धि हुई है परन्तु यह वृद्धि हिमालय में हाल के वर्षों में किये गये खनन के कारण नहीं हुई है। हाल ही में अरावली पर्वत पर हो रहे बड़े पैमाने पर खनन कार्य को सर्वोच्च न्यायालय ने रोक दिया है। हिमालय में ऐसा खनन नहीं हुआ।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**37. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| **सूची-I (नदी)** | **(सूची-II (देश)** |
|---|---|
| A. पोटोमैक | 1. इंग्लैण्ड |
| B. नील | 2. यू. एस.ए. |
| C. टिगरिस | 3. इराक |
| D. टेम्स | 4. सूडान |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–पोटोमैक नदी यू.एस.ए. में बहती है। अमेरिका का न्यूयार्क नगर इसी नदी के किनारे बसा है नील नदी अफ्रीका के सूडान तथा मिश्र देशों में बहती है। टिगरिस नदी इराक में बहती है। इराक की राजधानी बगदाद टिगरिस नदी के किनारे बसा है। टेम्स नदी इंग्लैण्ड की राजधानी लंदन टेम्स नदी के किनारे स्थित है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

**38. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (देश) | सूची-II (राजधानी) |
|---|---|
| A. बुल्गारिया | 1.ओस्लो |
| B. जार्जिया | 2. रिक्याविक |
| C. आइसलैण्ड | 3. सोफिया |
| D. नार्वे | 4. तिब्लिसी |

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 | (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–यूरोपीय देश बुल्गारिया की राजधानी 'सोफिया', एशियाई गणराज्य जार्जिया की राजधानी 'तिब्लिसी', यूरोपीय देश आइसलैण्ड की राजधानी 'रिक्याविक', 'अस्त होते हुए सूर्य' के देश के नाम से प्रसिद्ध यूरोपीय राष्ट्र नार्वे की राजधानी 'ओस्लो' है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

## जलमण्डल

**39. निम्न कथनों में से कौन से सही हैं–**

1. बेंगुला धारा हिन्द महासागर में प्रवाहित होती है
2. पश्चिम आस्ट्रेलियन धारा एक शीतल धारा है।
3. हम्बोल्ट द्वारा चिली के तट के रास्ते प्रभावित होती है।
4. आयोसिवो धारा जापान तट पर उष्ण जल लाती है।

**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3
(c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–पश्चिमी आस्ट्रेलियन धारा एक शीतल (ठण्डी) महासागरीय धारा है। हम्बोल्ट की धारा प्रशान्त महासागर की ठण्डी धारा है जो दक्षिणी अमेरिका के चिली तट से प्रवाहित होती है। इसे पेरू की धारा भी कहते हैं। बेंगुला की धारा अटलांटिक महासागर में प्रवाहित होती है हिन्द महासागर में नहीं। आयोशिया की धारा प्रशान्त महासागर की धारा है जो जापान तट पर उष्ण जल नहीं बल्कि ठण्डा जल लाती है, इसे क्यूराइल की ठण्डी धारा भी कहते हैं।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

**40. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित है?**

(a) बोथानिया की खाड़ी – फ्रांस
(b) बैफिन की खाड़ी – अर्जेन्टीना
(c) कारपेन्टरिया की खाड़ी – कनाडा
(d) टोन्किन की खाड़ी – वियतनाम

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–टोन्किन की खाड़ी वियतनाम में स्थित है, जबकि बैफिन की खाड़ी कनाडा में, फ्रांस में बिस्के की खाड़ी, अर्जेन्टीना में सेन मटियास की खाड़ी स्थित है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## वायुमण्डल

**41. ओजोन पर्त पायी जाती है–**

(a) ट्रोपोस्फीयर (क्षोभमंडल में)
(b) मेजोस्फीयर (मध्यमंडल) में
(c) स्ट्रैटोस्फीयर (समतापमंडल) में
(d) आइनोस्फीयर (आयनमंडल) में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–ओजोन गैस ($O_3$) की मोटी परत क्षोभमण्डल के ऊपर स्थित 'समताप मण्डल' (स्ट्रैटोस्फीयर) की ऊपरी सीमा में पायी जाती है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली मानव जीवन के लिये घातक पराबैंगनी किरणों (अल्ट्रावॉयलेट रेंज) को अवशोषित करके हमारी रक्षा करती है। समताप मण्डल में हवा विरल तथा तापमान स्थिर रहने से मौसम सम बना रहता है। इसीलिए उच्च गति वाले सुपरसोनिक विमान इसी मण्डल पर उड़ान भरते हैं। 'आयनमण्डल' द्वारा रेडियो तरंगें परावर्तित किये जाने से रेडियो प्रसारण साफ सुनाई देता है।
**(स्रोत–विश्व का भूगोल–चतुर्भुज मामोरिया)**

## आर्थिक भूगोल

**42. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (फसल) | सूची II (उत्पादक क्षेत्र) |
|---|---|
| A. कहवा | 1. प्रेयरी मैदान |
| B. जूट | 2. यांगटिसी मैदान |
| C. चावल | 3. साओ पाउलो पठार |
| D. गेहूँ | 4. गंगा डेल्टा |

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–फसलों के उत्पादक क्षेत्रों का सुमेल निम्नांकित है–कहवा के उत्पादन के लिए दक्षिण अमेरिका का साओपाउलो का पठार प्रसिद्ध है। साओपाउलो ब्राजील की विश्वविख्यात कहवा मण्डी है। जूट के उत्पादन के लिए बांग्लादेश तथा भारत में स्थित गंगा का डेल्टा प्रसिद्ध है। चावल उत्पादन के लिए चीन का यांगण्टिसी मैदान तथा गेहूँ के लिये यूक्रेन के प्रेयरी मैदान प्रसिद्ध हैं। यूक्रेन के प्रेयरी मैदानों को 'विश्व की रोटी की डलिया' (Bread Basket of the World) कहा जाता है। **(स्रोत–विश्व का भूगोल–सुरेश प्रसाद)**

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**43. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें 1991-2001 के दौरान जनसंख्या की दशकीय वृद्धि सर्वाधिक रही है–**

(a) मणिपुर (b) मेघालय
(c) नागालैण्ड (d) सिक्किम

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–1991-2001 के दौरान जनसंख्या की सर्वाधिक 64.41 प्रतिशत की दशकीय वृद्धि नागालैण्ड राज्य में दर्ज की गयी थी।
नवीनतम जनगणना-2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 17.7% है। राज्यों में सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर मेघालय में 27.9% है जबकि केन्द्रशासित प्रदेशों में दादर और नगर हवेली में 55.9% है। वर्तमान में मणिपुर में 18.60%, सिक्किम में 12.9% तथा नागालैण्ड में – 0.6% है।

**44. फिलिप एम. हौसर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में लोगों को देशांत-गमन निम्नलिखित में से किस एक नाम से जाना जाता है–**

(a) जनसंख्या डिसप्लोजन (b) जनसंख्या इम्प्लोजन
(c) जनसंख्या टैक्नोप्लोजन (d) जनसंख्या पैरीप्लोजन

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–फिलिप एम. हौसर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में लोगों का देशांत गमन (पलायन) 'जनसंख्या इम्प्लोजन' के नाम से जाना जाता है। **(स्रोत–भारत -2007)**

**45. निम्नलिखित राज्यों को उनके जनसंख्या घनत्व के आरोही क्रम में क्रमबद्ध कीजिए–**

(1) पंजाब (2) उड़ीसा
(3) त्रिपुरा (4) आन्ध्र प्रदेश

**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कूट :**

(a) 2, 4, 3, 1 (b) 4, 2, 3, 1
(c) 4, 1,3, 2 (d) 2, 3, 4, 1

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–सामान्यतः जनघनत्व किसी क्षेत्र विशेष में जनसंख्या के दबाव का द्योतक है। इसे निम्न सूत्र से ज्ञात किया जाता है जनघनत्व (व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी.) = देश या स्थान विशेष की कुल सख्या/देश या स्थान विशेष का कुल क्षेत्रफल।

2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत का जनघनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। राज्यों में सर्वाधिक जनघनत्व बिहार में 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है जबकि केन्द्र शासित प्रदेशों में सर्वाधिक जनघनत्व दिल्ली का 11320 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी. है। राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में न्यूनतम जनघनत्व क्रमशः अरुणांचल प्रदेश में 17 तथा अंडमान एवं निकोबार में 46 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी. है। दिए गए विकल्पों का वर्तमान आरोही क्रम इस प्रकार होगा–

उड़ीसा – 270 < आन्ध्र प्रदेश – 308 < त्रिपुरा – 350 < पंजाब - 551

**46. निम्नलिखित में से कौन सा एक काल भारत में मध्यम नगरीकरण की अवस्था से विशेषित है–**

(a) 1881-1901 (b) 1901-1931
(c) 1931-1961 (d) 1961-2001

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–सन् 1961 से 2001 तक का समय भारत में मध्यम नगरीकरण की अवस्था से विशेषित कहा जा सकता है। भारत एक मध्यम निम्न नगरीकृत देश है। 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की प्रतिशत के रूप में नगरीय जनसंख्या 27.78% है। 1981 से 1991 के दशक की तुलना में 1991-2001 के दशक में नगरीय जनसंख्या में 2.08% की वृद्धि हुयी है। भारत के कुल नगरीय जनसंख्या का सर्वाधिक भाग प्रथम श्रेणी के नगरों में रहता है। भारत के सर्वाधिक नगरीकृत प्रथम चार राज्यों का अवरोही क्रम है–गोवा, मिजोरम, तमिलनाडु, महाराष्ट्र।

**(स्रोत–जनसंख्या एवं नगरीकरण-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**47. निम्नलिखित राज्यों में से कौन सा एक राज्य अधिकतम नगरीकृत हैं–**


(a) केरल (b) महाराष्ट्र (c) पंजाब (d) कर्नाटक

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार अधिकतम नगरीकृत राज्य (सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला राज्य) महाराष्ट्र है। यहाँ की कुल नगरीय आबादी (41100980) अर्थात् राज्य की कुल जनसंख्या का 42.9 प्रतिशत है। किन्तु सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत गोवा में (49.8 प्रतिशत) है।

2011 की जनगणना के अनुसार अधिकतम नगरीकृत राज्य (सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला राज्य) महाराष्ट्र है। यहाँ की कुल नगरीय आबादी 50.81 मिलियन है जो देश की कुल नगरीय आबादी का 13.47% है। सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत गोवा में है वहाँ की नगरीय आबादी राज्य की कुल आबादी का 62.2% है।

**48. मानिये कि किसी शहर की जनसंख्या 50,000 है। हम उसके निम्न विभाजन पर विचार करें–**




**तो टाइप III की जनसंख्या होगी–**

(a) 7500 (b) 5000
(c) 2500 (d) 8000

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–वृत्त के केंद्र का कुल कोणीय मान = 360° होगा। अतः प्रश्न में पूछे गये टाइप III का प्रतिशत कोणीय मान = 54/360=3/20 वाँ भाग होगा। अब 50000 जनसंख्या को टाइप III के 3/20वें भाग में विभाजित करने पर =50000 × 3/20 = 7500 होगी।

**(स्रोत– भारत-2007)**

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य एवं राज्य के नीति निदेशक तत्व

**49. संविधान के निम्न अनुच्छेद में से किस एक के द्वारा अस्पृश्यता का अन्त किया गया?**

(a) 14वाँ अनुच्छेद (b) 16 वाँ अनुच्छेद
(c) 17वाँ अनुच्छेद (d) 18वाँ अनुच्छेद

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–संविधान के मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित भाग-3 के अनुच्छेद-17 से अस्पृश्यता का अंत कर दिया गया है। अनुच्छेद-14 में विधि के समक्ष समानता, अनुच्छेद -16 में अवसर की समानता तथा अनुच्छेद-18 में उपाधियों के अंत का उल्लेख है।

**(स्रोत–भारत का संविधान एवं राज्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## संघ व राज्य की कार्यपालिका एवं आपात उपबन्ध

**50. आपातकाल की घोषणा को स्वीकृति हेतु संसद के समक्ष रखा जाना आवश्यक है–**

(a) एक माह के अंदर (b) दो माह के अन्दर
(c) छः माह के अन्दर (d) एक वर्ष के अन्दर

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–राष्ट्रीय आपात (अनुच्छेद-352) की घोषणा को 1 माह के अंदर संसद के समक्ष स्वीकृति हेतु रखा जाना आवश्यक है। यदि लोक सभा उस समय भंग हो गयी हो तो इस प्रस्ताव को राज्य सभा द्वारा पास किया जाना आवश्यक होगा। राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू करने के प्रस्ताव (अनुच्छेद-356) तथा वित्तीय आपात (अनुच्छेद-360) की उद्घोषणा की स्वीकृति संसद द्वारा 2 माह के अन्दर होना आवश्यक है। **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राजव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**51. भारत के उप-राष्ट्रपति को हटाने का संकल्प प्रस्तावित किया जा सकता है–**

(a) केवल लोक सभा में
(b) केवल राज्य सभा में
(c) संसद् के किसी सदन में
(d) संसद् के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–संविधान के अनुच्छेद 63 में प्रावधान किया गया है कि भारत में एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है। जब सदन के मतदान में पक्ष-विपक्ष में बराबर मत होता है, तब वह निर्णायक मत देता है। उपराष्ट्रपति को राज्यसभा के सदस्यों द्वारा बहुमत से पारित प्रस्ताव के आधार पर हटाया जा सकता है। उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए राज्यसभा में प्रस्ताव पेश करने के 14 दिन पूर्व सूचना देनी आवश्यक है। राज्यसभा में यदि प्रस्ताव पारित हो जाता है तो लोक सभा को उस प्रस्ताव की पुष्टि करनी होती है। लोक सभा द्वारा प्रस्ताव की पुष्टि किए जाने पर उपराष्ट्रपति को पद से हटा दिया जाता है। **(स्रोत–भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**52. राजस्थान के राज्यपाल जिन्हें बर्खास्त किया गया था–**

(a) डॉ. सम्पूर्णानन्द थे (b) रघुकल तिलक थे
(c) सुखदेव प्रसाद थे (d) बलिराम भगत थे

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–राजस्थान में राज्यपाल का पद 1 नवम्बर, 1956 को राज्यों के पुनर्गठन के बाद सृजित हुआ। इसके पूर्व राजस्थान में राजप्रमुख तथा उपराजप्रमुख हुआ करते थे। सरदार गुरुमुख निहाल सिंह राजस्थान के पहले राज्यपाल थे। श्री बलिराम भगत 30-6-1993 से 17.4.1998 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे जिन्हें बर्खास्त किया गया था। डॉ. सम्पूर्णानन्द राजस्थान के दूसरे राज्यपाल तथा उत्तर प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री थे। श्री रघुकल तिलक मई, 1977 से जून, 1977 तक राजस्थान के छठें राज्यपाल थे। **(स्रोत–राजस्थान-भल्ला)**

## विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद्

**53. निम्नलिखित में से किसे संसद के दोनों सदनों में बोलने, अन्य कार्यवाहियों में सम्मिलित होने एवं किसी भी संसदीय कमेटी का सदस्य होने का अधिकार तो है परन्तु उनमें वोट देने का अधिकार नहीं है–**

(a) भारत का महालेखक परीक्षक एवं लेखा नियन्त्रक
(b) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त
(c) भारत के वित्त आयोग के अध्यक्ष
(d) भारत के अटार्नी जनरल

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 में महान्यायवादी (अटार्नी जनरल) का प्रावधान है। अटार्नी जनरल भारत का प्रथम विधि अधिकारी होता है। इस संसद के दोनों सदनों में बोलने तथा कार्यवाहियों में भाग लेने एवं किसी भी संसदीय समिति का सदस्य होने का अधिकार तो प्राप्त है परन्तु उसे इनमें वोट देने का अधिकार नहीं है **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राजव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## संघ-राज्य संबंध, प्रशासन एवं जम्मू-कश्मीर राज्य

**54. सरकारिया आयोग की सिफारिशों का सम्बन्ध है–**

(a) राजस्व वितरण से
(b) राष्ट्रपति की शक्तियों एवं कार्यों से
(c) संसद की सदस्यता से
(d) केन्द्र और राज्यों के पारस्परिक सम्बन्धों से

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–केंद्र और राज्यों के पारस्परिक सम्बन्धों पर विचार करने के लिये सन् 1983 में सरकारिया आयोग का गठन किया गया। सरकारिया आयोग ने 1987 में अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट सरकार को सौंपी। तमिलनाडु सरकार ने केंद्र-राज्य सम्बन्धों पर विचार करने के लिए 'राजमन्नार आयोग' का गठन किया था। **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राजव्यवस्था–यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**55. निम्नलिखित में से कौन सा एक संविधान का अंग नही है–**

(a) निर्वाचन आयोग (b) वित्त आयोग
(c) अन्तर्राज्यीय परिषद् (d) योजना आयोग

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–योजना आयोग का गठन 1950 में एक मन्त्रिमण्डलीय प्रस्ताव के द्वारा किया गया। इसके गठन का प्रावधान संविधान में नहीं है। योजना आयोग तथा राष्ट्रीय विकास परिषद् (1952 में गठित) दोनों संविधानेत्तर निकाय है। इनका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। निर्वाचन आयोग अनुच्छेद 324, वित्त आयोग (अनुच्छेद-280) तथा अन्तर्राज्यीय परिषद् (अनुच्छेद -263) संविधान के अंग हैं। **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राजव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**56. राज्यों के वित्तीय लेखों पर नियंत्रण रखता है–**

(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) राज्य वित्त सचिव (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–राज्यों के वित्तीय लेखों पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री अथवा मुख्य सचिव में से किसी का भी नियंत्रण नहीं होता। **(स्रोत–भारत संविधान एवं राजव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**57. भारत के निम्न मुख्य न्यायाधीशों में से किस एक ने राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था–**

(a) जस्टिस एम.सी. महाजन (b) जस्टिस एम. हिदायतुल्ला
(c) जस्टिस पी. एन. भगवती (d) जस्टिस बी. के. मुखर्जी

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एम. हिदायतुल्ला ने दो बार राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। सर्वप्रथम 1969 में डॉ. जाकिर हुसैन की मृत्यु होने पर तथा कार्यवाहक राष्ट्रपति वी.वी. गिरि द्वारा राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से त्यागपत्र देने के कारण जस्टिस हिदायतुल्ला 20 जुलाई, 1969 से 24 अगस्त, 1969 तक कार्यों का सम्पादन किया। **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राज्यव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## पंचायती राज, संविधान संशोधन एवं अनुसूचियाँ

**58. राज्य भूमि सुधार अधिनियममों को, संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु, सम्मिलित किया गया है–**

(a) 7वीं अनुसूची में (b) 9वीं अनुसूची में
(c) 8वीं अनुसूची में (d) 10वीं अनुसूची में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–26 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान के लागू होने के एक वर्ष बाद 1951 में किये गये प्रथम संविधान संशोधन द्वारा राज्यों के भूमि सुधार अधिनिमों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु संविधान में एक नई 9वीं अनुसूची जोड़ी गई। भूमि सुधार अधिनियमों को इस नई अनुसूची में रखकर न्यायिक समीक्षा से बाहर कर दिया गया। 7वीं अनुसूची में संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची (शक्तियों के केंद्र एवं राज्यों में विभाजन), 8 वीं अनुसूची में भाषाएँ तथा 10वीं अनुसूची में दल-बदल कानून का उल्लेख किया गया है। **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राजव्यवस्था -यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**59. वह राज्य, जिसने सबसे पहले पंचायतीराज स्वीकार किया, था–**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) गुजरात (d) राजस्थान

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–पंचायती राजव्यवस्था को स्वीकार करने वाला भारत का प्रथम राज्य राजस्थान है। राज्यपाल के नागौर जिले में 2 अक्टूबर, 1959 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने पंचायत राजव्यवसआ का शुभारम्भ किया था। वर्तमान में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम-1993 के द्वारा पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान कर दिया गया है **(स्रोत–भारत का संविधान एवं राजव्यवस्था-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**60. वर्तमान में लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्यों की संख्या निम्न में से किस एक जनगणना के आंकड़ों पर आधारित है–**
(a) 1951 (b) 1961 (c) 1971 (d) 1981
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–वर्तमान में लोकसभा तथा राज्य विधान-सभाओं के सदस्यों की संख्या सन् 1971 की जनगणना के आँकड़ों पर आधारित है। 84वें संविधान संशोधन अधिनियम -2000 के द्वारा सदस्य संख्या की इस सीमा को सन् 2026 तक अपरिवर्तित रखने का प्रावधान किया गया है। **(स्रोत–भारत-2007)**

# अर्थव्यवस्था

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**61. राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना का प्रारम्भ हुआ था, वर्ष–**
(a) 1995-96 में (b) 1998-99 में
(c) 1999-2000 में (d) 2001-02 में
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–अप्रैल, 1985 से केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने व्यापक फसल बीमा योजना प्रारम्भ की। इसके स्थान पर 'राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना' 1999-2000 लागू की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूखा, बाढ़, ओला वृष्टि, चक्रवात, आग, कीट, बीमारियाँ आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल को हुयी क्षति से किसानों का संरक्षण करना है ताकि आगामी मौसम में उसकी ऋृण साख बहाल हो सके। यह योजना ऋणग्रस्तता पर ध्यान दिए बिना सभी किसानों के लिए उपलब्ध है।
**(स्रोत–अर्थशास्त्र विशेषांक : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## मुद्रा, बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र-राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**62. एक देश अपनी मुद्रा के अवमूल्यन का सहारा लेता है–**
(a) व्यापार शेष को ठीक करने के लिये
(b) आयातित वस्तुओं तथा सेवाओं की लागत को ठीक करने के लिए
(c) देश में मुद्रा-स्फीति की प्रवृत्ति को कम करने के लिये
(d) उपरोक्त सभी के लिये
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–किसी देश द्वारा अपनी मुद्रा के अवमूल्यन किये जाने का उद्देश्य प्रतिकूल (ऋणात्मक) व्यापार शेष को ठीक करना होता है। मुद्रा के अवमूल्यन के परिणामस्वरूप देशी मुद्रा का विनिमय मूल्य विदेशी मुद्रा के सापेक्ष अधिक हो जाता है। इसके कारण निर्यात सस्ते हो जाते हैं तथा आयात महंगा हो जाता है। सस्ता होने से निर्यात को प्रोत्साहन तथा आयात हतोत्साहित होता है। फलस्वरूप देश के विदेशी प्रतिकूल भुगतान शेष में सुधार होता है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था -दत्त एवं सुन्दरम्)**

**63. नीचे दो वक्तव्य दिये है, एक को कथन (A) कहा गया है और दूसरे को कारण (R)–**
**कथन (A) :** हीनार्थ प्रबन्धन से मुद्रा-स्फीति होती है।
**कारण (R) :** इससे मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं एवं सेवाओं की तुलना में अधिक हो जाती है।
**उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन सा एक सही है–**
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–'हीनार्थ प्रबन्धन' अथवा घाटे की वित्त व्यवस्था के तहत सरकार बजट घाटे को पूरा करने के लिए या तो केंद्रीय बैंक से ऋृण लेती है अथवा अतिरिक्त पत्र मुद्रा छापकर व्यय के आधिक्य को पूरा करती है। हीनार्थ प्रबन्धन के इस उपाय को अपनाने से मुद्रास्फीति उत्पन्न होती है जिसके फलस्वरूप मुद्रा की आपूर्ति, वस्तुओं एवं सेवाओं की तुलना में अधिक हो जाती है। मुद्रा का मूल्य गिरता है तथा वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में वृद्धि हो जाती है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुंदरम्)**

**64. सुपर बाजार होता है एक–**
(a) थोक विक्रय संगठन
(b) फुटकर विक्रय संगठन
(c) उपभोक्ता सहकारी भण्डार
(d) उच्च गुणवत्ता एवं बहुमूल्य वस्तुओं के विकास का संगठन
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–'सुपर बाजार' उच्च गुणवत्ता युक्त एवं बहुमूल्य वस्तुओं के विक्रय का एक संगठन होता है। बड़े-बड़े शहरों में उच्च आय वर्ग वाले उपभोक्ताओं के लिए सुपर बाजार स्थापित होते हैं।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-एस. एन. लाल)**

**65. भारत का सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है–**
(a) बैंक ऑफ इण्डिया (b) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(c) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (d) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (S.B.I) भारत का सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है। स्टेट बैंक की स्थापना 1921 में, 'इम्पीरियल बैंक ऑफ इण्डिया' के 1 जुलाई, 1955 को राष्ट्रीयकरण किये जाने से हुई। भारत के केन्द्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई। 1 जनवरी, 1949 को इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। 1993 में न्यू बैंक ऑफ इण्डिया का पंजाब नेशनल बैंक में विलय किये जाने के बाद राष्ट्रीयकृत बैंकों की कुल संख्या 19 रह गयी है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-एस.एन. लाल)**

**66. निम्नलिखित समूहों में से किस एक को केन्द्र सरकार द्वारा एकत्र किया जाता है तथा राज्यों के साथ बाँटा जाता है–**
(a) आय कर निगम कर, तट कर
(b) आय कर, निगम कर, उत्पाद कर
(c) उत्पाद कर, आय पर उपकर, निगम कर
(d) उत्पाद कर, आय पर उपकर, तट कर
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारतीय संविधान के भाग-12 में अनुच्छेद-264 से 291 तक केंद्र -राज्यों के वित्तीय सम्बन्धों का उल्लेख है। संविधान के अनुसार आय कर, केंद्रीय उत्पाद कर तथा निगम कर केंद्र सरकार द्वारा उद्गृहीत तथा संग्रहीत किए जाते हैं और संघ तथा राज्यों के बीच संकलित कर राजस्व को वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप वितरित कर दिया जाता है।

**67. यूनिवर्सल सर्विस आब्लिगेशन फंड का सम्बन्ध है–**
(a) टेलीकॉम कम्पनियों के देयताओं के समायोजन से
(b) समान कीमत बनाये रखने के लिए तेल शोधन कम्पनियों के लेखों के समायोजन से
(c) छूत की बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों की मदद हेतु

(d) प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता पहुँचाने हेतु

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–तेल की कीमतों में वृद्धि को नियंत्रित रखने के लिए तथा कीमतों में समानता बनाये रखने हेतु सरकार ने 'युनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फण्ड' की स्थापना की है।
**(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-एस.एन. लाल)**

**68. सूची-I को सूची II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| **सूची I (व्यक्ति)** | **सूची II (जिससे सम्बन्धित)** |
|---|---|
| A. एम.एस. स्वामीनाथन | 1. बैंकों पर सामाजिक नियंत्रण |
| B. एल.के. झा | 2. दुग्ध उत्पादन |
| C. वी.जी. कुरियन | 3. हरित क्रान्ति |
| D. मोरार जी देसाई | 4. भारी उद्योग |
| | 5. कराधान |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 5 |
| (b) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 5 |
| (d) | 4 | 1 | 5 | 3 |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–एम.एस. स्वामीनाथन का सम्बन्ध हरित क्रांति से, एल. के. झा का कराधान से, वी.जी. कुरियन का दुग्ध उत्पादन (श्वेत क्रान्ति) से, भूतपूर्व प्रधानमंत्री मोरार जी देसाई का सम्बन्ध बैंकों पर सामाजिक नियंत्रण से है। **(स्रोत–भारतीय अर्थव्यवस्था-एस.एन. लाल)**

## भारत का विदेश व्यापार व आर्थिक संगठन एवं शेयर बाजार

**69. निम्न में से किस एक की प्रोन्नति के लिये भारत में मुक्त व्यापार क्षेत्रों की स्थापना की गयी है–**

(a) पिछड़े एवं पर्वतीय क्षेत्र (b) ग्रामीण एवं लघु उद्योग
(c) निर्यात उद्योग (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत में मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना का उद्देश्य निर्यात उद्योग को बढ़ावा देना है। देश के सभी निर्यात क्षेत्रों को 1 जुलाई, 1999 को चीन की तर्ज वाले 'फ्री ट्रेड जोन्स' (मुक्त व्यापार क्षेत्र) में बदल दिया गया। इन मुक्त व्यापार क्षेत्रों में श्रम कानून तथा सीमा शुल्क लागू नहीं होंगे। निर्यात उत्पादन के लिये इन इकाइयों को शुल्क मुक्त आयात उपलब्ध होगा।
**(स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुंदरम्)**

**70. निम्नलिखित में से कौन सा एक देश है जो हाल में ही 147वें सदस्य के रूप में विश्व व्यापार संगठन में शामिल हुआ है**

(a) नेपाल (b) भूटान (c) युगांडा (d) बेल्जियम

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–विश्व व्यापार संगठन की स्थापना इसके पूर्ववर्ती 'गैट' की उरूग्वे चक्र की लम्बी वार्ता के परिणास्वरूप हुयी थी। 1 जनवरी, 1995 से इसकी विविधत स्थापना हो गयी तथा इसने विश्व व्यापार के नियमन के लिए एक औपचारिक संगठन के रूप में गैट का स्थान ले लिया। विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय जेनेवा में है। यह विश्व व्यापार पर नजर रखने वाली प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संस्था है। दोहा बैठक में चीन और ताइवान को सदस्य चुना गया। कानकुन सम्मेलन में 147 वें सदस्य के रूप में नेपाल तथा कम्बोडिया को 148वें सदस्य के रूप में सदस्यता प्रदान की गयी। वर्तमान में वियतनाम के सम्मिलित होने से इस संगठन की सदस्य संख्या 150 हो गई है।
**(स्रोत–क्रॉनिकल ईयर बुक)**

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**71. किसी तारे का रंग दर्शाता है -**

(a) इसकी पृथ्वी से दूरी (b) इसका ताप
(c) इसकी ज्योति (d) इसकी सूर्य से दूरी

**उत्तर :** (b)

**व्याख्या :** तारे स्वतः चमकदार गैसों के पिण्ड हैं, जो स्वयं के गुरुत्वाकर्षण बल से परस्पर बंधे रहते हैं। ब्रह्माण्ड का अधिकांश द्रव्यमान तारों के रूप में ही छाया हुआ है। तारे पैदा होते हैं, ऊर्जा उत्सर्जित करते हैं व स्वयं समाप्त हो जाते हैं। तारों का जीवनकाल इनके द्रव्यमान व चमक पर निर्भर करता है। जो तारा जितना अधिक चमकीला होता है उसका जीवनकाल उतना ही कम होता है। ब्रह्माण्ड में तीव्र चमकदार तारों का जीवन काल $16^6$ वर्ष होता है। जबकि सूर्य जो कि स्वयं एक तारा है, का जीवन काल $10^{10}$ वर्ष है। किसी तारे का रंग उसकी ताप की मात्रा को दर्शाता है अर्थात् तारे का रंग उसके ताप पर निर्भर होता है। तारों की दूरियाँ प्रकाश वर्ष में मापी जाती है। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है, जिसे प्रकाश एक वर्ष में तय करता है।

**72. दो समतल दर्पण एक-दूसरे से किसी कोण पर नत हैं। एक प्रकाश की किरण, एक दर्पण के समानान्तर चलकर दो परावर्तन के बाद दूसरे दर्पण के समानान्तर हो जाता है। ऐसे दर्पणों के बीच का कोण होगा -**

(a) $60^0$ (b) $40^0$
(c) $30^0$ (d) $90^0$

**उत्तर :** (a)

**व्याख्या :** जब किसी प्रकाश स्रोत को समतल दर्पण के सामने रखते हैं तो स्रोत से चलने वाली प्रकाश-किरणें दर्पण के तल से परावर्तित होकर वापस लौटती है। समतल दर्पण से बना वस्तु का प्रतिबिम्ब दर्पण के पीछे उतनी ही दूरी पर बनता है जितनी दूरी पर वस्तु दर्पण के सामने रखी होती है। अतः प्रतिबिम्ब का आवर्धन एक होता है। इस दर्पण में बने प्रतिबिम्ब में पार्श्व उत्क्रमण होता है। बच्चों के खेलने की दूरबीन को घुमाने से कई प्रकार के रंग-बिरंगे आकार दिखलाई पड़ते हैं। बहुमूर्तिदर्शी के अन्दर दो समतल दर्पण एक-दूसरे से $60^0$ पर झुके होते हैं, जिससे वस्तु के कई प्रतिबिम्ब दिखाई पड़ते हैं।

**73. पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान सूर्य को सीधे देखने से आँख में अपरिवर्तनीय क्षति पहुँचती है। रेटिना का जलना सूर्य की किरणों के निम्न घटकों में से किस एक के कारण होता है?**

(a) ताप (b) इन्द्रधनुषीय प्रकाश
(c) अल्ट्रावायलेट प्रकाश (d) इन्फ्रारेड प्रकाश

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** जब पृथ्वी एवं सूर्य के मध्य चन्द्रमा आ जाता है व चन्द्रमा की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब सूर्यग्रहण की घटना होती है। सूर्यग्रहण सदैव अमावस्या को ही होता है। जब चन्द्रमा सूर्य को पूर्ण रूप से ढक लेता है, तो पूर्ण सूर्यग्रहण तथा जब चन्द्रमा सूर्य को आंशिक रूप से ढक पाता है तो आंशिक सूर्यग्रहण की घटना होती है। सूर्यग्रहण के दौरान जब सूर्य एक चमकती हुई अंगूठी के रूप में दिखाई पड़ता है, तो इस घटना को 'डायमंड रिंग' कहा जाता है। पूर्ण सूर्यग्रहण को सीधे नंगी आँखों से देखने पर सूर्य से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों से आंख की रेटिना जलने लगती है जिसके कारण आँख क्षतिग्रस्त हो जाती है। **(स्रोत-सामान्य विज्ञान–NCERT)**

**74. जब प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाता है तो निम्न में से कौन एक अपरिवर्तित रहता है -**

(a) तीव्रता (b) वेग
(c) तरंग-दैर्ध्य (d) आवृत्ति

**उत्तर :** (d)

**व्याख्या :** जब प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में संचरण करता है तब उसकी तीव्रता, वेग तथा तरंग दैर्ध्य तो परिवर्तित हो जाता है, परन्तु प्रकाश की आवृत्ति अपरिवर्तित रहती है। प्रकाश एक अनुप्रस्थ तरंग होती है। सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक विकिरण के माध्यम से आता है। **(स्रोत – भौतिकी – कुमार मित्तल)**

**75. रेडियोएक्टिविटी का आविष्कार किया था -**

(a) रदरफोर्ड ने (b) बेकेरल ने
(c) बोर ने (d) मैडम क्यूरी ने

**उत्तर :** (b)

**व्याख्या :** रेडियोएक्टिविटी का आविष्कार हेनरी बेकेरल ने किया था। रेडियो सक्रियता वह प्रक्रिया है जिसमें परमाणु के सभी नाभिक उच्च ऊर्जायुक्त विकिरणों या परमाणविक कणों का उत्सर्जन करते हैं वे तत्व जिनकी परमाणु संख्या लेड-82 से अधिक है। रेडियोएक्टिव तत्व हैं। रदरफोर्ड ने बीटा किरणों या कण की खोज की जबकि रेडियम का आविष्कार मैडम क्यूरी ने किया था।
**(स्रोत-भौतिकी – कुमार मित्तल)**

**76. प्रकाश-वैद्युत प्रभाव के आविष्कारकर्त्ता थे -**

(a) हर्ट्ज (b) आइन्सटीन
(c) प्लांक (d) बोर

**उत्तर :** (b)

**व्याख्या :** जर्मन वैज्ञानिक आइन्सटीन ने सापेक्षता सिद्धांत (1905) तथा प्रकाश वैद्युत प्रभाव का आविष्कार किया था। फ्रांस के वैज्ञानिक प्लांटे ने स्टोरेज बैटरी का आविष्कार 1859 ई. में किया था।
**(स्रोत-भौतिकी-कुमार मित्तल)**

**77. जब किसी पिण्ड को चन्द्रमा से पृथ्वी पर स्थानान्तरित किया जाता है तो -**

(a) पृथ्वी पर उसका भार घट जाता है और मात्रा बढ़ जाती है
(b) पृथ्वी पर उसका भार बढ़ जाता है तथा मात्रा घट जाती है
(c) पृथ्वी पर उसका भार तथा मात्रा अपरिवर्तित रहती है
(d) पृथ्वी पर उसका भार बढ़ जाता है तथा मात्रा अपरिवर्तित रहती है

**उत्तर :** (d)

**व्याख्या :** चन्द्रमा पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है। चन्द्रमा पर गुरुत्वाकर्षण का मान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का मात्र 1/6 है। अतः किसी पिण्ड को चन्द्रमा से पृथ्वी पर स्थानान्तरित करने पर उसका भार बढ़ता है, परन्तु मात्रा अपरिवर्तित रहती है। कम गुरुत्वाकर्षण के कारण चंद्रमा पर वायुमंडल का अभाव है। चन्द्रमा पर दिन का तापमान $100^0C$ तथा रात का तापमान $180^0C$ तक होता है। चन्द्रमा का आकार पृथ्वी के आकार का एक चौथाई है। चन्द्रमा के प्रकाश को पृथ्वी पर आने में 1.25 सेकेंड लगता है। पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमण के अलावा चन्द्रमा अपना धूरी पर घूर्णन भी करती है। चन्द्रमा का मात्र 59% भाग ही पृथ्वी से दिखाता है।
**(स्रोत-विश्वेश्वरदास-सामान्य विज्ञान)**

## रसायन विज्ञान

**78. जर्मन सिल्वर में चांदी का प्रतिशत होता है -**

(a) 1% (b) 5%
(c) 0% (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** जर्मन सिल्वर में तांबा (Cu) 50 प्रतिशत, जस्ता (Zn) 35 प्रतिशत तथा निकिल (Ni) 15 प्रतिशत मिश्रित रहता है। मिश्र धातु जर्मन सिल्वर में चांदी की मात्रा नहीं होती।
**(स्रोत-भौतिकी – कुमार मित्तल)**

**79. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अचार | 1. कार्बोनिक अम्ल |
| B. खट्टा दूध | 2. ऐसीटिक अम्ल |
| C. सेब | 3. लैक्टिक अम्ल |
| D. शीतल पेय एवं सोडा वाटर | 4. मैलिक अम्ल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर :** (b)

**व्याख्या :** अचार में ऐसीटिक अम्ल, खट्टे दूध में लैक्टिक अम्ल, सेब में मैलिक अम्ल तथा शीतल पेय एवं सोडावाटर में कार्बोनिक अम्ल रहता है। **(स्रोत-जन्तु विज्ञान – डॉ. रमेश गुप्ता)**

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**80. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. लेक्टोबैसिलस | 1. ऐल्कोहॉल उत्पादन में |
| B. राइजोबियम | 2. सिट्रिक अम्ल बनाने में |
| C. यीस्ट | 3. दही बनाने में |
| D. ऐस्पर्जिलस | 4. नाइट्रोजन स्थिरीकरण में |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** लैक्टोबैसिलस नामक जीवाणु दूध को दही बनाने में, राइजोबियम जो दलहनी फसलों की जड़ों में पाया जाता है, भूमि में नाइट्रोजन के स्थिरीकरण में, यीस्ट किण्वीकरण द्वारा ऐल्कोहल के उत्पादन में तथा ऐस्पर्जिलस नामक जीवाणु का प्रयोग साइट्रिक अम्ल बनाने में किया जाता है। **(स्रोत–जन्तु विज्ञान–डॉ. रमेश गुप्ता)**

**81. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा एक सुमेलित नहीं है -**

(a) कोशिका का नियंत्रण कक्ष - केन्द्रक
(b) प्राकृतिक रबर - पॉली आइसोप्रीन
(c) क्रायोलाइट - ऐल्युमीनियम का अयस्क
(d) रोगाणुरोधक - फीनॉलफ्थेलीन

**उत्तर :** (d)

**व्याख्या :** फिनालफ्थेलीन रोगाणुरोधक (Antiseptic) नहीं है। केन्द्रक कोशिका का नियंत्रण कक्ष, पाली-आइसोप्रीन प्राकृतिक रबर तथा क्रायोलाइट, बाक्साइट, कोरण्डम आदि एल्यूमीनियम के अयस्क हैं।
**(स्रोत – जन्तु विज्ञान – डॉ. रमेश गुप्ता)**

**82. अल्फा-केराटिन एक प्रोटीन है जो उपस्थित रहता है -**

(a) चर्म में (b) ऊन में
(c) रक्त में (d) अण्डों में

**उत्तर :** (b)

**व्याख्या :** अल्फा केराटिन जानवरों के बालों में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है। यह प्रोटीन ऊन देने वाले जानवरों के ऊन (बालों) में उपस्थित होती है। **(स्रोत-जन्तु विज्ञान-डॉ. रमेश गुप्ता)**

**83. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. एन्थ्रैक्स | 1. दोषी जीन से उत्पन्न रोग |
| B. थैलेसीमिया | 2. गर्भ की किरायेदारी |
| C. सरोगेसी | 3. जीनोम में परिवर्तन करने वाला विज्ञान |
| D. ट्रान्सजेनिक्स | 4. एक विष जो जैव-युद्ध में काम आता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 | (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 | (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तर :** (a)

**व्याख्या :** एन्थ्रैक्स नामक वायरस जैव युद्ध में प्रयुक्त होने वाला एक विष है, थैलेसीमिया नामक बीमारी दोषी जीन के कारण होती है। सरोगेसी गर्भ की किरायेदारी तथा ट्रान्सजेनिक्स तकनीक जीनोम में परिवर्तन वाला विज्ञान है। **(स्रोत-जन्तु विज्ञान-डॉ. रमेश गुप्ता)**

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**84. ट्यूमर की पहचान हेतु प्रयुक्त रेडियोधर्मी समस्थानिक है -**

(a) आयोडोनी - 131
(b) कोबाल्ट - 60
(c) आर्सेनिक - 74
(d) सोडियम - 24

**उत्तर :** (c)

**व्याख्या :** ट्यूमर की पहचान के लिए आर्सेनिक-74 नामक रेडियोएक्टिव समस्थानिक का प्रयोग किया जाता है। आयोडीन-131 का प्रयोग थाइराइड ग्रन्थि का विकार ज्ञात करने तथा ब्रेन ट्यूमर के इलाज में, कोबाल्ट-60 का प्रयोग कैंसर के उपचार में तथा सोडियम-24 नामक रेडियोधर्मी समस्थानिक का उपयोग परिसंचरण तंत्र में रक्त के थक्के जमने का पता लगाने के लिए किया जाता है।
**(स्रोत- जन्तु विज्ञान – डॉ. रमेश गुप्ता)**

## तर्कशक्ति परीक्षण

**85. यदि शब्द FATHER को कोड़ में GARDEN लिखा जाता है तो शब्द WRITER को कोड में लिखा जायेगा–**

(a) ORPHEN
(b) GODOWN
(c) XORPEN
(d) XRGPEN

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–FATHER शब्द के प्रथम वर्ण F के पश्चात् आने वाले वर्ण G को रखकर तथा A वर्ण को अपरिवर्तित रखते हुए पुनः T वर्ण का पूर्ववर्ती वर्ण R लिखकर, अंग्रेजी वर्णमाला में H के 4 अंक पहले आने वाले अक्षर D को लिखकर, पुनः E को अपरिवर्तित रखते हुए तथा R वर्ण के 4 अंक पूर्व आने वाले N वर्ण को GARDEN कोड बनाया गया है। इसी नियमानुसार WRITER शब्द का कोड XRGPEN होगा।

**86. जब A, B से बड़ा है, X, B से छोटा है, परन्तु B, A से कभी बड़ा नहीं है, तो–**

(a) X, A से कभी बड़ा नहीं है
(b) X, A से कभी छोटा नहीं है
(c) X, B से कभी छोटा नहीं है
(d) X, B से बड़ा

**उत्तर**–(a)


**व्याख्या**–प्रश्न में दिये गये तथ्य के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि A सबसे बड़ा है A के बाद B है तथा X दोनों (A तथा B) से छोटा है अतः निष्कर्ष निकलता है X, A से कभी बड़ा नहीं है।

**87. आभा 1 कि.मी. दक्षिण की ओर चलती है फिर 1 किमी. पूर्व की ओर चलती हैं। अपनी यात्रा आरम्भ बिन्दु पर पहुँचने के लिए उसे चलना पड़ेगा–**

(a) पूर्व से 45° उत्तर की ओर
(b) पूर्व से 30° उत्तर की ओर
(c) पश्चिम से 45° उत्तर की ओर
(d) पश्चिम से 30° उत्तर की ओर

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–प्रश्नानुसार आभा की यात्रा का क्रम निम्नलिखित होगा–




**88. विषम पद को पहचानिये–**

(a) शेर
(b) बाघ
(c) चीता
(d) भेड़िया

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–शेर, बाघ तथा चीता एक ही प्रजाति के जंगली जानवर हैं जबकि भेड़िया इनमें भिन्न प्रजाति का वन्य जीव है। अतः इन तीनों से विषम है।

**89. यदि 'अध्यापन', 'सीखने' से संबंधित है तो 'उपचार' सम्बन्धित है–**

(a) डॉक्टर से
(b) दवा से
(c) अस्पताल से
(d) रोग निदान से

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–जिस प्रकार अध्यापन का सम्बन्ध सीखने से है उसी प्रकार उपचार (Treatment) रोग निदान (Cure) से सम्बन्धित है।

**90. एक झोले में एक रु., दो रु. तथा पाँच रु. के सिक्के हैं। झोले में सिक्कों की कुल संख्या 72 है। सिक्कों की कुल कीमत 140 रु. है। एक रु. के सिक्कों की कुल कीमत दो रु. के सिक्कों की कुल कीमत के बराबर है। तो बैग में पाँच रु. के कुल सिक्के होंगे–**

(a) 32
(b) 40
(c) 12
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–झोले में 1 रुपये, 2 रुपये तथा 5 रुपये के सिक्कों की संख्या क्रमशः 40, 20 तथा 12 होगी।

**91. यदि TRAIN के लिये कोड RAINS हो तो BUS के लिये कोड क्या होगा–**

(a) SUB
(b) USB
(c) USA
(d) USC

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–TRAIN का कोड RAINS बनाने में TRAIN के प्रथम अक्षर T के ठीक पूर्व आने वाले अक्षर S को अक्षर S को अक्षर समूह RAIN के अंत में जोड़कर RAINS बना दिया गया है। अब इसी नियम से BUS का कोड बनाने के लिए B के ठीक पहले आने वाले अक्षर A को U, S के अन्त में जोड़कर USA कोड बनेगा।

**92. यदि APPLE के लिये कोड A2QMF हो तो GLASS के लिये कोड होगा–**
(a) GNB2T (b) GMB2T
(c) HMB2T (d) HLA2S
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–APPLE का कोड बनाने के लिए सर्वप्रथम A को ज्यों का त्यों रखा गया है। तत्पश्चात् डबल P में प्रथम P के स्थान पर इन 2 संख्या तथा दूसरी P के स्थान पर P के ठीक पूर्व का वर्ण Q रखा गया है। इसके बाद L के बाद आने वाले वर्ण M को तथा E के बाद आने वाले वर्ण F को रखा गया है। इसी नियम के अनुसार GLASS का कोड GMB2T बनेगा।

## उत्तर प्रदेश : सामान्य-ज्ञान

**93. उत्तर प्रदेश सरकार की आय का सबसे बड़ा भाग प्राप्त होता है–**
(a) भूमि राजस्व से
(b) व्यापार कर से
(c) संघीय एक्साइड ड्यूटी में से हिस्सा
(d) पंजीकरण शुल्क
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश सरकार की आय का सबसे बड़ा भाग व्यापार कर है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश विशेषांक-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**94. प्रतिवर्ष, प्रसिद्ध सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर मेला लगता है–**
(a) फतेहपुर सीकरी, आगरा में
(b)कलियार, सहारनपुर में
(c) देवा शरीफ, बाराबंकी में
(d) गढ़मुक्तेश्वर, गाजियाबाद में
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–बाराबंकी से लगभग 12 किमी. दूरी पर स्थित देवा शरीफ में प्रसिद्ध सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार है। उनके वार्षिक उर्स के अवसर पर कार्तिक में देवा में एक बड़ा मेला लगता है। रुड़की हरिदार (उत्तरांचल) से कुछ दूर कलियार में शाह अलीउद्दीन साबिर, जो पीर-ए-कलियर के नाम से विख्यात हैं, की दरगाह है। मेरठ से 42 किमी. दूर गंगा के दाहिने तट पर स्थित गढ़मुक्तेश्वर (गाजियाबाद) प्राचीनकाल में हस्तिनापुर नगर का एक मोहल्ला था। यहाँ गढ़मुक्तेश्वर शिव का मंदिर है। कार्तिक पूर्णिमा को यहाँ मेला लगता है। आगरा से 40 किमी. दूर स्थित फतेहपुर सीकरी (आगरा) में प्रसिद्ध संत शेख सलीम चिश्ती का मकबरा है। शेख सलीम चिश्ती का हिन्दू और मुसलमान दोनों ही धर्मों को मानने वालों के बीच समान आदर है। **(स्रोत–वि'वास- उत्तर प्रदेश विशेषांक)**

**95. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (नगर) | सूची-II (उत्पादन) |
|---|---|
| A. रेनूकूट | 1. खेल का सामान |
| B. ऋषिकेश | 2. एन्टीबायोटिक |
| C. मेरठ | 3. ताले |
| D. अलीगढ़ | 4. ऐल्यूमिनियम |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 | (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–सोनभद्र के रेनूकूट में ऐल्यूमीनियम का संयंत्र हिण्डाल्को, ऋषिकेश (उत्तरांचल) में एण्टीबायोटिक दवायें बनाने का कारखाना, मेरठ में खेल का सामान तथा अलीगढ़ में ताले बनाने का केंद्र है।

**96. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का शिलान्यास निम्न में से किसने किया था–**
(a) मदन मोहन मालवीय (b) महाराजा विभूति नारायण सिंह
(c) लार्ड हार्डिंग (d) एनी बेसेंट
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय ने की थी, इसका शिलान्यास तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड हार्डिंग ने किया था। **(स्रोत–महात्मा गांधी की आत्मकथा)**

**97. जनगणना 2001 के अनुसार उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में साक्षरता दर सबसे कम है–**
(a) श्रावस्ती (b) बलरामपुर (c) गोंडा (d) महाराजगंज
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद की साक्षरता दर सबसे कम मात्र 34.25 प्रतिशत है। इसके बाद न्यूनतम साक्षरता दर क्रमशः बलरामपुर (34.71) प्रतिशत, बहराइच (35.79) प्रतिशत तथा बदायूँ (38.83) प्रतिशत की है। सर्वाधिक साक्षरता दर कानपुर नगर की 77.63 प्रतिशत है।
नवीनतम जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता 67.7% जिसमें पुरुष साक्षरता 77.3% और स्त्री साक्षरता 57.2% है। देश में साक्षरता की दृष्टि से उत्तर प्रदेश 29वें स्थान पर है। दिए गए विकल्पों में न्यूनतम साक्षरता दर श्रावस्ती में 46.74% है उसके बाद क्रमशः बलरामपुर (49.51%), गोण्डा (58.71%) तथा महाराजगंज (62.76%) का स्थान है।

**98. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (जनपद) | सूची-II (मुख्यालय) |
|---|---|
| A. गौतम बुद्ध नगर | 1. अमरोहा |
| B. ज्योतिबाफूले नगर | 2. खलीलाबाद |
| C. संत कबीर नगर | 3.नवगढ़ |
| D. सिद्धार्थ नगर | 4. नोएडा |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 | (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–नवसृजित जिलों के मुख्यालयों का सही क्रम निम्नलिखित है–गौतमबुद्ध नगर का मुख्यालय नोएडा, ज्योतिबा फुले नगर का अमरोहा, संतकबीर नगर का खलीलाबाद तथा सिद्धार्थ नगर जिले का मुख्यालय नवगढ़ में है।

**99. संगीत शिक्षा हेतु उत्तर प्रदेश में जो पहला संगीत महाविद्यालय स्थापित हुआ था, वह था–**
(a) संगीत नाटक अकादमी
(b) ललित कला अकादमी
(c) भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय
(d) प्रयाग संगीत समिति
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में संगीत शिक्षा हेतु स्थापित हेतु स्थापित किया गया प्रथम संगीत महाविद्यालय भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय है। इसकी स्थापना 1926 ई. में लखनऊ में की गयी थी। ललित कला अकादमी की स्थापना 1962 ई. में तथा संगीत नाटक अकादमी की स्थापना सन् 1963 ई. में की गई थी।

**100. उत्तर प्रदेश में, जैन एवं बौद्ध दोनों का प्रसिद्ध तीर्थ है–**
(a) सारनाथ (b) कौशाम्बी (c) देवीपाटन (d) कुशीनगर
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–कौशाम्बी बौद्धों तथा जैनों का प्रसिद्ध तीर्थ है। यहाँ की खुदाई में बहुत प्राचीन मूर्तियाँ मिली है। देवीपाटन (जिला गोंडा) में पाटेश्वरी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है। यहाँ प्रतिवर्ष मेला लगता है। कुशीनगर पड़रौना से लगभग 19 किमी. दूर राजमार्ग 28 पर वर्तमान कसया नगर के पास स्थित है। भगवान बुद्ध ने यहीं निर्वाण प्राप्त किया था। यहाँ बुद्ध की लेटी हुयी विशाल प्रतिमा है इसे माथा कुंअर कहते हैं। यह मूर्ति गया के काले पत्थर से बनी है। कुशीनगर का पुराना नाम बसेया था। बुद्ध पूर्णिमा में यहाँ मेला लगता है। सारनाथ (वाराणसी) बौद्ध तीर्थों में बड़ा महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद मृगदाव (सारनाथ) में आकर पहला धर्मोपदेश किया था। यहाँ का पुरातत्व संग्रहालय भी दर्शनीय है।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश–सूचना प्रसारण मंत्रालय)**

**101. निम्नलिखित में से कौन एक वक्तव्य सही नहीं है–**
(a) यमुना नदी इटावा से होकर जाती है
(b) डॉ. अम्बेदकर विश्वविद्यालय लखनऊ में अवस्थित है
(c) श्री टी.वी. राजेश्वर, अगस्त 2004 में यू.पी. के राज्यपाल बने
(d) आई.आई.आई.टी. इलाहाबाद में होती है
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–टी.वी. राजेश्वर को विष्णुकान्त शास्त्री के स्थान पर जुलाई, 2004 में उत्तर प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया। श्री शास्त्री को कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई संप्रग सरकार ने बर्खास्त कर दिया था।

**102. ''उद्योग बन्धु'' एक–**
(a) श्रमिक आपूर्ति एजेन्सी
(b) रुग्ण उद्योग पुनर्वास एजेन्सी
(c) औद्योगिक विकास के लिए वित्त उपलब्ध कराने के लिए एजेन्सी
(d) औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में तथा सम्बन्धित समस्याओं में सहायता करने के लिए एजेन्सी
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या–उत्तर** प्रदेश सरकार ने औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में तथा उद्योगों से सम्बन्धित समस्याओं में सहायता करने के उद्देश्य से 'उद्योग बन्धु' नामक एजेंसी का गठन किया है। इसमें रिलायन्स समूह के अनिल अम्बानी, बिड़ला समूह के कुमारमंगलम बिड़ला तथा समाजवादी पार्टी के महासचिव अमर सिंह शामिल हैं।
**(स्रोत–उत्तर प्रदेश विशेषांक : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

## गणित

**103. एक कक्षा में 30 लड़के तथा 10 लड़कियाँ हैं। इन छात्रों में से 75% शहरी क्षेत्र में हैं तथा शेष ग्रामीण क्षेत्र से हैं। 80% लड़कियाँ शहरी क्षेत्र से हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र से लड़कों की संख्या है–**
(a) 10 (b) 9 (c) 7 (d) उपरोक्त में कोई नहीं
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–दिये गये प्रश्न में छात्रों की कुल संख्या
= 30 लड़के + 10 लड़कियाँ = 40
कुल शहरी छात्रों की संख्या = 40 का $\frac{75}{100}$ = 30 छात्र
अतः कुल ग्रामीण छात्रों की संख्या = 40 – 30 =10
कुल शहरी लड़कियों की संख्या = 10 का 80% = 8 लड़कियाँ
अतः कुल ग्रामीण लड़कियाँ = 10 – 8 = 2 लड़कियाँ
कुल ग्रामीण छात्रों की संख्या = 10 – 2 = 8 होंगी।
प्रश्न के उत्तर में किसी विकल्प में 8 नहीं है अतः उत्तर इनमें से कोई नहीं अर्थात् विकल्प (d) होगा।

**104. 391 रु. को तीन हिस्सों में 1/2, 2/3 तथा 3/4 के अनुपात में बाँटा जाना है, रकम क्रमशः होगी–**
(a) 100, 137, 154 (b) 102, 136, 153
(c) 101, 135, 155 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर**–(b)


**व्याख्या**–प्रश्नानुसार तीन हिस्सों का अनुपात है, क्रमशः $\frac{1}{2},\frac{2}{2},\frac{3}{4}$
तीनों अनुपातों को सम अंकों में बदलने पर = 6 : 8 : 9 होगा।
तीनों अनुपातों का योग =6 + 8 + 9 = 23
चूँकि जब तीनों अनुपातों का योग 23 है तो पहला हिस्सा 6 है।
इसलिए तीनों अनुपातों का योग 1 होने पर पहला हिस्सा $\frac{6}{23}$ होगा।
तीनों अनुपातों का योग 391 होने पर पहला हिस्सा $= \frac{391\times6}{23} = 102$ रु.
इसी प्रकार दूसरा हिस्सा $= \frac{391\times8}{23} = 136$ रु.
एवं तीसरा हिस्सा $= \frac{391\times9}{23} = 153$ रु. होगा।
इस प्रकार तीनों का हिस्सा क्रमशः 102 रु, 136 रु. तथा 153 रु. होगा।

**105. नीचे लिखे क्रम में–**
112, 142, 169, 193, X, 232 को 'X' की संख्या होगी–
(a) 208 (b) 212 (c) 214 (d) 218
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–क्रमागत संख्यायें क्रमशः 30, 27, 24, 21, 18 का पूर्ववर्ती संख्या में योग करने पर प्राप्त होती है, अतः X के स्थान पर 214 संख्या होगी।

**106. एक स्कूल में 30 लड़के क्रिकेट खेलते हैं, 30 लड़के फुटबाल खेलते हैं, 40 लड़के हॉकी खेलते हैं। 10 लड़के क्रिकेट तथा फुटबाल दोनों खेलते हैं, 15 लड़के फुटबाल और हॉकी दोनों खेलते हैं, 12 लड़के क्रिकेट तथा हॉकी दोनों खेलते हैं तथा 5 लड़के तीनों खेलते हैं, लड़कों की संख्या जो केवल क्रिकेट खेलते हैं होगी–**
(a) 10 (b) 3 (c) 8 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–स्कूल में क्रिकेट खेलने वाले लड़कों की संख्या= 30
क्रिकेट और फुटबाल दोनों खेलने वाले लड़कों की संख्या = 10
क्रिकेट और हॉकी दोनों खेलने वाले लड़कों की संख्या = 12
तीनों खेलने वाले लड़कों की संख्या = 5
केवल क्रिकेट खेलने वाले लड़कों की संख्या = 30 – (10 + 12 + 5)
= 30 – 27 = 3 लड़के




**107. एक बॉक्स में कुछ पेन है, उनमें से 15 लाल रंग के हैं, 10 नीले रंग के हैं, 20 हरे रंग के हैं, 15 में नीली स्याही भरी है, 20 में लाल स्यायी भरी है, 25 में हरी स्याही भरी है तथा 35 में कैप नहीं है। बक्से में पेन की कम से कम संख्या है–**
(a) 45 (b) 60 (c) 95 (d) 40
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–बक्से में रखे पेनों में से 15 पेनों में नीली स्याही, 20 में लाल स्याही, 25 में हरी स्याही भरी है तथा 35 पेनों में कैप नहीं हैं। प्रश्नानुसार गणना करने पर पेनों की कम से कम संख्या = 15 + 20 + 25 = 60 ज्ञात होती है।

**108.-5 से बड़ी तथा +5 से छोटी सभी प्राकृतिक संख्याओं का गुणनफल है–**
(a) (–) 14400 (b) 0 (c) 24 (d) 576
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–प्राकृतिक संख्यायें केवल धनपूर्णांक संख्यायें होती हैं। शून्य प्राकृतिक संख्या में शामिल नहीं होता। अतः –5 से +5 के आने वाली प्राकृतिक संख्यायें-1, 2, 3, 4 होंगी। इन संख्याओं का गुणनफल = 1 × 2 × 3 × 4 = 24 होगा।

**109. 15, 0, 21,1, 32, 2, 43, 3, 55,p**
`p' उपर्युक्त में होगा–
(a) 5 के लिये (b) 0 के लिये (c) 4 के लिए (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–दिये गये प्रश्न में अंकों की दो श्रृंखलायें हैं–प्रथम श्रृंखला-15, 21,32, 43, 55 है तथा दूसरी श्रृंखला -0, 1,2, 3 तथा p है अतः इस क्रम में P के स्थान पर 4 संख्या होनी चाहिए।

**110. यदि चाय के दाम में 20% की वृद्धि हो जाये तो एक गृहस्थ को अपने खर्च को स्थिर रखने के लिये चाय का उपयोग कम करना चाहिये।**
(a) 20% (b) 17% (c) 6 1/2% (d) $-16\frac{2}{3}\%$
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–चाय के दाम में 20 प्रतिशत की वृद्धि होने पर गृहस्थ को अपने खर्च को स्थिर रखने हेतु चाय का प्रतिशत उपयोग कम करना होगा–
$\frac{20}{120}\times 100=\frac{200}{12}=16\frac{2}{3}$ प्रतिशत

**111. यदि किसी आयात की लम्बाई 40% बढाई जाती है और आयात का क्षेत्रफल 75% बढ़ाये जाने के लिये चौड़ाई को बढ़ाना चाहिये–**
(a) 25% (b) 30% (c) 35% (d) 20%
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–माना चौड़ाई में $x$% की वृद्धि करनी होगी तो
प्रश्नानुसार,
$40+x+\frac{40\times x}{100}=75$
$40+x+\frac{2x}{5}=75$
पक्षांतर करने पर $x+\frac{2x}{5}=35$
$7x=175$
$x=25$

## समसामयिकी

**112. 2003-04 में भारत की जी.डी.पी. में वृद्धि दर हुई–**
(a) लगभग 4:2% (b) लगभग 8.2%
(c) लगभग 10.2% (d) लगभग 6.2%
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–आर्थिक समीक्षा 2003-04 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2003-04 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगभग 8.2 प्रतिशत रही। स्वतंत्रता के बाद जीडीपी में सर्वाधिक वृद्धि वित्तीय वर्ष 1988-89 में 10.5 प्रतिशत रही। जबकि 1967-68 में 8.1 प्रतिशत तथा 1975-76 में 9 प्रतिशत जीडीपी में वृद्धि दर्ज की गई।

**113. निम्न में से कौन भारत के वर्तमान सुरक्षा सलाहकार हैं–**
(a) ब्रजेश मिश्र (b) जे.एन. दीक्षित
(c) एन.एन. वोहरा (d) एस.के. सिंह
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत के सुरक्षा सलाहकार भूतपूर्व राजदूत तथा विदेश सचिव जे.एन. दीक्षित थे। श्री दीक्षित ने ब्रजेश मिश्र का स्थान लिया है जो पूर्ववर्ती राजग सरकार में सुरक्षा सलाहकार के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में भारत के सुरक्षा सलाहकार एम.के. नारायणन हैं।

**114. जानी-मानी लेखिका अरुंधति राय को 2004 में निम्न में से कौन सा एक पुरस्कार मिला–**
(a) बुकर पुरस्कार (b) पुलित्जर पुरस्कार
(c) सिडनी शांति पुरस्कार (d) लोटस साहित्यिक पुरस्कार
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–बुकर पुरस्कार से सम्मानित चर्चित लेखिका अरुंधति राय को 2004 में सिडनी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अरुंधति राय को 2003 में अमेरिका के लेनिन फाउण्डेशन का 'सांस्कृतिक स्वतंत्रता पुरस्कार' भी प्रदान किया गया था।

**115. नवीनतम (2003) एफ.ए.ओ. आंकलन के अनुसार समस्त विश्व की भूखी जनसंख्या में भारत का योगदान है–**
(a) 10% (b) 25% (c) 30% (d) 15%
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–खाद्य एवं कृषि संगठन (Food and Agriculture Organisation-F.A.O.) के नवीनतम (2003) आंकलन के अनुसार विश्व की भूखी जनसंख्या में भारत का योगदान 30 प्रतिशत है। एफ.ए.ओ. की स्थापना 16 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) के एक अंग के रूप में की गयी थी। उसका प्रधान कार्यालय रोम (इटली) में स्थित है।

**116. निम्नलिखित में से किसे 'इन्दिरा गाँधी प्राइज फॉर पीस, डेवलपमेन्ट एण्ड डिसआर्मामेन्ट' 2003 के लिए चुना गया है–**
(a) जी.डब्ल्यू बुश (b) कोफी अन्नान (c) टोनी ब्लेयर (d) अन्ना हजारे
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–2003 'इंदिरा गांधी प्राइज फॉर पीस, डेवलपमेंट एण्ड डिस आर्मामेन्ट' (इन्दिरा गांधी शान्ति और निरस्त्रीकरण पुरस्कार' 2003) के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव कोफी अन्नान को चुना गया। श्री अन्नान अफ्रीकी देश घाना के नागरिक हैं।

**117. अग्नि-1 प्रक्षेपास्त्र जिसका जुलाई, 2004 में परीक्षण किया गया, उसकी मारक क्षमता है–**
(a) 700 कि.मी. से अधिक परन्तु 2000 कि.मी. से कम
(b) 300 कि.मी.
(c) 400 कि.मी. (d) 2500 कि.मी.
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–4 जुलाई, 2004 को सतह से सतह पर लघु दूरी तक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्र अग्नि -I तीसरा सफल परीक्षण बंगाल की खाड़ी में स्थित ह्वीलर द्वीप के अंतरिम परीक्षण स्थल से किया गया। लघु दूरी के प्रक्षेपास्त्र अग्नि-1 की मारक क्षमता-700 किमी. से अधिक परन्तु 2000 किमी. से कम है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान (DRDO) द्वारा विकसित अग्नि-1 को सड़क तथा रेल प्रक्षेपण वाहन दोनों से दागा जा सकता है।

**118. पर्यावरण पुरस्कार 2003 प्रदान किया गया है–**
(a) एम.सी. मेहता को (b) बिन्देश्वरी प्रसाद को
(c) वन्दना शर्मा को (d) जी.सी. पाण्डेय को
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–पर्यावरण पुरस्कार -2003 भारत के पर्यावरणविद् बिन्देश्वरी प्रसाद को दिया गया। एम.सी. मेहता भारत के प्रसिद्ध पर्यावरणवादी वकील हैं। **(स्रोत–वार्षिक 2003 :यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**119. बिम्सटेक का प्रथम शिखर सम्मेलन जुलाई, 2004 में सम्पन्न हुआ–**
(a) बैंकाक में (b) क्वालालम्पुर में (c) जकार्ता में (d) सिंगापुर में
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–'बिम्सटेक' (BIMSTEC) सात एशियाई राष्ट्रों (बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैण्ड, नेपाल तथा भूटान) में व्यापार संवर्द्धन हेतु गठित एक संगठन है। 'बिम्सटेक' का प्रथम शिखर सम्मेलन 30 से 31 जुलाई, 2004 को थाईलैण्ड की राजधानी बैंकाक में सम्पन्न हुआ 'बिम्सटेक' संगठन का परिवर्तित नया नाम 'बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टीसेक्टर टेक्निकल एण्ड इकोनॉमिक कोऑपरेशन' है।

**120. जुलाई, 2004 में यू.एस.ए. ने ''एक्सरसाइज कोऑपरेटिव कोप थन्डर'' आयोजित किया–**
(a) नेवादा में (b) अलास्का (c) केलीफोर्निया में (d) टेक्सास में
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–अमेरिका के अलास्का में आईल्सन वायुसेना अड्डे पर 15-30 जुलाई, 2004 के बीच कई देशों की वायुसेनाओं का संयुक्त अभ्यास 'एक्सरसाइज को ऑपरेटिव कोप थण्डर 2004 का आयोजन किया गया। इस सैन्य अभ्यास में भारत ने भी 200 वायु सैनिकों का दल भेजा था। भारत के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर, जापान, मलेशिया, मंगोलिया और श्रीलंका की वायुसेनाएँ इस अभियान में हिस्सा लीं।

**121. ब्रिटिश क्राउन द्वारा ''आर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर'' से हाल ही (2004) में सम्मानित किया गया वालीवुड एक्टर है–**

(a) जैकी श्राफ (b) ओमपुरी
(c) देवानन्द (d) अनिल कपूर

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–ब्रिटिश क्राउन द्वारा हाल ही (2004) में भारतीय सिनेमा बालीवुड के प्रसिद्ध एक्टर ओमपुरी को 'आर्डर ऑफ दि ब्रिटिश एम्पायर' से सम्मानित किया गया है
**(स्रोत–वार्षिकी 2004 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**122. फेमिना मिस इण्डिया 2004 है–**

(a) तनुश्री दत्ता (b) लारा दत्ता
(c) प्रियंका चोपड़ा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(a)

**123. वित्तीय वर्ष 2002-03 में भारत के निर्यात में निम्न क्षेत्रों में से किसी एक का प्रतिशत हिस्सा सबसे अधिक था–**

(a) रत्न एवं आभूषण b) कृषि एवं समवर्गी उत्पाद
(c) गार्मेण्ट्स एवं फैब्रिक्स (d) इन्जीनियरिंग वस्तुएँ

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–वर्ष 2002-03 में भारत के निर्यात रत्न एवं आभूषण का प्रतिशत हिस्सा सर्वाधिक था।
**(स्रोत–वार्षिकी 2004 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**124. भारत द्वारा 2003-04 में इस्पात का सबसे अधिक निर्यात किया गया–**

(a) यू.एस.ए. को (b) जापान को
(c) चीन को (d) इराक को

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–वर्ष 2003-04 में इस्पात का सर्वाधिक निर्यात जापान को किया गया। जापान को इस्पात का निर्यात आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम् बंदरगाह से किया जाता है।
**(स्रोत–वार्षिक 2004 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**125. प्रसिद्ध गोल्फ खिलाड़ी विजय सिंह हैं–**

(a) फिजी से (b) भारत से
(c) मारीशस से (d) केन्या से

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारतीय मूल के फिजी के गोल्फ खिलाड़ी विजय सिंह ने अमेरिका के टाइगर वुड्स को हराकर विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी बने। विजय सिंह ने (2004) में 10 मिलियन डॉलर का इनाम अर्जित करने वाले प्रथम गोल्फ खिलाड़ी बनने का भी गौरव हासिल किया।
**(स्रोत–वार्षिकी 2004 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**126. एथेन्स ओलम्पिक-2004 में महिलाओं की 800 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है–**

(a) मरिया मुटोला ने (b) हसन बेनहासी ने
(c) जोलान्डा सेपलक ने (d) कैली होल्मस् ने

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–एथेंस ओलम्पिक-2004 में महिलाओं की 800 मीटर की दौड का स्वर्ण पदक कैली होम्स ने जीता। जबकि 100 मीटर तथा 200 मीटर दौड़ की महिला विजेता क्रमशः जूलिया नेस्तेरेको तथा बेरोनिका कैम्पबेल ने जीता।

**127. निम्नलिखित में किस एक पर रोक नहीं है जिसे एथलीटों द्वारा प्रदर्शन सुधारक पदार्थ के रूप में उपयोग में लाया जाये–**

(a) मानव वृद्धि हार्मोन (b) टेस्ट्रोस्टेरान
(c) एरिथ्रोपोईटिन (d) कोलोस्ट्रम

**उत्तर**–(a)

## विविधा

**128. निम्न को उनके कालक्रमानुसार क्रमबद्ध कीजिये–**

1. प्रथम पंचवर्षीय योजना संसद् को दी गयी।
2. राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन किया गया।
3. स्वतंत्र भारत में पहली बार भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन किया गया।
4. भारत अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का सदस्य बना।

**नीचे दिये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 2, 4,3, 1 (b) 4, 3, 1, 2
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 4, 3, 1

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–कालक्रम के अनुसार क्रमबद्ध वर्गीकरण निम्नलिखित है–
भारत अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का सदस्य बना (1945) में, स्वतंत्र भारत में पहली बार रुपये का अवमूल्यन 1949 में किया गया, राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन 1952 में तथा प्रथम पंचवर्षीय योजना को 1951 में संसद ने मंजूरी दी थी।
**(स्रोत–भारत की अर्थव्यवस्था-प्रो. एस.एन. लाल)**

**129. चिपको आन्दोलन का सम्बन्ध है–**

(a) वृक्षों की सुरक्षा से (b) मानव अधिकारों के पोषण से
(c) बाँधों के निर्माण से (d) जनसंख्या नियंत्रण से

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–चिपको आन्दोलन का प्रारम्भ 1973 ई. में उत्तरांचल के चमोली जनपद से हुआ। इस आन्दोलन का सम्बन्ध अवैध कटान से वृक्षों की सुरक्षा करने से है। इस आन्दोलन के प्रणेता टिहरी आन्दोलन के जनक सुन्दर लाल बहुगुणा तथा चण्डीप्रसाद भट्ट हैं।
**(स्रोत–उत्तरांचल : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**130. एथेन्स ओलम्पिक्स में भारतीय दल का ध्वजावाहन किया–**

(a) अंजलि भागवत ने (b) धनराज पिल्ले
(c) महेश भूपति (d) अंजू बी. जार्ज ने

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–सन् 2004 के एथेंस ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों के दल का ध्वजा वाहन प्रसिद्ध एथलीट अंजू बी. जॉर्ज ने किया। अंजू जॉर्ज ने इस ओलम्पिक की लम्बी कूद स्पर्धा में 6वाँ स्थान प्राप्त किया व पदक प्राप्त करने से वंचित रहीं अंजू जॉर्ज को भारत के सबसे बड़े खेल पुरस्कार राजीव गाँधी खेल रत्न (2003) से पुरस्कृत किया गया है।

**131. ``राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक'' की स्थापना की गयी थी वर्ष–**

(a) 1982 (b) 1984 (c) 1988 (d) 1992

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) की स्थापना 12 जुलाई 1982 को की गयी। यह देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु वित्त उपलब्ध कराने वाली शीर्ष संस्था है। 1 अप्रैल, 1995 से नाबार्ड के अंतर्गत एक नई 'ग्रामीण आधारिक संरचनात्मक विकास निधि' की स्थापना की गयी।

**132. सूची I और सूची II से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चयन कीजिए–**

| सूची-I (विशेषता) | सूची-II (तिथि) |
|---|---|
| A. टेक्नोलोजी दिवस | 1. 9 अगस्त |
| B. फोटोग्राफी दिवस | 2. 29 अगस्त |
| C. नेशनल स्पोर्ट्स दिवस | 3. 11 मई |
| D. नागासाकी दिवस | 4. 19 अगस्त |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–टेक्नोलॉजी दिवस 11 मई को, फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त को, नेशनल स्पोर्ट्स दिवस-हॉकी के जादूगर ध्यानचन्द्र के जन्म दिवस के अवसर पर 29 अगस्त, 1945 को तथा नागासाकी दिवस-अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 9 अगस्त, 1945 को जापान के नागासाकी नगर में परमाणु बम गिराने की तिथि की स्मृति में 9 अगस्त को मनाया जाता है।

**133. भारत में प्रथम महिला डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, बनने वाली है–**

(a) शांता सिन्हा (b) किरन बेदी
(c) कंचन चौधरी भट्टाचार्य (d) निक्की रंधावा

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–कंचन चौधरी भट्टाचार्य भारत में डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (D.G.P.) बनाने वाली प्रथम महिला हैं। श्रीमती कंचन को **उत्तर**ांचल सरकार ने इस पद पर नियुक्त किया है। किरन बेदी भारत की प्रथम महिला आई.पी.एस. हैं जो वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा नागरिक पुलिस सलाहकार के पद पर नियुक्त है। शान्ता सिन्हां को 2003 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
**(स्रोत–उत्तरांचल-यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**134. तीस्ता लो डैम प्रोजेक्ट-तृतीय, तीस्ता नदी पर प्रस्तावित है। इस प्रोजेक्ट का स्थान है–**

(a) आसाम में (b) पश्चिमी बंगाल में
(c) नागालैण्ड में (d) मेघालय में

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–तीस्ता लो डैम प्रोजेक्ट-तृतीय पश्चिमी बंगाल राज्य में तीस्ता नदी पर प्रस्तावित है। भारत की इस परियोजना का कार्य बांग्लादेश द्वारा आपत्ति किये जाने के कारण अवरुद्ध है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल-अलका गौतम)**

**135. जैसा अमरनाथ गुफाओं का सम्बन्ध जम्मू एवं कश्मीर से है, वैसा ही सम्बन्ध एलोरा की गुफाओं का है–**

(a) औरंगाबाद से (b) जबलपुर से
(c) मदुरई से (d) मैसूर से

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–जिस प्रकार अमरनाथ की गुफायें (शैव धर्म से सम्बन्धित) भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य में स्थित है। उसी प्रकार राष्ट्रकूट राजाओं द्वारा 7वीं से 9वीं शताब्दी के बीच निर्मित की गयी एलोरा की गुफायें महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं। एलोरा की गुफायें बौद्ध, हिन्दू तथा जैन तीनों धर्मों से सम्बन्धित है।

**136. सूची-I और सूची-II से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चयन कीजिए–**

| **सूची-I (अभयारण्य)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. गर्म पानी | 1. आन्ध्र प्रदेश |
| B. नाम दफा | 2. अरुणाचल प्रदेश |
| C. पाखल | 3. आसाम |
| D. सरिस्का | 4. राजस्थान |

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 4 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 | (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–गर्म पानी अभ्यारण्य असम में, नामदफा अभ्यारण्य अरुणाचल प्रदेश में, पाखल अभ्यारण्य आंध्र प्रदेश में तथा सरिस्का का अभ्यारण्य राजस्थान में स्थित है।

**137. भारत में ''रैली फॉर वैली'' प्रोग्राम का आयोजन निम्न में से किस एक समस्या को उजागर करने के लिए किया गया था–**

(a) पर्यावरण विकृति (b) जैव विविधता
(c) विस्थापितों के पुनर्वास की समस्या (d) कृषि भूमि की क्षति

**उत्तर**–(c)

**138. मुख्य मच्छर विकर्षण प्राप्त होता है–**

(a) तुलसी से (b) नीबू से
(c) नीम के पेड़ से (d) हल्दी से

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–मच्छरों को भगाने में प्रयुक्त होने वाला प्रमुख मच्छर विकर्षक पदार्थ नीम के पेड़ से प्राप्त किया जाता है।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**139. डी.डी.एस.ए.टी. के निर्णयों को चुनौती दी जा सकती है–**

(a) ट्राई, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में
(b) ट्राई तथा सुप्रीम कोर्ट में
(c) हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट में
(d) केवल सुप्रीम कोर्ट में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–डी.डी.एस.ए.टी. के निर्णयों को हाईकोर्ट अथवा सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी जा सकती है।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**140. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2005 को घोषित किया है–**

(a) जीव-प्रौद्योगिकी वर्ष (b) भाईचारा वर्ष
(c) भौतिकी वर्ष (d) वैज्ञानिक सहकारिता वर्ष

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–संपूर्ण विश्व को युद्ध की विभीषिका से बचाने, अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा कायम रखने एवं विभिन्न राष्ट्रों के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना की गयी। प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाता है। 10 फरवरी, 1946 को लंदन के वेस्ट मिनिस्टर हॉल में संयुक्त राष्ट्र संघ की आमसभा की प्रथम बैठक हुयी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2005 को भौतिकी वर्ष घोषित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2001-10 को उपनिवेशवाद के उन्मूलन के लिए द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय दशक घोषित किया है।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50, 000: यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**141. ''चोखेर बाली' फिल्म में 'ऐश्वर्या' राय' ने एक विधवा की भूमिका अदा की। उस विधवा का नाम है–**

(a) रागिनी (b) मिताली
(c) मालती (d) विनोदिनी

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–बंगला फिल्म 'चोखेर बाली' में बालीवुड की चर्चित सिने तारिका ऐश्वर्या राय ने विनोदिनी नामक विधवा का अभिनय किया था
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**142. संसार में दुग्ध का अग्रणी उत्पादक है–**

(a) चीन (b) आस्ट्रेलिया
(c) भारत (d) यू.एस.ए.

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–वर्तमान में भारत संसार का अग्रणी दुग्ध उत्पादक देश है। भारत ने 84.5 मिलियन टन दूध उत्पादन करके अमेरिका को इस क्षेत्र में पीछे कर दिया है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु 1970 में भारत में 'ऑपरेशन फ्लड' (श्वेत क्रांति) योजना संचालित की गयी तथा 'राष्ट्रीय डेयरी विकास निगम' की स्थापना की गई।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**143. नासिक में कुम्भ मेला निम्न से किस एक नदी के तट पर लगता है?**

(a) ताप्ती नदी (b) नर्मदा नदी
(c) कोयना नदी (d) गोदावरी नदी

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–भारत में कुम्भ मेला देश के चार धार्मिक स्थलों नासिक (महाराष्ट्र) में गोदावरी नदी के किनारे, उज्जैन (मध्य प्रदेश) में क्षिप्रा नदी के किनारे, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) में गंगा नदी के किनारे तथा प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में गंगा-यमुना तथा सरस्वती के संगम पर प्रत्येक 12 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होता है।
**(स्रोत–ल्यूसेन्ट सामान्य ज्ञान)**

**144. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक) |
|---|---|
| A. अमृतलाल नागर | 1. देवदास |
| B. सुमित्रानन्दन पंत | 2. गीत गोविन्द |
| C. शरतचन्द्र चटर्जी | 3. अमृत और विष |
| D. जयदेव | 4. चिदम्बरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 | (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–दिये गये लेखकों के द्वारा लिखित पुस्तकों का सही सुमेलित क्रम निम्नलिखित है–अमृत लाल नागर की पुस्तक 'अमृत और विष' सुमित्रानन्दन पंत की पुस्तक 'चिदम्बरा', शरतचंद्र चटर्जी की पुस्तक (उपन्यास) `देवदास' तथा जयदेव की पुस्तक 'गीत गोविन्द' है।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 :यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**145. सूची-I को सूची-II सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (लेखक) | सूची-II ( पुस्तक) |
|---|---|
| A. राजेन्द्र प्रसाद | 1. नेशन इन मेकिंग |
| B. दिलीप मुखर्जी | 2. इण्डिया डिवाइडेड |
| C. एस.एन. बनर्जी | 3. माई एक्सपेरिमेन्ट विद टुथ |
| D. महात्मा गाँधी | 4. टैररिस्ट |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 | (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–राजेंद्र प्रसाद (भारत के प्रथम राष्ट्रपति) ने 'इण्डिया डिवाइडेड', दिलीप मुखर्जी ने 'टैररिस्ट', एस.एन. बनर्जी ने 'नेशन इन मेकिंग' तथा महात्मा गाँधी ने 'माई एक्सपेरीमेन्ट्स विद् टुथ' नामक पुस्तक लिखी।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**146. `संघर्ष की ओर' पुस्तक के लेखक थे–**

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) राम मनोहर लोहिया
(c) जय प्रकाश नारायण (d) जे.बी. कृपलानी

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–`संघर्ष की ओर' पुस्तक के लेखक लोकनायक जयप्रकाश नारायण थे। 1977 के आपातकाल में जेल में बंद रहते हुए जयप्रकाश नारायण ने 'प्रिजन डायरी' नामक पुस्तक भी लिखी थी। जयप्रकाश नारायण 1942 में भूमिगत आन्दोलन के प्रमुख नेता थे उन्होंने 1977 में 'सम्पूर्ण क्रान्ति' का नारा दिया था।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**147. निम्न राज्यों में से किस एक ने मुसलमानो के लिये नौकरी तथा शिक्षा में प्रवेश हेतु आरक्षण प्रस्तावित किया है–**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) बिहार (d) कर्नाटक

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–आंध्र प्रदेश की वाई.वी. राजशेखर रेड्डी की सरकार ने मुसलमानों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षा के प्रवेश हेतु आरक्षण का प्रस्ताव पारित किया है। राज्यपाल ने इस प्रस्ताव को राष्ट्र-पति के विचारार्थ रिजर्व कर लिया है।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**148. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. स्टील ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया लि. | 1. कोटा |
| B. हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड | 2. उदयपुर |
| C. हैवी इन्जीनियरिंग कॉपोरेशन लि. | 3. राँची |
| D. इन्स्ट्रूमेण्टेशन लिमिटेड | 4. दिल्ली |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 | (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लि. (SAIL) दिल्ली में, हिन्दुस्तान जिंक लि. (HZL) उदयपुर (राजस्थान) में, हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लि. राँची (झारखण्ड) में तथा इंस्ट्रूमेन्टेशन लि. कोटा (राजस्थान) में स्थित है।
**(स्रोत–भारत का भूगोल : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**149. स्कूल के बच्चों के लिये मध्याह्न भोजन प्रारम्भ की गई, वर्ष–**

(a) 1995 में (b) 1996 में
(c) 2000 में (d) 2002 में

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–स्कूल के बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन योजना सन् 1995 में पहली बार प्रारम्भ की गयी थी। बाद में इस योजना को बन्द कर दिया गया। वर्तमान में अक्टूबर, 2004 से पुनः इस योजना को लागू किया गया है।
**(स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000 : यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स)**

**150. सूची-I सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये–**

| सूची-I (राज्य) | सूची-II (नृत्य) |
|---|---|
| A. आसाम | 1. जाटा-जाटिन |
| B. हिमाचल प्रदेश | 2. जात्रा |
| C. पश्चिम बंगाल | 3. ओजापली |
| D. बिहार | 4. लुड्डी |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**– सूची-I के राज्यों का सूची-II के लोकनृत्यों का सुमेलित क्रम निम्नलिखित है-असम, लुड्डी, हिमाचल प्रदेश-ओजापली, पश्चिमी बंगाल-जात्रा तथा बिहार-जाटा जाटा-जाटिन।
**( स्रोत–सामान्य अध्ययन, 50,000ः यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स )**

# उत्तर प्रदेश पी. सी. एस. (मुख्य) परीक्षा, 2004
# सामान्य अध्ययन
## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल

**समय-2 घण्टे]** **(अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)** **[पूर्णांक-200**

## प्राचीन इतिहास

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल एवं संगम काल

**1. रामायण के किस कांड में राम और हनुमान की पहली भेंट का वर्णन है?**

(a) किष्किन्धा कांड (b) सुंदर कांड
(c) बाल कांड (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–आदिकवि महर्षि बाल्मीकि द्वारा विरचित 'रामायण' महाकाव्य में कुल सात काण्ड हैं, जिसमें सबसे बड़ा बालकाण्ड है। (1) बालकाण्ड, (2) अयोध्या काण्ड, (3) अरण्य काण्ड, (4) किष्किन्धा काण्ड, (5) सुन्दर काण्ड, (6) युद्धकाण्ड, (7) उत्तर काण्ड। रामायण को चर्तुविंशति साहस्त्री संहिता भी कहते हैं, क्योंकि इसमें 24 हजार श्लोक हैं। रामायण के **'किष्किन्धा काण्ड'** में भगवान राम तथा भक्त हनुमान की पहली भेंट होती है।
**(स्रोत-महर्षि बाल्मीकि द्वारा विरचित 'रामायण' महाकाव्य से)**

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**2. गौतम बुद्ध ने किस स्थान पर अपना प्रथम धर्मोपदेश दिया?**

(a) वैशाली (b) बोधगया
(c) राजगृह (d) सारनाथ

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–6 वर्षों की साधना के बाद बोधगया में 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा की रात को एक पीपल के वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और इसी समय से वे बुद्ध कहलाने लगे। बुद्ध होने के बाद बोधगया (उरूवेला) से सर्वप्रथम वे सारनाथ आये और यहीं पर उन्होंने 5 ब्राह्मण संन्यासियों को अपना पहला उपदेश दिया। इस प्रथम उपदेश को 'धर्मचक्र प्रवर्तन' की संज्ञा दी गई। राजगृह मगध साम्राज्य की प्रारम्भिक राजधानी थी जहाँ 483 ई.पू. अजातशत्रु के समय महाकस्सप की अध्यक्षता में प्रथम बौद्ध संगीत का आयोजन किया गया। वैशाली बुद्धकालीन लिच्छवि गणराज्य की राजधानी थी।
**(स्रोत- प्राचीन भारत का इतिहास - के.सी. श्रीवास्तव)**

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**3. प्राचीन काल के महान विधि निर्माता थे-**

(a) अशोक (b) आर्य भट्ट
(c) मनु (d) वात्स्यायन

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–महाराज मनु प्राचीन काल के महान विधि निर्माता तथा सामाजिक व्यवस्थाकार थे। मनु का सामाजिक चिन्तन उनके द्वारा रचित 'मनुस्मृति' नामक धर्मग्रंथ में संकलित है। मेघातिथि, भारुचि, कुल्लूक भट्ट, गोविन्दराय आदि परवर्ती टीकाकारों ने 'मनुस्मृति' पर भाष्य लिखे हैं। अशोक मौर्य वंश का महान शासक था। आर्यभट्ट गुप्तकालीन प्राचीन भारत के महान खगोलज्ञ एवं गणितज्ञ थे तथा वात्स्यायन 'कामसूत्र' नामक प्रसिद्ध ग्रंथ के रचनाकार हैं।
**(स्रोत- प्राचीन भारत का इतिहास-के.सी. श्रीवास्तव)**

## मध्यकालीन इतिहास

### दिल्ली सल्तनत

**4. निम्नलिखित में से मध्य एशिया के किस शासक ने 1192 में उत्तर भारत को जीता?**

(a) जलालउद्दीन मंकबरनी (b) गजनी का महमूद
(c) शिहाबुद्दीन मुहम्मद गौरी (d) चंगेज खां

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–शंसवानी वंश के शासक शिहाबुद्दीन मुहम्मद गोरी ने भारत पर अपना पहला आक्रमण 1175 ई. में गजनी से चलकर गोमल दर्रे से होते हुये मुल्तान पर किया। 1178 ई. में गुजरात आक्रमण में गोरी को चालुक्य (सोलंकी) वंश के शासक भीम द्वितीय (मूलराज द्वितीय) ने पराजित किया। इसके पश्चात् 1191 ई. में मुहम्मद गोरी को पृथ्वीराज चौहान ने तराइन के प्रथम युद्ध में पराजित किया। परन्तु 1192 ई. के तराइन के द्वितीय युद्ध में गोरी पृथ्वीराज चौहान को परास्त कर उत्तर-भारत को जीत लिया। मुहम्मद गोरी ने भारत में विजित अपने प्रदेशों की जिम्मेदारी कुतुबुद्दीन ऐबक को सोंप कर वापस चला गया।
**(स्रोत- प्राचीन भारत का इतिहास-के.सी. श्रीवास्तव)**

**5. निम्नलिखित में से कौन मध्यकालीन भारत की प्रथम महिला शासिका थी?**

(a) रजिया सुल्तान (b) चाँदबीबी
(c) दुर्गावती (d) नूरजहाँ

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–इल्तुतमिश की पुत्री रजिया सुल्तान मध्यकालीन भारत की प्रथम महिला शासिका थी। रजिया 1236 ई. से 1240 ई. तक दिल्ली सल्तनत की शासिका रही। गुलाम तुर्क सरदारों की महत्वाकांक्षा के कारण रजिया अधिक समय तक सल्तनत के सिंहासन पर कायम नहीं रह सकी तथा 1204 में बहराम शाह ने कैथल के समीप हिन्दू डाकुओं द्वारा उसकी हत्या करवा दी।
**(स्रोत- मध्यकालीन भारत - एल.पी. शर्मा)**

### मुगल साम्राज्य

**6. निम्नलिखित में से किसने अपने बादशाह पति के लिए मकबरे का निर्माण करवाया था?**

(a) शाह बेगम ने (b) हाजी बेगम ने
(c) मुमताज महल बेगम ने (d) नूरुन्निसा बेगम ने

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–दिल्ली में हुमायूँ के मकबरे का निर्माण हुमायूँ की बेगम (पत्नी) तथा अकबर की सौतेली माँ **हाजी बेगम** ने 1564 ई. में करवाया। इस मकबरे का नक्शा ईरानी वास्तुकार **मीरक मिर्जा गियास** ने बनाया। सफेद संगमरमर से निर्मित गुम्बद वाला यह भारत का प्रथम मकबरा है। स्वयं हुमायूँ ने 1533 में दिल्ली में 'दीन पनाह' नामक नगर की नींव रखी थी।
**(स्रोत- मध्यकालीन भारत का इतिहास- एल.पी. शर्मा)**

**7. किसके शासन में हिंजड़ों तथा महिलाओं के एक वर्ग का प्रभुत्व था?**

(a) मुहम्मद शाह (1719-48)
(b) अहमद शाह (1748-54)

(c) आलमगीर (1754-59)
(d) शाह आलम द्वितीय (1759-1806)
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या–**उत्तरकालीन मुगल शासक अहमदशाह (1748 से 1754) के शासनकाल में हिंज़ड़ों तथा महिलाओं का शासन कार्य में वर्चस्व स्थापित हो गया। इस समय राजमाता ऊधमबाई, जावेद खाँ तथा अन्य हिजड़ों के समूह का प्रभुत्व था। अहमदशाह ने हिजड़ों के सरदार 'जावेद खाँ' को 'नवाब बहादुर' की उपाधि प्रदान की थी। मुहम्मद शाह (1719-48) को सुरा-सुन्दरी के प्रति उसके अधिक प्रेम के कारण '**रंगीला**' नाम से जाना जाता है। आलमगीर (1754-59) के समय अहमदशाह अब्दाली ने उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों में आक्रमण किए। शाह आलम द्वितीय 'अलीगौहर' (1759-1806) ने 1764 ई. में बंगाल के नवाब मीर कासिम एवं अवध के नवाब शुजाउद्दौला के साथ मिलकर अंग्रेजों के विरुद्ध 'बक्सर के युद्ध' में भाग लिया था। इस युद्ध में पराजित होने के बाद शाह आलम द्वितीय को कम्पनी ने पेंशन देकर इलाहाबाद भेज दिया था।
**( स्रोत- मध्यकालीन भारत का इतिहास - लईक अहमद )**

**8. मेवाड़ के जिस राजा को 1527 में खानवा के युद्ध में बाबर ने हराया था, वह था-**
(a) राणा प्रताप (b) मानसिंह
(c) सवाई उदय सिंह (d) राणा सांगा
**उत्तर–**(d)

**व्याख्या–**17 मार्च, 1527 ई में मेवाड़ के शासक राणा सांगा को खानवां के युद्ध में पराजित किया था। खानवां के युद्ध के दौरान बाबर ने शराब के सभी पात्रों को तुड़वाकर शराब न पीने की कसम खाई तथा युद्ध में राणा सांगा के विरुद्ध 'जिहाद' का नारा दिया। खानवाँ युद्ध जीतने के बाद बाबर ने 'गाजी' की उपाधि धारण की। राणा प्रताप मेवाड़ का अन्य शासक तथा मानसिंह अकबर का सेनापति था। सवाई उदयसिंह राजस्थान का राजपूत शासक था।
**( स्रोत- मध्यकालीन भारत का इतिहास - एल.पी. शर्मा )**

# आधुनिक इतिहास

## 1857 का विद्रोह एवं 19वीं शताब्दी का जनान्दोलन

**9. 'इंडियन वार ऑफ इंडिपेन्डेन्स 1857' के लेखक हैं-**
(a) एल.एन. सेन (b) आर.सी. मजुमदार
(c) वी.डी. सावरकर (d) एल.बी. चौधरी
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या–**राष्ट्रवादी क्रांतिकारी वी.डी. सावरकर ने 'इंडियन वार ऑफ इंडिपेन्डेन्स-1857' नामक पुस्तक में 1857 की क्रांति को 'भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' कहा है। सावरकर ने बंगाल में 'मित्रमेला' तथा 'अभिनव भारत' नामक क्रांतिकारी संगठनों की स्थापना की। आर.सी. मजूमदार 1857 के विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम नहीं मानते।
**( स्रोत- आधुनिक भारत - विपिन चन्द्र )**

## सामाजिक-सांस्कृतिक जागृति, निम्न जाति, मजदूर संघ एवं किसान आन्दोलन

**10. रामकृष्ण मिशन के संस्थापक कौन थे?**
(a) स्वामी विवेकानन्द (b) राजा राममोहन राय
(c) स्वामी दयानंद सरस्वती (d) रामकृष्ण परमहंस
**उत्तर–**(a)

**व्याख्या–**रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने 1895-97 ई. में बेलूर (कलकत्ता, प. बंगाल) में की थी। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म तथा दर्शन की व्याख्या करके पाश्चात्य जगत को अभिभूत कर दिया था। राजाराम मोहनराय ने 1928 में ब्रह्म समाज की तथा स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1875 ई. में बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की थी।
**( स्रोत- प्राचीन भारत का इतिहास - विमल चन्द्र पाण्डेय )**

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**11. निम्नलिखित में से किसे 'भारतीय अशान्ति का जनक' कहा गया है?**
(a) बी.जी. तिलक को (b) जी.के. गोखले को
(c) सुभाष चन्द्र बोस को (d) महात्मा गाँधी को
**उत्तर–**(a)

**व्याख्या–**भारत के बेताज बादशाह, उग्रपंथी आन्दोलन के अग्रणी नेता तथा 'मराठा' एवं 'केसरी' जैसे राष्ट्रवादी समाचार पत्रों के सम्पादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक को सर वैलेटाइन शिरोल ने 'भारतीय अशान्ति' का जनक कहा है। 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक तिलक को 'अभागा राजनीतिज्ञ' भी कहा जाता है। 1905 के स्वदेशी आन्दोलन के प्रमुख नेता तिलक ने मार्च, 1916 में होमरूल लीग की स्थापना की तथा 1916 में लीग व कांग्रेस में लखनऊ समझौता कराया। 1916 में ही तिलक ने घोषणा की थी-'स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा'। 1 अगस्त, 1920 को असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ होने के ही दिन तिलक की मृत्यु हो गयी। उदारवादी नेता गोखले की अध्यक्षता में 1905 में सम्पन्न बनारस कांग्रेस अधिवेशन में स्वदेशी आंदोलन का प्रस्ताव पारित हुआ था। आजाद हिन्द फौज के सेनापति सुभाष चन्द्र बोस 1938 एवं 1939 में कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए।
**( स्रोत- आधुनिक भारत का इतिहास - बी.एल. ग्रोवर )**

**12. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?**
(a) 1940 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन
(b) 1931 - राजगुरु को फांसी
(c) 1921 - असहयोग आंदोलन का प्रारंभ
(d) 1920 - रौलेट सत्याग्रह
**उत्तर–**(b)

**व्याख्या–**5 मार्च, 1931 को सम्पन्न 'गाँधी-इरविन समझौते' के फलस्वरूप गाँधी जी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन वापस लेकर लन्दन में आयोजित द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस की भागीदारी को स्वीकृति प्रदान की थी। परन्तु युवा कांग्रेसी इस समझौते से इसलिए नाराज थे क्योंकि गाँधी जी तीन क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव की फांसी की सजा को माफ नहीं करा सके थे। 23 मार्च, 1931 को भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव तीनों को फांसी पर लटका दिया गया। 1940 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 'रामगढ़' में मौलाना अबुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में, असहयोग आन्दोलन का प्रारम्भ 1 अगस्त, 1920 को तथा रौलट सत्याग्रह 1919 में हुआ था।
**( स्रोत- आधुनिक भारत का इतिहास - राम लखन शुक्ला )**

**13. प्रसिद्ध गीत 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' की रचना किसने की?**
(a) साहिर लुधियानवी (b) सर सैय्यद अहमद खाँ
(c) सर मुहम्मद इकबाल (d) बहादुर शाह जफर
**उत्तर–**(c)

**व्याख्या**–राष्ट्रवादी कवि तथा नेता मुहम्मद इकबाल ने प्रसिद्ध गीत- 'सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा' नामक राष्ट्रगीत की रचना की। उर्दू तथा फारसी के विद्वान मुहम्मद इकबाल **'बंग-ए-दर्रा'** तथा **'बाल-ए-जाब्रिल'** नामक पुस्तकों के लेखक है। साहिर लुधियानवी प्रसिद्ध फिल्म गीतकार, सर सैय्यद अहमद खाँ 'अलीगढ़ आंदोलन' के प्रणेता तथा बहादुर शाह जफर अंतिम मुगल शासक थे जिन्हें 1857 में बादशाह-ए-हिन्द घोषित किया गया था, बाद में अंग्रेजों ने जफर को रंगून निर्वासित कर दिया था, जहाँ उसकी मृत्यु हो गयी। **(स्रोत- आधुनिक भारत का इतिहास - राम लखन शुक्ला)**

**14. ऐतिहासिक 'डांडी मार्च' का संबंध है-**

(a) निर्वाचन के बहिष्कार से (b) नमक कानून को तोड़ने से
(c) हिन्दू-मुस्लिम एकता से (d) छुआछूत को दूर करने से

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–12 मार्च, 1930 को गाँधी जी अपने 78 समर्थकों के साथ अहमदाबाद (गुजरात) स्थित साबरमती आश्रम से 385 किमी. दूर समुद्र तट पर स्थित डांडी नामक स्थान के लिए प्रस्थान किया। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य अंग्रेजों के नमक कर कानून को तोड़ना था। नमक कानून भंग करने के साथ ही गाँधी जी के सविनय अवज्ञा आन्दोलन का प्रारम्भ हुआ। गाँधी जी के डांडी मार्च के बारे में सुभाष चन्द्र बोस ने लिखा कि-'महात्मा गांधी जी के डांडी मार्च की तुलना 'इल्बा' से लौटने पर नैपोलियन के पेरिस मार्च और राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए मुसोलिनी के रोम मार्च से की जा सकती है।' **(स्रोत- आधुनिक भारत - N.C.E.R.T.)**

**15. निम्नलिखित में से किसने मोहम्मद अली जिन्ना को 'हिन्दू-मुस्लिम एकता का राजदूत' कहा था?**

(a) एनी बेसेन्ट (b) सरोजिनी नायडू
(c) बालगंगाधर तिलक (d) उपरोक्त में से किसी ने नहीं

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना को सरोजिनी नायडू ने 'हिन्दू-मुस्लिम एकता का राजदूत' कहा था। जिन्ना को 'कायदे-आजम' की भी उपाधि दी गई थी। अपने राजनीतिक जीवन के प्रारम्भ में जिन्ना राष्ट्रवादी कांग्रेसी थे परन्तु बाद में मुस्लिम लीग के सक्रिय सदस्य बने। भारत विभाजन के लिए जिन्ना ही सर्वाधिक जिम्मेदार व्यक्ति थे। श्रीमती सरोजिनी नायडू 1925 के कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाली प्रथम भारतीय महिला थी। स्वतंत्रता के बाद सरोजिनी नायडू उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल बनी। होमरुल आंदोलन (1916) की सूत्रधार एनीबेसेन्ट को 1917 में कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष चुना गया। **(स्रोत-बृहद भारत का इतिहास III-दत्त, मजूमदार, राय चौधरी)**

**16. किसने कहा था, ''आजादी लगभग हमारी पहुँच में है, हमें इसे कसकर पकड़ लेना है''?**

(a) महात्मा गाँधी (b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) जवाहर लाल नेहरू (d) शौकत अली

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1942 के भारत छोड़ों आन्दोलन के समय कहा था कि-''आजादी लगभग हमारी पहुँच में है और हमें इसे कसकर पकड़ लेना चाहिए। इसी समय गाँधी जी ने करो या मरो (Do or Die) का नारा दिया था। पं. नेहरू जी ने ''आराम हराम है'' का नारा दिया था। गांधी जी ने 1947 में भारत विभाजन का विरोध करते हुए कहा था कि ''विभाजन मेरी लाश पर होगा''। शौकत अली तथा मुहम्मद अली 1919 के खिलाफत आन्दोलन के नेता थे। सुभाषचन्द्र बोस ने फारवर्ड ब्लाक (1939) तथा आजाद हिन्द फौज (1942) का नेतृत्व किया था। **(स्रोत- आधुनिक भारत - N.C.E.R.T.)**

**17. 1885 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे-**

(a) जॉर्ज यूले (b) दादा भाई नौरोजी
(c) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (d) डब्ल्यू. वेडर बर्न

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर, 1885 को हुई थी। बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष व्योमेशचन्द्र बनर्जी थे। इस अधिवेशन में कुल 72 सदस्यों ने भाग लिया। कांग्रेस के संस्थापक स्काटलैण्ड निवासी अवकाश प्राप्त अंग्रेज अधिकारी ए. ओ. ह्यूम थे। ह्यूम को 1885 में कांग्रेस के महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया था। दादाभाई नौरोजी 1886 (कलकत्ता), 1893 (लाहौर) तथा 1906 (कलकत्ता) के कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष थे। जार्ज यूले ने 1988 के इलाहाबाद अधिवेशन में कांग्रेस की अध्यक्षता की थी, वे कांग्रेस के प्रथम ईसाई अध्यक्ष थे। विलियम वेडरबर्न ने 1899 के कांग्रेस के बम्बई अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। **(स्रोत- आधुनिक भारत का इतिहास-दत्त, मजूमदार, चौधरी)**

**18. श्याम जी कृष्ण वर्मा ने इंडियन होम रूल सोसायटी की स्थापना की-**

(a) लंदन में (b) पेरिस में
(c) बर्लिन में (d) सैन फ्रान्सिस्को में

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–सन् 1905 में भारत से बाहर लन्दन में श्याम जी कृष्ण वर्मा द्वारा ''इण्डियन होमरूल सोसाइटी'' की स्थापना की गई। इस संस्था के अन्य सदस्य थे- लाला हरदयाल, मदनलाल धींगरा, वी.डी. सावरकर आदि। इसी संस्था के मदनलाल धींगरा ने 8 जुलाई, 1909 को 'इण्डिया हाउस' के राजनीतिक सहायक विलियम कर्जन वाइली को गोली मार कर हत्या कर दी थी। बाद में धींगरा को फाँसी दे दी गई। इस संस्था ने ''इण्डियन सोसियोलाजिस्ट'' नामक पत्रिका का सम्पादन किया। सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में 1913 में लाला हरदयाल ने 'गदरपार्टी' की स्थापना की। **(स्रोत- आधुनिक भारत का इतिहास - बी.एल. ग्रोवर)**

**19. निम्नलिखित में से किसने कहा था ''महात्मा गांधी क्षणिक भूत की भांति धूल उठाते हैं लेकिन स्तर नहीं''-**

(a) डा. बी.आर. अम्बेडकर (b) एम.ए. जिन्नाह
(c) वी.डी. सावरकर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारत के संविधान निर्माता तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम कानूनमंत्री डा. बी.आर. अम्बेडकर ने कहा था कि- ''महात्मा गांधी क्षणिक भूत की भांति धूल उठाते हैं लेकिन स्तर नहीं।'' ज्ञातव्य है कि ''दलित स्थिति'' के बारे में गाँधी जी तथा अम्बेडकर के बीच मतभेद थे। 1932 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनाल्ड द्वारा घोषित साम्प्रदायिक पंचाट (कम्यूनल एवार्ड) में दलितों को पृथक् प्रतिनिधित्व दिए जाने के विरोध में गाँधी जी ने 20 सितम्बर, 1932 को जेल में आमरण अनशन प्रारम्भ किया था। काफी प्रयास के बाद 26 सितम्बर, 1932 को गाँधी जी तथा अम्बेडकर के बीच हुए 'पूना समझौते' द्वारा पृथक् निर्वाचन की व्यवस्था को समाप्त कर दलितों के लिए केन्द्रीय तथा प्रांतीय विधान मण्डलों में आरक्षित सीटों की संख्या में वृद्धि की गई। **(स्रोत- आधुनिक भारत - विपिन चन्द्र)**

**20. वह कौन सा प्रान्त था जहाँ 1937 के आम निर्वाचन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त हुआ था?**

(a) बम्बई (b) असम
(c) उड़ीसा (d) बिहार

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–1935 ई. के भारत सरकार अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत 1937 में कुल 11 प्रांतीय विधान सभाओं में चुनाव सम्पन्न हुए। इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी को कुल छः प्रांतों-मद्रास, म.प्र., बरार, उड़ीसा, बिहार तथा संयुक्त प्रांत में पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत तथा असम में स्पष्ट बहुमत न मिलने से कांग्रेस ने दूसरी पार्टियों के साथ मिलीजुली सरकार बनाई थी। जबकि पंजाब प्रांत में यूनियनिस्ट पार्टी तथा सिन्ध में मुस्लिम लीग के नेतृत्व में मंत्रिमण्डलों का गठन हुआ।
**(स्रोत- भा. सं. का विकास तथा रा. आ.-आर.सी. अग्रवाल)**

**21. नीचे उन व्यक्तियों की सूची दी गयी है जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष हुए। उन्हें तिथि के अनुसार क्रमबद्ध कीजिए।**

**अपना उत्तर नीचे दिए गये कूट का उपयोग कर दीजिये-**

(1) महात्मा गांधी (2) जवाहर लाल नेहरू
(3) बल्लभ भाई पटेल (4) श्रीमती सरोजिनी नायडू

**कूटः**
(a) 1, 2, 3 तथा 4 (b) 1, 3, 4 तथा 2
(c) 1, 4, 2 तथा 3 (d) 4, 3, 1 तथा 2

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–दिए गए कांग्रेस अध्यक्षों का कालक्रमबद्ध क्रम इस प्रकार है-महात्मा गाँधी 1924 ई. के बेलगांव अधिवेशन के अध्यक्ष थे, श्रीमती सरोजिनी नायडू ने 1925 ई. के कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्षता की थी, वे कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्षा थीं जबकि कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्षा आयरिश महिला एनी बेसेन्ट (1917) थी। पं. जवाहर लाल नेहरू ने 1929 के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता की जिसमें 'पूर्ण स्वराज्य' की घोषणा की गई थी। सरदार बल्लभभाई पटेल ने 1931 के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। इसी अधिवेशन में मूल अधिकारों से सम्बन्धित प्रस्ताव पारित किया गया था। **(स्रोत- N.C.E.R.T.)**

**22. कांग्रेस (आई) द्वारा समर्थन वापस लिये जाने के कारण ही पदत्याग करना पड़ा-**
(a) चरण सिंह को (b) चन्द्रशेखर को
(c) एच.डी. देवगौड़ा को (d) उपरोक्त सभी को

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–फरवरी, 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस विरोधी लहर के कारण जनता पार्टी के नेतृत्व वाले मोर्चे को 542 में 330 सीटों पर विजय प्राप्त हुई तथा 23 मार्च, 1977 को मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने। आपसी फूट के कारण अल्प मत में आई मोरार जी देसाई की सरकार ने 15 जुलाई, 1979 को त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद इन्दिरा गांधी (कांग्रेस) के समर्थन से चरण सिंह प्रधानमंत्री बने किन्तु 20 अगस्त, 1979 को विश्वास मत प्राप्त करने के पूर्व ही कांग्रेस द्वारा समर्थन वापसी की घोषणा के कारण चरण सिंह को लोकसभा का सामना किए बिना ही त्यागपत्र देना पड़ा। भाजपा द्वारा समर्थन वापस लिए जाने से वी.पी. सिंह की सरकार नवम्बर, 1990 में गिर गई तथा 10 नवम्बर, 1990 को कांग्रेस के बाहरी समर्थन से श्री चन्द्रशेखर प्रधानमंत्री बने परन्तु 5 मार्च, 1991 को कांग्रेस द्वारा समर्थन वापसी के कारण चन्द्रशेखर सरकार का भी पतन हो गया। इसी प्रकार जून 1996 को कांग्रेस तथा माकपा के बाह्य समर्थन से एच.डी. देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने परन्तु 30 मार्च, 1997 को कांग्रेस द्वारा समर्थन वापसी से देवगौड़ा सरकार का भी पतन हो गया था।
**(स्रोत- आधुनिक भारत का इतिहास - बी.एल. ग्रोवर)**

**23. निम्नलिखित घटनाएं किस कालानुक्रम में घटित हुई?**
(a) चौरी चौरा की घटना (b) जलियाँवाला बाग हत्याकांड
(c) रौलेट सत्याग्रह (d) चम्पारन सत्याग्रह
(a) A, B, C, D (b) B, C, D, A
(c) D, C, B, A (d) C, B, D, A

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान घटित इन घटनाओं का कालक्रम निम्नलिखित है- चम्पारन सत्याग्रह 1917 ई. में बिहार नील कृषकों के शोषण के विरुद्ध महात्मा गांधी ने चलाया। 1915 ई. में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने पर यह गांधी जी का पहला सत्याग्रह था। रौलट सत्याग्रह 8 मार्च, 1919 को लागू किए गए। रौलट एक्ट जिसे 'काला कानून' की संज्ञा दी जाती है, के विरोध में गांधी जी द्वारा 6 अप्रैल, 1919 को आरम्भ किया गया। जनरल डायर द्वारा पंजाब के अमृतसर में 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड कराया गया, जिसकी जांच हेतु हण्टर कमेटी का गठन हुआ था। चौरी-चौरा घटना गोरखपुर (उ. प्र.) में 5 फरवरी, 1992 को घटी जिसके विरोध मे गांधी जी ने 12 फरवरी, 1922 को असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया था।
**(स्रोत-बृहद भारत का इतिहास-दत्त, मजूमदार, राय चौधरी)**

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**24. चौराबड़ी ग्लेशियर स्थित है-**
(a) केदारनाथ मंदिर के दक्षिण में
(b) केदारनाथ मंदिर के पश्चिम में
(c) केदारनाथ मंदिर के उत्तर में
(d) केदारनाथ मंदिर के पूर्व में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–चौराबाड़ी ग्लेशियर (हिमनद) उत्तरांचल चमोली जनपद में स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ तीर्थ स्थल (मंदिर) के पश्चिम में मंदाकिनी नदी में है। मंदाकिनी नदी के इस ग्लेशियर की कुल लम्बाई 14 किमी. है। **(स्रोत- भारत का भूगोल- एल.एल. ओझा)**

**25. निम्नांकित नदियों में से कौन सी एक उत्तर प्रदेश से नहीं गुजरती है?**
(a) गंगा (b) यमुना
(c) रामगंगा (d) झेलम

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–झेलम नदी का उद्गम स्थल बेरेनाग (कश्मीर) के समीप स्थित शेषनाग झील है। किशनगंगा इसकी सहायक नदी है। कश्मीर में इसका प्रवाह 400 किमी. है। इसके आगे यह नदी पाकिस्तान में प्रवेश करती है और चिनाव नदी में मिल जाती है। इस प्रकार झेलम नदी का प्रवाह उत्तर प्रदेश में नहीं है। शेष तीनों गंगा, यमुना तथा रामगंगा नदियाँ उत्तर प्रदेश से होकर बहती है।
**(स्रोत- भारत का इतिहास - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

**26. सारनाथ स्थित है-**
(a) केरल में (b) महाराष्ट्र में
(c) गुजरात में (d) उत्तर प्रदेश में

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–'सारनाथ' उत्तर प्रदेश में वाराणसी के समीप स्थित है। इसी स्थान पर गौतम बुद्ध ने पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को अपना प्रथम उपदेश दिया था, जिसे **''धर्मचक्र प्रवर्तन''** के नाम से जाना जाता है। सारनाथ को 'ऋषिपत्तनम या मृगदाव के नाम से भी जाना जाता है। सारनाथ में मौर्य सम्राट अशोक महान ने ईंट से 128 फिट ऊँचे धमेख (धर्मराजिक) बौद्ध स्तूप का निर्माण कराया था। भारत का राष्ट्रीय चिन्ह सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तम्भ की शीर्ष अनुकृति है। इसे भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1950 को राष्ट्र चिन्ह के रूप में अपनाया।
**(स्रोत- प्राचीन भारत का इतिहास - के.सी. श्रीवास्तव)**

## मानसून, वन मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ एवं कृषि

**27. निम्नांकित में से गेहूँ की फसल का कौन सा रोग है?**
(a) रस्ट (b) ब्लास्ट
(c) टिक्का (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–'रस्ट' (Rust) अथवा गेरुई या रतुआ गेहूँ का प्रमुख रोग है। कन्डुआ, सेहूँ, झुलसा तथा करनाल बन्ट गेहूँ की फसल के अन्य प्रमुख रोग है। टिक्का, मूँगफली का प्रमुख रोग है तथा 'रेड राट' गन्ने का मुख्य रोग है। ब्लास्ट या झौका एवं खैरा धान की फसल के मुख्य रोग हैं। **( स्रोत-N.C.E.R.T. )**

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**28. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?**
(a) बैलाडिला - मध्य प्रदेश (b) केमानगुण्डी - कर्नाटक
(c) सिंहभूमि - झारखंड (d) मयूरभंज - उड़ीसा
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–'बैलाडीला' में लौह इस्पात की प्रसिद्ध खदानें हैं जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है। केमानगुण्डी कर्नाटक में, सिंहभूमि झारखंड में तथा मयूरभंज उड़ीसा में प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक क्षेत्र हैं।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया )**

**29. भारत में पेट्रोलियम का अग्रणी उत्पादक राज्य है-**
(a) असम (b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–भारत में पेट्रोलियम का अग्रणी उत्पादक राज्य गुजरात है यहाँ देश के कुल तेल उत्पादन का 22% भाग उत्पादित किया जाता है। गुजरात के तेल उत्पादक क्षेत्र- **अंकलेश्वर, लुनेज तथा कलोल, बड़ौदा, भड़ौच, सूरत, मेहसाना, खेड़ा हैं।** असम के डिगबोई, सूरमा घाटी तथा ब्रह्मपुत्र घाटी के तेल क्षेत्रों से कुल तेल उत्पादन का 19% तेल उत्पादित होता है। असम का डिगबोई देश का सबसे प्राचीन तेल उत्पादक क्षेत्र है। गुजरात तथा असम के तेल क्षेत्र अभितटीय (स्थलीय) तेल क्षेत्र है। महाराष्ट्र का समुद्री क्षेत्र बाम्बे हाई अपतटीय तेल क्षेत्र के अंतर्गत आता है, इसे महाराष्ट्र का उत्पादक क्षेत्र नहीं माना जाता। बाम्बे हाई देश का सर्वाधिक खनिज तेल उत्पादक क्षेत्र है जो अरब सागर में स्थित है।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया )**

**30. भारत में निम्न में से कौन एक कोयले का सबसे बड़ा उत्पादक है?**
(a) आंध्र प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) उड़ीसा (d) पश्चिम
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–दिए गए राज्यों में से भारत का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य झारखण्ड है यहाँ देश के कुल कोयला उत्पादन का 28.1% कोयला उत्पादित होता है। आंध्र प्रदेश में 5.6% तथा मध्य प्रदेश में 17.48% कोयला उत्पादित होता है। देश का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य झारखण्ड (23.4%) है। छत्तीसगढ़ 16.6% कोयला उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर है। कोयला भण्डार की दृष्टि से झारखण्ड, उड़ीसा तथा छत्तीसगढ़ भारत के अग्रणी राज्य हैं।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - बी.एल. चौहान, अलका गौतम )**

**31. निम्नलिखित राज्यों में से कौन एक अभ्रक का उत्पादन नहीं करता है?**
(a) झारखंड (b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान (d) आंध्र प्रदेश
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–म.प्र. में अभ्रक का उत्पादन नहीं होता। अभ्रक के उत्पादन तथा भण्डार की दृष्टि से बिहार प्रथम स्थान पर है। आंध्र प्रदेश देश के कुल उत्पादन का 45.5% प्रतिशत अभ्रक उत्पादित करता है। राजस्थान में 17 प्रतिशत तथा झारखण्ड में 10 प्रतिशत अभ्रक का उत्पादन होता है। अग्रणी उत्पादक राज्य झारखण्ड में चाकल, धाव, टिसरी, गिरडीट क्षेमाचल।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - अलका गौतम )**

**32. निम्नलिखित में से कौन सा एक सुमेलित नहीं है?**
(a) रामागुण्डम - उर्वरक (b) चितरंजन - लोकोमोटिव
(c) कोरबा - एल्युमिनियम (d) पिम्परी - कीटनाशक दवाएं
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–**'पिम्परी'** जो पुणे (महाराष्ट्र) के पास स्थित है, एण्टीबायोटिक्स दवाओं के निर्माण हेतु प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त **'ऋषिकेश'** (उत्तरांचल) में भी हिन्दुस्तान एण्टीबायोटिक्स लिमिटेड का केन्द्र है। **'रामागुण्डम्'** तथा **'विशाखापत्तनम'** आंध्र प्रदेश के उर्वरक उद्योग केन्द्र हैं। **'कोरबा'** छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित एल्यूमीनियम का विशाल कारखाना है तथा **'चितरंजन'** पश्चिम बंगाल में स्थित रेलवे लोकोमोटिव है जहाँ पर वाष्प तथा विद्युत के रेल इंजन निर्मित किए जाते हैं।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - एल.एल. ओझा )**

## परिवहन

**33. निम्नलिखित राज्यों को उनके राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
(A) अरुणाचल प्रदेश (B) मिजोरम
(C) नागालैण्ड (D) सिक्किम
**कूट :**
(a) B, A, C, D (b) A, B, C, D
(c) D, C, B, A (d) C, D, A, B
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–दिए गए राज्यों से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई के आधार पर अवरोही क्रम निम्नलिखित है- मिजोरम से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 927 किमी. है। यहाँ से होकर 44ए, 54, 54ए, 54 बी, 150 तथा 154 नम्बर के राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं। अरुणाचल प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 392 किमी. है। यहाँ से राजमार्ग संख्या 52, 52ए तथा 153 गुजरते है। नागालैण्ड से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों- 36, 39, 61 तथा 150 की कुल लम्बाई 369 किमी. तथा सिक्किम से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्वया 31ए की कुल लम्बाई 62 किमी. है।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया )**

**34. भारत में कोयले को संचालित करने वाला बारहवाँ प्रमुख पत्तन विकसित हो रहा है-**
(a) चेन्नई के निकट (b) पारादीप के निकट
(c) काकीनाडा के निकट (d) विशाखापत्तनम् के निकट
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारत में कुल 12 प्रमुख समुद्री बन्दरगाह तथा 185 छोटे बन्दरगाह हैं। प्रमुख बन्दरगाह की सीधी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है तथा छोटे एवं मझोले बन्दरगाह संविधान की समवर्ती सूची में आते हैं। तमिलनाडु में बंगाल की खाड़ी के तट पर चेन्नई के निकट स्थित 'एन्नौर' भारत का बारहवाँ बन्दरगाह (पत्तन) है जहाँ से कोयले का संचालन होता है। एन्नौर देश का प्रथम निगमित एवं सैटेलाइट बन्दरगाह है। जबकि परादीप बन्दरगाह उड़ीसा में, काकीनाडा गुजरात तथा विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश में स्थित बन्दरगाह है। विशाखापत्तनम देश का सबसे गहरा बन्दरगाह है।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया )**

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल

**35. सूर्य के निकटतम् ग्रह है-**

(a) बुध (b) पृथ्वी
(c) शुक्र (d) प्लूटो

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–बुध, सूर्य से सबसे निकटतम् ग्रह है। सूर्य के सर्वाधिक नजदीक होने के कारण इसका दैनिक तापान्तर सर्वाधिक है। यह सूर्य की सबसे कम समय (८८ दिन) में परिक्रमा पूरी करता है। ग्रीक लोग इसे **'अपोलो'** नाम से जानते हैं। बुध और शुक्र के कोई उपग्रह नहीं हैं। यह सौर मण्डल का दूसरा सबसे छोटा ग्रह है जो वर्ष में केवल तीन बार दिखाई देता है। सूर्य से दूरी के बढ़ते क्रम में ग्रहों की स्थिति निम्न है- बुध (मरकरी), शुक्र (वीनस), पृथ्वी (अर्थ), मंगल (मार्स), बृहस्पति (जूपिटर) आदि। इस प्रकार सूर्य से दूरी के क्रम में शुक्र और पृथ्वी का दूसरा व तीसरा स्थान है। प्लूटो सौर मण्डल का सबसे छोटा ग्रह है।
**(स्रोत- विश्व का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

**36. पृथ्वी के तरल अभ्यन्तर से भिन्न चन्द्रमा का अभ्यन्तर है-**

(a) प्लाज्मा (b) वाष्पीकरण गैस
(c) श्यान द्रव (d) ठोस

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–चन्द्रमा, पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है। इसे जीवाश्म ग्रह (Fossil Planet) की संज्ञा दी जाती है। चन्द्रमा का अभ्यन्तर (आंतरिक भाग), पृथ्वी के तरल अभ्यन्तर की अपेक्षा श्यान द्रव है। चन्द्रमा की भूपर्पट्टी में ऑक्सीजन तथा सिलिकेट पाया जाता है। चन्द्रमा पर पृथ्वी सदृश वायुमण्डल का अभाव है जिससे यहाँ पर मौसमी क्रियाओं-वर्षा, बादल, कुहासा आदि का अभाव पाया जाता है। 20 जुलाई, 1969 ई. में नील आर्मस्ट्रांग तथा उसके साथी एल्ड्रिन ने चन्द्रमा पर कदम रखा था। **(स्रोत- N.C.E.R.T.)**

**37. बृहस्पति का वलय होता है-**

(a) सिलिकेटो का बना हुआ (b) अस्तित्वविहीन
(c) बहुत घना एवं अपारदर्शक (d) उपरोक्त सभी

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–'बृहस्पति' (Jupiter) सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह अपने अक्ष पर सौर मण्डल का सर्वाधिक तेज गति से घूर्णन करने वाला ग्रह है। वलय (छल्ले) शनि ग्रह में पाए गए है। बृहस्पति में वलय नहीं है। इस तारा सदृश ग्रह को 'मास्टर ऑफ गाड्स' की संज्ञा दी जाती है। गैनीमेड (सौरमण्डल का सबसे बड़ा उपग्रह) यूरोपा, कैलिस्टो आदि बृहस्पति के कुल 16 उपग्रह हैं।
**(स्रोत- विश्व का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

## स्थल मण्डल

**38. कथन (A):** भूमध्य सागरीय प्रदेशों में जाड़ों में वर्षा होती है।

**कारण (R):** जाड़े में यहाँ पछुआ हवाएँ चलती है।

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए-**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–पछुआ पवनों के द्वारा भूमध्य सागरीय प्रदेशों में जाड़ों की वर्षा होती है। भारत में जाड़े की वर्षा तमिलनाडु तथा कर्नाटक में लौटते हुए पछुवा हवाओं से होती है। इसको आम्र वर्षा कहा जाता है। **(स्रोत- भारत का भूगोल - एस. ए. ओझा)**

**39. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित है?**

(a) आर्द्र शीत ऋतु-शुष्क ग्रीष्म ऋतु - इटली
(b) वर्ष भर आर्द्र - सूडान
(c) आर्द्र ग्रीष्म ऋतु-शुष्क शीत ऋतु - ईरान
(d) वर्ष भर शुष्क - चिली

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–इटली यूरोप के दक्षिणी भाग में स्थित एक प्रायद्वीपीय देश है। यह उत्तर में स्विट्जरलैण्ड, आस्ट्रिया और पूर्व में एड्रियाटिक सागर तथा टिरहैनियन सागर द्वारा घिरा हुआ है। यहाँ की जलवायु भारत जैसी है। यहाँ की शीत ऋतु आर्द्र तथा ग्रीष्म ऋतु शुष्क होती है। भारत की तरह इटली भी कृषि प्रधान देश है इसी कारण इसे 'यूरोप का भारत' भी कहते हैं।
**(स्रोत- विश्व का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

**40. माउंट टिटलिस स्थित है-**

(a) जर्मनी में (b) फ्रांस में
(c) स्विट्जरलैंड (d) संयुक्त राज्य अमेरिका में

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–माउण्ट टिटलिस ज्वालामुखी पर्वत स्विट्जरलैण्ड (यूरोपीय देश) में स्थित है। जर्मनी में ब्लैक पर्वत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में राकीज पर्वतमाला पायी जाती है। **(स्रोत- N.C.E.R.T)**

**41. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित है?**

(a) हैम्बर्ग - एल्ब नदी (b) बेलग्रेड - सीन नदी
(c) कीव - डान नदी (d) लाहौर - सतलज नदी

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–जर्मनी का प्रसिद्ध औद्योगिक नगर **हैम्बर्ग एल्ब** नदी के तट पर स्थित है। जबकि पूर्व यूगोस्लाविया का राजधानी नगर बेलग्रेड डेन्यूब नदी के किनारे 'कीव' नीपर नदी के किनारे तथा पाकिस्तान का नगर लाहौर राबी नदी के किनारे स्थित है। फ्रांस की राजधानी पेरिस सीन नदी के किनारे स्थित नगर है।
**(स्रोत- विश्व का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

**42. संयुक्त राज्य अमेरिका के किस राज्य को 'ब्लू ग्रास स्टेट' भी कहा जाता है?**

(a) कैलिफोर्निया (b) केनटुकी
(c) मॉनटाना (d) टेक्सास

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–संयुक्त राज्य अमेरिका के 'केनटुकी' राज्य को 'ब्लू ग्रास स्टेट' (Blue State) नाम से भी जाना जाता है। सं. रा. अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में फिल्म नगरी 'बालीवुड' स्थित है।
**(स्रोत- विश्व का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

## आर्थिक भूगोल

**43. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है?**

(a) डॉनबास बेसिन - कोयला
(b) मेसाबी रेंज - तांबा
(c) मोसुल - खनिज तेल
(d) ट्रांसवाल - सोना

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–मेसाबी रेंज संयुक्त राज्य अमेरिका का लौह अयस्क उत्पादक क्षेत्र है। इसी झील के तट पर स्थित क्लीवलैण्ड एवं बेफलो के कारखाने मेसाबी लौह क्षेत्र तथा अप्लेशियन कोयला क्षेत्र से लोहा और कोयला प्राप्त होता है। मेसाबी रेंज में संयुक्त राज्य अमेरिका के कुल लौह उत्पादन का 60 प्रतिशत लोहा उत्पादित किया जाता है।
**(स्रोत- विश्व का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

**44. निम्नलिखित ऊर्जा में से कौन सी जैविक मात्रा में सर्वाधिक उपयोग की जाती है?**

(a) परमाणु ऊर्जा (b) सौर ऊर्जा
(c) भू-ऊष्मा ऊर्जा (d) ज्वारीय ऊर्जा

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–सौर ऊर्जा का सर्वाधिक उपयोग बायोमास (जैविक भार) ऊर्जा के उत्पादन में किया जाता है। जलीय पौधे, शैवाल के साथ कृषि व वन के अवशेष जैसे भूसा, डठंल, जड़ें, छाल, बुरादा, मल और चीनी व एल्कोहलिक उद्योगों के अवशिष्ट पदार्थ बायोमास के अन्दर आते हैं। सूर्य से प्रकाश संश्लेषण की क्रिया से इन सभी पदार्थों से ऊर्जा उत्पन्न होती है। मानव की आधी आबादी ऊर्जा के लिए बायोमास पर ही निर्भर है। बायोमास ठोस, द्रव या गैस हो सकती है जो जलने पर ऊर्जा उत्पन्न करती है। लकड़ी, कोयला, गोबर, पीट आदि ठोस बायोमास मिथेनाल, एथेनाल द्रव बायोमास तथा पशुओं के उत्सर्जित पदार्थों से निर्मित गोबर गैस संयंत्र से निकली मीथेन बायोमास गैस के उदाहरण हैं।

## मानव भूगोल एवं मानचित्रावली

**45. नगरीकरण और औद्योगिकरण हानिकारक है-**

(a) सन्तुलित विकास के लिए
(b) पर्यावरण और पारिस्थितिकी के लिए
(c) जैविक विविधता के संरक्षण के लिए
(d) उपरोक्त तीनों के लिए

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–नगरीकरण और औद्योगीकरण का दुष्प्रभाव देश के सभी क्षेत्रों के सन्तुलित विकास, पर्यावरण और पारिस्थितिकी सन्तुलन तथा जैविक विविधता के संरक्षण, तीनों पर पड़ता है। खनिज तेल का जलना, वनों को नष्ट करना, कीट एवं खरपतवार नाशी, रासायनिक उद्योगों की स्थापना, उद्योगों से निकला अवशिष्ट प्रदूषक पदार्थ, नगरीय सीवेज, उद्योगों से उत्सर्जित हरित गृह गैसों से वैश्विक तापन, ओजोन परत का क्षरण करने वाली जहरीली गैसों के उत्सर्जन जैसी नगरीय एवं औद्योगिक गतिविधियों से सन्तुलित विकास, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तथा जैविक विविधता के लिए गंभीर संकट उपस्थित हो गया है।

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**46. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में शिक्षा का प्रतिशत हो गया था-**

(a) 63.38% जनसंख्या का (b) 75.85% जनसंख्या का
(c) 54.16% जनसंख्या का (d) 57.36% जनसंख्या का

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में साक्षरता का प्रतिशत 65.38 हो गया है। यह पिछली 1991 की साक्षरता दर से 13.17 प्रतिशत अधिक है। 2001 की कुल साक्षरता (63.38%) में 75.25% प्रतिशत पुरुष साक्षरता तथा 53.67% प्रतिशत महिला साक्षरता है। साक्षरता की दृष्टि से केरल का देश में प्रथम स्थान है यहाँ की साक्षरता दर 90.92 प्रतिशत है।
**(स्रोत- भारत का भूगोल - अलका गौतम)**

**47. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें 1991-2001 के मध्य जनसंख्या की दशकीय वृद्धि सर्वाधिक रही है?**

(a) मणिपुर (b) मेघालय
(c) नागालैंड (d) सिक्किम

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–सन् 2001 के जनगणना आँकड़ों के अनुसार 1991-2001 के दशक में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि सर्वाधिक 64.53 प्रतिशत नागालैण्ड में रही। इसके पश्चात् सिक्किम में 3306 प्रतिशत, मणिपुर में 29.86 प्रतिशत तथा मेघालय में 30.65 प्रतिशत जनसंख्या की दशकीय वृद्धि रिकार्ड की गई। जबकि 1991-2001 में सम्पूर्ण भारत की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 21.34 प्रतिशत थी जो पिछले 1981-1991 की दशकीय जनसंख्या वृद्धि (23.86%) से 2.52 प्रतिशत कम है।
**(स्रोत- भारत का भूगोल - अलका गौतम)**

**48. 2001 की जनगणना के आधार पर भारत में 35 दस लाख की जनसंख्या वाले नगर हैं। जिनमें से उत्तर प्रदेश में है-**

(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 6

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–वर्ष 2001 की जनगणना आंकड़ों के अनुसार भारत में दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले कुल 35 महानगर हैं। इन 35 महानगरों में से 6 नगर उत्तर प्रदेश में है। इनमें उत्तर का सर्वाधिक (2690486) जनसंख्या वाला नगर कानपुर है। इसके बाद लखनऊ (2266933), वाराणसी (1211749), आगरा (1321410), मेरठ (1167339) तथा इलाहाबाद (1049579) नगरों की जनसंख्या 10 लाख से अधिक है।
**(स्रोत- भारत का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया)**

**49. अवरोही क्रम में 2001 की जनगणना की, जनसंख्या के आकार के आधार पर मेट्रोपोलिटन नगरों का सही क्रम है-**

(a) दिल्ली, बृहत्तर मुम्बई, कोलकाता, अहमदाबाद
(b) चेन्नई, कोलकाता, बृहत्तर मुम्बई, दिल्ली
(c) कोलकाता, बृहत्तर मुम्बई, चेन्नई, हैदराबाद
(d) बृहत्तर मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, बंगलौर

**उत्तर**–(*)

**व्याख्या**–प्रश्न में दिए गए सभी विकल्प गलत हैं। सन् 2001 के जनगणना आंकड़ों के अनुसार भारत के मेट्रोपोलिटन नगरों की आबादी का सही अवरोही क्रम निम्नलिखित है-बृहत्तर मुम्बई (16368084), कोलकाता (13216546), दिल्ली (12791458), चेन्नई (6424624), बंगलौर (5686844), हैदराबाद (5533640) तथा अहमदाबाद (4519278)।
सन् 2011 के जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत के मेट्रोपोलिटन नगरों की आबादी का सही अवरोही क्रम निम्नलिखित है-वृहत्तर मुम्बई (18.41 मिलियन), दिल्ली (16.31 मिलियन), बंगलुरु (8.50 मिलियिन), हैदराबाद (7.74 मिलियन) तथा अहमदाबाद (6.435 मिलियन) है।
**(स्रोत- भारत का भूगोल - अलका गौतम)**

**50. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत का सबसे कम नगरीकृत राज्य है-**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) असम
(c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तरांचल

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–सन् 2001 के जनगणना आँकड़ों के अनुसार भारत में न्यूनतम नगरीय जनसंख्या वाले राज्यों का अवरोही क्रम निम्नलिखित है-हिमांचल प्रदेश (9.79%), बिहार (10.47%), सिक्किम (11.10%) तथा असम (12.72%)। इस प्रकार भारत का न्यूनतम नगरीकृत राज्य हिमांचल प्रदेश है। जहाँ की कुल जनसंख्या का केवल 9.79 प्रतिशत भाग ही नगरों में रहता है।
**(स्रोत- जनगणना - 2001)**

**51. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?**

(a) 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में कुल 35 नगर 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले हैं।
(b) मुम्बई भारत का सबसे बड़ा 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाला नगर है।

(c) उत्तर प्रदेश में केवल कवाल (KAVAL) नगर ही 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगर हैं।
(d) उत्तरी-पूर्वी राज्यों में कोई नगर 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाला नहीं है।

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की संख्या 6 है, इनमें कवाल नगरों-कानपुर, आगरा, वाराणसी, इलाहाबाद, लखनऊ के अतिरिक्त मेरठ नगर भी शामिल हैं। मुम्बई 16368084 जनसंख्या के साथ भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला मेगा शहर है।
**( स्रोत- भारत का भूगोल - डा. चतुर्भुज मामोरिया )**

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## संघ व राज्य की कार्यपालिका एवं आपात उपबन्ध

**52. आपातकाल की घोषणा को संसद के समक्ष उसकी स्वीकृति हेतु रखा जाना आवश्यक है-**
(a) एक माह के अंदर (b) दो माह के अंदर
(c) एक वर्ष के अंदर (d) छः माह के अंदर

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 यह उपबंधित करता है कि यदि राष्ट्रपति को इस बात का समाधान हो जाए कि युद्ध या वाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से भारत या उसके किसी भाग की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है या ऐसा संकट सन्निकट है, तो वह सम्पूर्ण भारत या उसके किसी भाग के सम्बन्ध में आपात की उद्घोषणा कर सकता है। राष्ट्रपति द्वारा ऐसी उद्घोषणा केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की लिखित सिफारिश पर की जाएगी। राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष एक माह (30 दिन) के अंदर स्वीकृति हेतु रखा जाना तथा संसद द्वारा विशेष बहुमत से इसी समयावधि के भीतर अनुमोदित किया जाना आवश्यक होता है। ऐसा न होने पर यह उद्घोषणा प्रवर्तन में नहीं रहेगी। संसद द्वारा अनुमोदित हो जाने पर उद्घोषणा 6 माह तक प्रवर्तन में रहेगी।
**( स्रोत- भारत का संविधान - डी.डी. बसु )**

**53. निम्नांकित में से कौन सा एक संविधान का अंग नहीं है?**
(a) निर्वाचन आयोग (b) वित्त आयोग
(c) अन्तर्राज्य परिषद (d) योजना आयोग

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–योजना आयोग की स्थापना केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के प्रस्ताव पर 15 मार्च, सन् 1950 के एक संविधानेत्तर निकाय के रूप में की गई थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य देश के आर्थिक संसाधनों तथा पहलुओं का आंकलन और विश्लेषण करते हुए व्यापक योजनाओं का निर्माण करना था। इसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। इसमें एक उपाध्यक्ष, तीन पूर्णकालिक सदस्य तथा केन्द्रीय गृहमंत्री, रक्षामंत्री एवं वित्तमंत्री इसके अंशकालिक सदस्य होते हैं। योजना आयोग एक परामर्श दात्री संस्था है जिसका प्रमुख कार्य पंचवर्षीय योजनाओं का विस्तृत प्रारूप तैयार करना है। निर्वाचन आयोग का गठन 1950 ई. में संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत किया गया। केन्द्र और राज्यों के बीच कर-राजस्व के बँटवारे के लिए वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत किया गया। केन्द्र तथा राज्यों अथवा राज्यों के बीच विवादों को निपटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 263 के अधीन राष्ट्रपति अन्तर्राज्यीय परिषद का गठन करता है। 1990 में सर्वप्रथम इस परिषद का गठन हुआ था। इस प्रकार निर्वाचन आयोग, वित्त आयोग तथा अन्तर्राज्यीय परिषद तीनों संवैधानिक निकाय हैं, जबकि योजना आयोग संविधान का अंग नहीं है। **( स्रोत- भारत का संविधान - सुभाष कश्यप )**

**54. निम्नांकित में से भारत के किस मुख्य न्यायाधीश ने राष्ट्रपति के रूप में भी काम किया-**
(a) जस्टिस एम. हिदायतुल्लाह (b) जस्टिस मेहर चंद महाजन
(c) जस्टिस पी.एन. भगवती (d) जस्टिस बी.के. मुखर्जी

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या**–भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एम. हिदायतुल्ला ने एक बार राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। कार्यकारी राष्ट्रपति वी.वी. गिरि द्वारा राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने हेतु त्यागपत्र देने के बाद 20 जुलाई, 1969 से 24 अगस्त, 1969 तक न्यायमूर्ति हिदायतुल्ला ने राष्ट्रपति के कर्तव्यों का निर्वहन किया था। जस्टिस पी.एन. भगवती ने भारत में जनहितवाद (Public Interest Litigation PIL) की शुरुआत किया।
**( स्रोत- भारत का संविधान - जे.एन. पाण्डेय )**

**55. भारत के उपराष्ट्रपति को पदच्युत करने का प्रस्ताव प्रस्तावित किया जा सकता है-**
(a) केवल लोकसभा में (b) संसद के किसी भी सदन में
(c) संसद की संयुक्त बैठक में (d) केवल राज्यसभा में

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पद ग्रहण की तिथि से पांच वर्ष की अवधि तक होगा। परन्तु कार्यकाल के दौरान यह निम्नलिखित रीति से स्वयं हट सकता है अथवा हटाया जा सकता है- (1) राष्ट्रपति को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा त्यागपत्र देकर, (2) राज्य सभा के संकल्प द्वारा जिसे राज्य सभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित किया गया है और जिससे लोक सभा सहमत है, उपराष्ट्रपति को पद से हटाया जा सकता है। इस प्रकार राष्ट्रपति को पदच्युत करने का प्रस्ताव (संकल्प) केवल राज्य सभा में प्रस्तावित किया जा सकता है परन्तु इस प्रकार के संकल्प को राज्य सभा में प्रस्तावित करने से 14 दिन पूर्व उपराष्ट्रपति को इसकी सूचना देना आवश्यक है।
**( स्रोत- भारत का संविधान - जे. एन. पाण्डेय )**

## विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

**56. भारतीय संसद की सम्प्रभुता प्रतिबंधित है-**
(a) भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों से
(b) न्यायिक समीक्षा से
(c) विपक्षी दल के नेता से
(d) भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियों से

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–इंग्लैण्ड जहाँ पर संसदीय सम्प्रभुता (सर्वोच्चता) का सिद्धांत लागू है, के विपरीत भारत में संसदीय शासन व्यवस्था लागू करते हुए भी संसदीय प्रभुता को स्वीकार नहीं किया गया। भारत में न्यायिक सर्वोच्चता के सिद्धांत को संविधान निर्माताओं द्वारा लागू किया गया है। अमरीकी संघ की भाँति भारत का सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों को संविधान के अनुच्छेद 13, 32, 137 तथा 226 के अंतर्गत संसद तथा राज्य विधानमण्डलों द्वारा बनाए गए कानूनों की संवैधानिक वैधता की न्यायिक समीक्षा करने का अधिकार प्राप्त है। न्यायिक पुनर्विलोकन की इसी शक्ति से संसद की सम्प्रभुता प्रतिबंधित तथा सीमित होती है।
**( स्रोत- भारत का संविधान - सुभाष कश्यप )**

**57. लोकसभा और राज्य सभा में गणपूर्ति संख्या है-**
(a) कुल सदस्य संख्या का 1/5
(b) कुल सदस्य संख्या का 1/6
(c) कुल सदस्य संख्या का 1/10
(d) कुल सदस्य संख्या का 1/8

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या**–भारत के संविधान के अनुच्छेद 100 के उपखण्ड (3) के अनुसार जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करें तब तक संसद (लोक सभा तथा राज्य सभा) के प्रत्येक सदन का अधिवेशन संचालित करने के लिए 'गणपूर्ति' सदन के कुल सदस्य संख्या का दसवां भाग (1/10) होगी। संविधान के अनुच्छेद 100(4) के अनुसार सदन के अधिवेशन संचालन हेतु आवश्यक गणपूर्ति के अभाव में सभापति अथवा अध्यक्ष या उस रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि वह सदन को स्थापित कर दे या अधिवेशन को तब तक के लिए निलम्बित कर दे जब तक 'गणपूर्ति' नहीं हो जाती है। संविधान के अनुच्छेद 189 में राज्य विधान मण्डल (विधान सभा और विधान परिषद) के अधिवेशन को संचालित करने हेतु गणपूर्ति दस सदस्य या सदन के सदस्यों की कुल संख्या या दसवां भाग, इनमें से जो अधिक हो, होगी।
**( स्रोत- भारत का संविधान - डी.डी. बसु )**

## संघ-राज्य संबंध, प्रशासन एवं जम्मू-कश्मीर राज्य

**58. सरकारिया आयोग की सिफारिशों का संबंध है-**
(a) राजस्व वितरण से
(b) भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों एवं कार्यों से
(c) संसद की सदस्यता से
(d) केन्द्र और राज्यों के संबंधों से
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–केन्द्र तथा राज्य सम्बन्धों पर विचार करने के लिए सन् 1983 में न्यायमूर्ति आर.एस. सरकारिया की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया था। इस समिति ने 1987 में अपनी 1600 पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। आयोग ने केन्द्र तथा राज्यों के विधायी व वित्तीय सम्बन्धों, राज्यपाल की नियुक्ति तथा राज्यों में राष्ट्रपति शासन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सिफारिशें दी। परन्तु सरकारिया आयोग के सुझावों को आज तक ईमानदारी से लागू न किए जाने के कारण समय-समय पर संवैधानिक विवाद खड़े होते हैं। सरकारिया आयोग के अन्य दो सदस्य थे-वी. शिवराम एवं एस.आर. सेन। **( स्रोत- N.C.E.R.T. )**

## पंचायती राजव्यवस्था, संविधान संशोधन एवं अनुसूचियां

**59. निम्नलिखित भारतीय संविधान के संशोधनों में से कौन सा संशोधन केन्द्रीय मंत्रिमंडल के आकार को सीमित करता है?**
(a) 78वां संशोधन (b) 91वां संशोधन
(c) 88वां संशोधन (d) 90वां संशोधन
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–संसद द्वारा दल-बदल को नियंत्रित करने तथा केन्द्रीय मंत्रिमण्डल एवं राज्यों के मंत्रिमण्डलों के आकार को सीमित करने के लिए 91वाँ संविधान संशोधन 2003 पारित किया गया। इस संशोधन अधिनियम के अनुसार केन्द्र तथा राज्यों में मंत्रिपरिषद का आकार क्रमशः लोकसभा तथा राज्य विधान सभाओं की कुल सदस्य संख्या के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। परन्तु मिजोरम व सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के लिए मंत्रि परिषद की न्यूनतम संख्या 12 निश्चित की गई है। इस संशोधन अधिनियम के द्वारा 52वें संविधान संशोधन 1985 के तीसरे परिच्छेद को हटा दिया गया है जिसमें एक तिहाई सदस्यों के साथ दल-बदल करने वाले सदस्यों को लाभ का राजनीतिक पद प्राप्त करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया।
**( स्रोत- भारत का संविधान - जे.एन. पाण्डेय )**

**60. भारत के संविधान के 73वें संशोधन का संबंध है-**
(a) केन्द्र और राज्यों के संबंधों से
(b) सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों से
(c) संसद सदस्यों के वेतन एवं विशेषाधिकारों से
(d) पंचायती राज व्यवस्था से
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या**–73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के द्वारा संविधान में एक नया भाग (भाग 9) और 16 नए अनुच्छेद तथा एक नई अनुसूची (ग्यारहवीं अनुसूची) जोड़ी गई है। इस संशोधन अधिनियम के द्वारा पंचायतों के गठन, संरचना, निर्वाचन, सदस्यों की अर्हताएं एवं निरर्हताएं, पंचायतों की शक्तियों, प्राधिकार तथा उत्तरदायित्व आदि से सम्बन्धित प्रावधान किए गए हैं। नई 11वीं अनुसूची में पंचायती राज व्यवस्था में कुल 29 विषयों को समाविष्ट किया गया है। 23 अप्रैल, 1994 से सम्पूर्ण देश में नया पंचायत राज अधिनियम लागू हो गया। 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान करके संविधान के अनुच्छेद 40 के निर्देशक तत्व को लागू किया गया है।
**( स्रोत- भारत का संविधान - सुभाष कश्यप )**

**61. लड़कियों के लिए भारत में विवाह की विधिक न्यूनतम आयु क्या है?**
(a) 16 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 21 वर्ष (d) 23 वर्ष
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–वयस्कता अधिनियम के द्वारा भारत में लड़कियों के लिए विधिक न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे कम आयु में शादी करना कानूनन अपराध है। भारत में मतदान के लिए भी न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। **( स्रोत- N.C.E.R.T. )**

# अर्थव्यवस्था

## विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

**62. जनपद प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम का आरंभ हुआ-**
(a) 1991 में (b) 1994 में
(c) 1996 में (d) 1999 में
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या**–प्राथमिक शिक्षा को सर्वव्यापी बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए 1994 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। इसे राज्य स्तर पर पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से लागू किया जाता है। यह कार्यक्रम 1994 में सात राज्यों के 42 जिलों में शुरु किया गया जो अब 18 राज्यों के 273 जिलों में फैल चुका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराना, प्राथमिक शिक्षा अधूरी छोड़ देने वाले बच्चों की दर 10 प्रतिशत से कम करना, प्राथमिक स्कूलों के बच्चों के सीखने-समझने के स्तर में 25 प्रतिशत वृद्धि करना तथा लड़के-लड़कियों के सामाजिक भेदभाव को 5 प्रतिशत से भी कम करना है।
**( स्रोत- भारतीय अर्थव्यवस्था - मिश्रा एवं पुरी )**

## गरीबी एवं बेरोजगारी

**63. विश्व में लिंग अनुपात घटने का डर भविष्य में निम्न के बढ़ने से है-**
(a) शहरीकरण (b) जीवन प्रत्याशा
(c) लिंग निर्धारण के परीक्षण (d) महिलाओं का स्तर
**उत्तर**–(c)